RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित



# हमारा महानगर

नवरात्रि के तीसरे दिन
मां चंद्रघंटा की पूजा पेज-8

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 249 ■ मुंबई, मंगलवार 1 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



योगी सरकार के उत्कृष्ट आठ साल

पेज-4



अब कोई आफताब किसी श्रद्धा के टुकड़े नहीं कर सकता : सीएम धामी

पेज-6



19 साल के मेन्सिक ने जीता मियामी ओपन का खिताब

पेज-9



ईद पर सायरा बानो को याद आए दिलीप साहब

पेज-10

## Short News एक नजर

### 19 को दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज का उद्घाटन

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर की वादियों में पहली वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है। नई शुरू होने वाली इस जम्मू-कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को कटरा से हरी झंडी दिखाएंगे और इसके साथ ही 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल संपर्क परियोजना भी पूरी हो जाएगी। अधिकारियों ने ट्रेन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शुरुआत में इसका संचालन कटरा से ही किया जाएगा क्योंकि अभी जम्मू रेलवे स्टेशन पर मरम्मत और नवीनीकरण का काम चल रहा है।

### बंगाल में दंगा भड़काना चाहते हैं कुछ लोग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को लोगों से सांप्रदायिक दंगों को बढ़ावा देने वाले उकसावे में नहीं आने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के निवासियों के साथ खड़ी है और कोई भी राज्य में तनाव नहीं पैदा कर सकता। कोलकाता के रेड रोड पर ईद के कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ लोग दंगों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को उकसाने का काम कर रहे हैं, लेकिन कृपया इन जाल में न फंसें। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार हमेशा अल्पसंख्यकों के साथ खड़ी रहेगी।

### दिल्ली में नाबालिग ने कार से बच्ची को कुचला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में गली में खेल रही 2 साल की बच्ची को कार से कुचलने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। कार एक पड़ोसी की थी, जिसे 15 साल का नाबालिग चला रहा था। यह घटना रविवार शाम को करीब सवा छह बजे पहाड़गंज के राम नगर में हुई। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने आरोपी नाबालिग लड़के के पिता पंकज अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की कार जब्त कर ली गई है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हुंडई वेन्यू कार 15 साल का एक लड़का चला रहा था।

### अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में आग

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम-अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली 19483 बरौनी एक्सप्रेस के पीछे वाले कोच में नर्मदापुरम के सिवनी मालवा तहसील के ग्राम खुटवासा स्टेशन के पास आग लग गई। बताया जा रहा है कि घटना शाम 4 बजे खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की है। अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद गार्ड ने धुआं देखा। सूचना देकर तत्काल ट्रेन रुकवाई। आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के रुकते ही यात्री नीचे उतर गए। जांच में पता चला कि ट्रेन की सबसे पीछे वाली बोगी लगेज और जनरेटर वाले हिस्से में आग लग गई थी।

# राउत के दावे पर सीएम फडणवीस का करारा जवाब

## अभी कई साल काम करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर शिवसेना उबाठा सांसद संजय राउत ने नया शिगूफा छोड़ दिया है। उन्होंने दावा कि पीएम मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से होगा और वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से तय किया जाएगा। राउत के बयान को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी के उत्तराधिकारी को तलाशने की कोई जरूरत नहीं है। वे कई साल तक काम कर सकते हैं। सोमवार को जब पत्रकारों से संजय राउत से सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराधिकारी कौन होगा? तो उन्होंने कहा कि इस बारे में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ निर्णय लेगा, इसलिए संघ ने मोदी को नागपुर बुलाया और उनसे चर्चा की। क्या मोदी का उत्तराधिकारी चुनने में रस्साकशी देखने को मिलेगी?



इस सवाल पर राउत ने कहा कि आरएसएस की चर्चा बंद कमरे में होती है। वह बाहर नहीं आती, फिर भी कुछ संकेत मिल रहे हैं। मोदी की राजनीतिक उत्तराधिकारी संघ तय करेगा और वह नेता महाराष्ट्र से होगा। राउत के इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं सक्षम हैं। उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इसलिए मोदी का उत्तराधिकारी खोजने की कोई जरूरत नहीं है। वे कई और वर्षों तक काम कर सकते हैं। देश 2029 में मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देख रहा है। पिता के जीवित रहते उत्तराधिकारी खोजना हमारे देश की परंपरा नहीं है। यह मुगल संस्कृति है और ऐसे उत्तराधिकारी से मेरा कोई संबंध नहीं है। उत्तराधिकार के मुद्दे पर संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने कहा कि अभी उत्तराधिकारी का सवाल कहां हैं? संघ की परंपरा है, उस अनुसार यह होगा। शेष पेज 7 पर

### पिता के रहते उनका उत्तराधिकारी खोजना हमारी परंपरा नहीं

राउत ने दावा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 30 मार्च को नागपुर में राष्ट्रीय आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को यह संदेश देने गए थे कि वह संन्यास ले रहे हैं और पीएम मोदी का उत्तराधिकारी महाराष्ट्र से आएगा। इसके जवाब में फडणवीस ने करारा जवाब देते हुए कहा कि पिता के जीवित रहते हुए उनका उत्तराधिकारी खोजना हमारे देश की परंपरा नहीं है।



## निधि बनीं PM मोदी की प्राइवेट सेक्रेटरी

**वाराणसी।** वाराणसी की रहने वाली IFS अधिकारी निधि तिवारी को पीएम मोदी की प्राइवेट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग ने इस नियुक्ति की सूचना जारी की है। निधि तिवारी 2014 बैच की विदेश सेवा की अधिकारी हैं। वह इससे पहले भी पीएमओ में ही डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर तैनात थीं। 29 मार्च को ही उन्हें पीएम मोदी की प्राइवेट सेक्रेटरी के तौर पर नियुक्त करने का आदेश दे दिया गया था। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्त कमेटी ने आईएफएस अधिकारी निधि तिवारी जो कि प्रधानमंत्री कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी के तौर पर कार्यरत हैं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निजी सचिव के तौर पर नियुक्त करने को मंजूरी दी है। निधि तिवारी को 2022 में पीएमओ में डिप्टी सेक्रेटरी बनाया गया था। इससे पहले वह विदेश मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए काम कर रही थीं।

# कल पेश हो सकता है वक्फ संशोधन बिल

## किरेन रिजिजू बोले- इसकी तैयारी कर रहे

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण चल रहा है। इस चरण की कार्यवाही के भी चार दिन बाकी हैं और अब सरकार वक्फ बिल लाने की तैयारी में है। वक्फ बिल 2 अप्रैल को संसद में आ सकता है। सूत्रों की मानें तो वक्फ बिल 2 अप्रैल को लोकसभा में पेश किया जा सकता है। सरकार अगर 2 अप्रैल को वक्फ बिल संसद में लाती है तो उसे दोनों सदनों से पारित कराने के लिए इस सत्र में केवल दो ही दिन का समय मिलेगा। वक्फ संशोधन विधेयक संसद के पिछले सत्र में लोकसभा में पेश किया गया था। विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के बीच पेश हुए विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया था। वक्फ बिल को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई में जेपीसी गठित



की गई थी। जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली जेपीसी ने बजट सत्र के दौरान ही अपनी रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी थी। इस रिपोर्ट में बीजेपी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के घटक दलों की ओर से दिए गए सुझाव शामिल किए गए हैं। विपक्ष के कई सदस्यों ने डिसेंट नोट दिए हैं।

एनडीए के दो घटक दलों जेडीयू और टीडीपी के रुख की भी चर्चा हो रही है लेकिन माना जा रहा है कि इस बिल को लेकर दोनों दलों की चिंताओं का निवारण हो गया है।

### केरल के बिशप कर रहे वक्फ का समर्थन

रिजिजू ने कहा कि केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल द्वारा भेजा गया अनुरोध पत्र सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न समुदायों के कई संगठन वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। हमें यह समझना चाहिए कि विधेयक मूल रूप से गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है और यह भी सुनिश्चित करता है कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से हो। सरकार आम लोगों का कल्याण सुनिश्चित करना चाहता है। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि केसीबीसी सहित कई ईसाई संगठन केंद्र द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं, क्योंकि मुनंबम उपनगर में गरीब परिवारों ने दावा किया है कि वे वक्फ बोर्ड द्वारा अपनी जमीन जब्त किए जाने के खतरे में जी रहे हैं।


# शिवाजी ने ही बनवाई थी अफजल की कब्र : भैयाजी

**महानगर संवाददाता**

**नागपुर**

मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की कुछ दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के वरिष्ठ नेता सुरेश 'भैयाजी' जोशी ने सोमवार को कहा कि इस विषय को अनावश्यक रूप से उठाया जा रहा है। उन्होंने नागपुर में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से एक सवाल के जवाब में कहा कि जिसकी भी आस्था है, वह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित उसकी कब्र पर जाएगा। मुगल बादशाह की कब्र के मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर जोशी ने कहा कि औरंगजेब की कब्र का विषय अनावश्यक रूप से उठाया गया है। उसका निधन यहीं (भारत में) हुआ था, इसलिए यहां उसकी कब्र पर मकबरा बनाया गया है। जिनकी आस्था है वे वहां जाएंगे। जोशी ने कहा, ''हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श है, उन्होंने ही अफजल खान का मकबरा बनवाया था। यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक है। मकबरा बना रहेगा और जो भी वहां जाना चाहेगा, वह जाएगा।'' गौरतलब है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख (MNS) राज ठाकरे ने रविवार को औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा करते हुए कहा था कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से ऐतिहासिक जानकारी के लिए व्हाट्सएप फॉरवर्ड पर भरोसा न करने के लिए कहा।





देशभर में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया गया। इस मौके पर ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गयी। दिल्ली की जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

# ईद की नमाज के बाद बवाल

## मेरठ में दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

**महानगर नेटवर्क**

**मेरठ**

ईद पर पहले से ही संवेदनशील यूपी के मेरठ में नमाज के बाद बवाल हो गया। मुस्लिमों के ही दो पक्ष ईद की नमाज पढ़ने के बाद आपस में भिड़ गए। एक दूसरे पर जमकर लाठी-डंडे बरसे। दौड़ा-दौड़ाकर लोगों को पीटा गया। पथराव भी हुआ और इसमें कई लोग घायल हो गए हैं। कुछ महिलाएं भी इस दौरान बीच-बचाव करती और हमले से अपनों को बचाती दिखाई दीं। इस दौरान गोली चलाने की भी बात कही जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और मामले को किसी तरह से शांत कराया है। घटना सिवाल खास में हुई।

बताया जाता है कि कस्बा सिवालखास में ईद की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोग फातिया पढ़ने के लिए नहर वाले कब्रिस्तान पर जमा थे। इसी दौरान दो पक्षों में



एक दिन पहले हुए विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी के दौरान ही मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट हो गई। कुछ लोग भागकर अपने घरों में गए और लाठी-डंडा लाकर एक दूसरे पर टूट पड़े। देखते ही देखते पथराव भी शुरू हो गया। कई लोगों को जमीन पर गिराकर ही पिटाई की गई। इससे ईद पर पहने गए नए सफेद कपड़े कीचड़ में सन गए। मारपीट के दौरान ही कई राउंड फायरिंग की आवाजें भी सुनी गईं। इलाके के लोगों के अनुसार नियात और बदाम खानदानों के बीच विवाद हुआ है।

# हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास बुलडोजर ऐक्शन से तनाव

■ छात्रों ने किया प्रदर्शन ■ BRS ने सरकार पर कसा तंज



**हैदराबाद।** हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास एक जमीन पर बुलडोजर ऐक्शन को लेकर पुलिस और छात्रों के बीच में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। यूनिवर्सिटी के पास स्थित 400 एकड़ के भूखंड को साफ करने वाली टीम के खिलाफ छात्रों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में ले लिया और बाद में देर रात रिहा भी कर दिया गया। लेकिन इस विवाद ने राजनैतिक रूप तब ले लिया जब विपक्षी पार्टी बीआरएस ने पुलिस पर छात्रों की पिटाई करने और उनको गिरफ्तारी के दौरान घसीटने का आरोप लगाया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर छात्रों ने बताया कि जब उन्होंने मौके पर 'बुलडोजर' देखा तो वे वहां पहुंचे। वहां पर विश्वविद्यालय के कुछ छात्र और अन्य लोग पर्यावरण संरक्षण संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए भूमि की नीलामी के कथित प्रस्ताव का विरोध कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोग मशीनों पर चढ़ गए, पुलिस के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि वे 'वापस जाएं' विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्हें हिरासत में लिया गया।

# शिक्षा नीति में 3C एजेंडा : सोनिया गांधी

इससे केंद्रीकरण, व्यवसायीकरण और सांप्रदायिकता बढ़ेगी | केंद्र सरकार शिक्षा के प्रति उदासीन



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की शिक्षा नीति पर तीखी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार का मुख्य उद्देश्य सत्ता का केंद्रीकरण, शिक्षा का व्यावसायीकरण और पाठ्यपुस्तकों का सांप्रदायिकरण है। गांधी ने इसे भारतीय शिक्षा के लिए खतरे के रूप में बताया और कहा कि इस स्थिति का समाधान शीघ्र होना चाहिए।

सोनिया गांधी ने जो आरोप लगाए हैं, उसमें उन्होंने '3 सी' (केंद्रीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकरण) के बारे में बात की है और उन्होंने मोदी सरकार की शिक्षा नीति पर आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इससे हमारे छात्रों पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली का यह ह्रास अब समाप्त होना चाहिए। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक लेख में कहा कि उच्च शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बावजूद यह सरकार भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति उदासीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में केवल तीन मुख्य एजेंडों को बढ़ावा दिया है।

### केंद्रीकरण का प्रभाव

सोनिया ने कहा कि पिछले दशक में सरकार की पहचान 'अनियंत्रित केंद्रीकरण' के रूप में रही है। शिक्षा के क्षेत्र में इसका सबसे हानिकारक प्रभाव देखने को मिला है। उदाहरण के तौर पर, केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सीएबीई) की बैठक सितंबर 2019 से नहीं बुलाई गई। इसके साथ ही, एनईपी 2020 को लागू करते समय भी राज्य सरकारों से एक बार भी परामर्श नहीं किया गया।

## बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला

# 26 हफ्ते के भ्रूण का करा सकते हैं गर्भपात



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 32 वर्षीय गर्भवती महिला को उसके 26 हफ्ते के गर्भ को एक निजी अस्पताल में अपना गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए कहा कि उसे प्रजनन का चुनाव करने या नहीं करने का अधिकार है। साथ ही शारीरिक स्वायत्तता और चुनाव करने का अधिकार है। हृदय संबंधी रोग से ग्रस्त भ्रूण को जन्म लेने नहीं देने की मां की संवेदना को ही अदालत ने उनकी इच्छा मानते हुए उसका सम्मान किया। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने सोमवार को एक निजी अस्पताल में याचिकाकर्ता गर्भवती महिला को अपना गर्भ गिराने की अनुमति देते जब उस अस्पताल ने अपने हलफनामे में बताया कि इस मामले में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट के तहत सभी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है। एमपीटी एक्ट के प्रविधानों में 24 हफ्ते से अधिक के गर्भ का किसी निजी अस्पताल में गर्भपात बिना अदालत की अनुमति के नहीं हो सकता है।

# आज से महंगा होगा समृद्धि महामार्ग का सफर

## आज से टोल की दरों में 19% की वृद्धि

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

आज से मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग से सफर करना महंगा हो जाएगा। 20 मार्च को महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल (एमएसआरडीसी) ने समृद्धि महामार्ग पर टोल की दरों में 19 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। टोल की नई दरें 1 अप्रैल से प्रभावी होंगी।

नागपुर से मुंबई के बीच 701 किलोमीटर लंबा समृद्धि महामार्ग की लागत तकरीबन 65 हजार करोड़ रुपए है। इसे देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे के रूप में पहचाना जाता है। 11 दिसंबर 2022 को प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने इस महामार्ग का लोकार्पण किया था। फिलहाल यह महामार्ग 701 किलोमीटर में से 625 किलोमीटर के बीच खुला है। महामार्ग से सफर करने पर पथकर में बढ़ोतरी की गई है। अब हल्के वाहन मसलन कार, जीप को पूरे 625 किलोमीटर के लिए 1081 रुपए की जगह 1287 रुपए चुकाने होंगे। यानी 206 रुपए का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। हल्के व्यावसायिक वाहनों को अब 1743 रुपए के बजाय 2075 रुपए चुकाने होंगे। बस और ट्रक को 3656 रुपए के बजाय 4353 रुपए, थ्री एक्सेल वाहनों को 3987 रुपए के बजाय 4750 रुपए, भारी वाहनों को 5737 रुपए के बजाय 6831 रुपए और अति भारी वाहनों को 6981 रुपए के बजाय 8312 रुपए चुकाने होंगे।

फिलहाल यह महामार्ग नागपुर से इगतपुरी के बीच खुला है। अंतिम चरण में 76 किलोमीटर का मार्ग जल्द ही वाहनों के लिए खोला जाएगा।

# अब पटरी पर दौड़ेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल शुरू हो चुका है। ये ट्रेन हरियाणा के जींद और सोनीपत रूट पर दौड़ेगी। हाइड्रोजन ट्रेन दूसरी ट्रेनों से काफी अलग है। सबसे खास बात है कि ये पर्यावरण के अनुकूल ट्रेन है। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में इसे तैयार किया गया है। 89 किलोमीटर के इस रूट पर ट्रेन का ट्रायल शुरू हुआ। यह ट्रेन 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में सक्षम है। 1200 हॉर्सपावर की क्षमता वाली यह ट्रेन एक बार में 2638 यात्रियों को ले जा सकेगी। रेल मंत्रालय ने हाइड्रोजन ईंधन सेल-आधारित ट्रेनों के निर्माण के लिए 2800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, जिसके तहत 35 ऐसी ट्रेनें तैयार की जा रही हैं। 8 कोच वाली यह ट्रेन 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली यह हाइड्रोजन ट्रेन दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल होगी।




### 35 हाइड्रोजन ट्रेनें संचालित करने की तैयारी

भारतीय रेलवे अपने विशेष प्रोजेक्ट 'हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज' के तहत हेरिटेज और पहाड़ी मार्गों पर 35 हाइड्रोजन ट्रेनें संचालित करने की तैयारी कर रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए चालू वर्ष के बजट में 2800 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, हेरिटेज रूट पर हाइड्रोजन से संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 600 करोड़ रुपये अलग से रखे गए हैं।

### ट्रायल से तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की जांच

ट्रायल के दौरान ट्रेन की तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों का मूल्यांकन किया जाएगा। सफल परीक्षण के बाद इसे नियमित संचालन में लाने की योजना है। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) द्वारा निर्मित यह ट्रेन स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में भारतीय रेलवे का महत्वपूर्ण कदम है। रेलवे का लक्ष्य स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देते हुए देश के हेरिटेज रूट्स को नई पहचान देना है।

### इस ट्रेन से कार्बन उत्सर्जन न के बराबर

भारतीय रेलवे के इस अभिनव प्रोजेक्ट को हरित परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। हाइड्रोजन से संचालित यह ट्रेन शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को समर्थन देती है। ट्रायल के दौरान ट्रेन की कार्यक्षमता, सुरक्षा और तकनीकी पहलुओं की जांच की जाएगी। सफल परीक्षण के बाद इसे नियमित संचालन में लाने की योजना है।

# शिर्डी हवाई अड्डे से रात्रि उड़ानों की शुरुआत

**मुंबई।** शिर्डी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर आधिकारिक रूप से रात्रि उड़ानों की शुरुआत हो गई है। रनवे के डामरीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के कारण इस ऐतिहासिक सुविधा को शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी (एमएडीसी) और संबंधित नियामक संस्थाओं के प्रयासों से शिर्डी की हवाई सेवा नई ऊंचाइयों तक पहुंची है। इस नई सुविधा का लाभ यात्रियों और पर्यटकों को मिलेगा। इंडिगो एयरलाइंस ने अपनी सेवाओं में दो नए विमानों को जोड़ा है। विशेष रूप से हैदराबाद-शिर्डी-हैदराबाद मार्ग पर 78 यात्रियों की क्षमता वाली नियमित उड़ान शुरू की गई है।

### यात्रियों और पर्यटकों को मिलेगा नई सुविधा का लाभ

यह सेवा गुड़ी पड़वा और उगादी के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए एक उपहार के रूप में शुरू की गई है। इस विस्तार के बाद शिर्डी हवाई अड्डा प्रतिदिन कुल 11 विमानों (22 उड़ान संचालन) को संभालेगा, जिससे प्रतिदिन लगभग 2200 यात्रियों को सेवा प्रदान की जाएगी। यह बुनियादी ढांचे और हवाई परिवहन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।




**78 यात्रियों की क्षमता वाली नियमित उड़ान शुरू**

**11 विमानों (22 उड़ान) संचालन प्रतिदिन**

### धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी

श्री साई बाबा के दर्शन करने और सुबह 4 बजे होने वाली काकड़ आरती में शामिल होने के लिए आने वाले भक्तों के लिए यह सेवा बहुत उपयोगी साबित होगी। कई एयरलाइन कंपनियों ने भी शिर्डी के लिए अधिक उड़ानें शुरू करने की इच्छा व्यक्त की है। शिर्डी हवाई अड्डे से रात्रि उड़ानों की शुरुआत मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी के अध्यक्ष देवेंद्र फडणवीस की दूरदृष्टि के कारण संभव हुई है। इस ऐतिहासिक अवसर पर महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी की प्रबंध निदेशक स्वाति पांडे ने कहा कि यह सुविधा न केवल हवाई परिवहन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है,बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। शिर्डी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भविष्य में यहां और अधिक उड़ान सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# शिवसेना स्टाइल में करेंगे वेलकम...

## कुणाल कामरा के मुंबई आने की अटकलों पर राहुल कनाल की धमकी



**मुंबई।** शिवसेना की युवा सेना (शिंदे गुट) के नेता राहुल कनाल ने सोमवार को स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब वह मुंबई में एंट्री करेंगे तो शिवसेना स्टाइल में स्वागत किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में कामरा को लेकर कनाल ने कहा, 'मैं अदालत का सम्मान करता हूं। उन्हें 7 तारीख तक राहत मिली है। इसके बाद उन्हें कानून के सामने आना होगा और फिर मुंबई में शिवसेना स्टाइल से उनका स्वागत होगा।' मालूम हो कि राहुल कनाल ने शिवसेना कार्यकर्ताओं के साथ मुंबई के हैबिटेट स्टूडियो में तोड़फोड़ की थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और फिर जमानत दे दी गई थी। कुणाल कामरा ने इसी जगह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में मजाक किया था, जिसे लेकर भारी बवाल हुआ। तमिलनाडु के विल्लुपुरम शहर के स्थायी निवासी कुणाल कामरा मुंबई में कानूनी प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं। मद्रास हाई कोर्ट ने उन्हें अपनी टिप्पणियों को लेकर अंतरिम अग्रिम जमानत दी हुई है। इसे लेकर सवाल पूछे जाने पर राहुल कनाल ने कहा, 'हमारा संविधान हर किसी को बराबर अधिकार देता है। उन्हें लोकल लोगों का संरक्षण मिल रहा है। इसलिए वह भाग रहे हैं। नहीं तो, ऐसी कोई चीज नहीं जो मुंबई में ना मिलती हो। मैं एक बात साफ कर देना चाहता हूं कि चाहे उन्हें कैसा भी संरक्षण मिले, वह जब भी मुंबई आएंगे तो शिवसेना स्टाइल में उनका बढ़िया स्वागत होगा।'

**कुणाल कामरा को राहुल कनाल ने क्या-क्या कहा**

शिवसेना शिंदे गुट के युवा नेता ने कुणाल कामरा को लेकर कहा, 'मुंबई उनका कर्मभूमि रही है और यहीं से उन्होंने कमाया है। अब वह खुद को मद्रासी बता रहे हैं। उनसे यह पूछना चाहिए कि कोविड का वैक्सीन कहां पर लिया था? ये लोग दलबदलू हैं और इनके नेता संजय राउत उनसे बड़े दलबदलू हैं। इन लोगों का भी टाइम आएगा और जवाब दिया जाएगा।' अदालत ने कामरा को इस शर्त पर राहत दी कि उन्हें तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के वनूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की संतुष्टि के लिए बांड भरना होगा। कामरा ने दलील दी थी कि वह 2021 में मुंबई से तमिलनाडु चले आए थे ।

# कल्याण दुर्गाडी से उल्हासनगर तक मेट्रो लाईन 5 का विस्तार



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर वासियों के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2025-26 के बजट में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, 2025-26 के बजट में दुर्गाडी (कल्याण) से उल्हासनगर तक मेट्रो लाइन 5 के विस्तार का प्रस्ताव शामिल किया गया है, इससे शहर को मुंबई, ठाणे और अन्य इलाकों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी,गौरतलब हो की उल्हासनगर शहरवासियों द्वारा मेट्रो सेवा शुरू करने की मांग वर्षों से की जा रही थी और नागरिकों द्वारा लगातार सरकार से इसकी मांग की थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कुछ वर्ष पूर्व अपने उल्हासनगर दौरे में इसका आश्वासन दिया था, अब महायुति सरकार ने इसे साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाया है, अब मेट्रो लाइन 5, भिवंडी से दुर्गाडी होते हुए सीधे उल्हासनगर तक पहुंचेगी।

# मैंने कभी एक रुपए खर्च कर पोस्टर नहीं लगवाये : गडकरी

महानगर संवाददाता

ठाणे

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं, और एक बार फिर उन्होंने बिना लाग-लपेट के अपनी बात रखी। ठाणे के डॉ. काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने राजनीति में दिखावे की प्रवृत्ति पर तंज कसते हुए कहा, "मैंने अपने जीवन में कभी पोस्टर लगाने पर एक रुपए भी खर्च नहीं किया और न ही करूंगा। मेरा स्वागत करने के लिए कोई कुत्ता भी नहीं आता। लेकिन अब 'जेड प्लस' सुरक्षा मिली है, तो कुत्ता भी आने लगा है।" कार्यक्रम में प्रसिद्ध सूत्रसंचालक और मुलाखतकार सुधीर गाडगील का अमृत गौरव सत्कार किया गया। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि आजकल किसी को राजनीतिक पद मिलते ही वह खुद को बड़ा साहब समझने लगता है। "छोटा-सा पद मिलते ही लोग 'साला मै तो साहब बन गया' कहकर बड़े-बड़े पोस्टर लगवाने लगते हैं,"



### वातावरण आध्यात्मिक उत्साह से जगमगा उठा

फोर्ट स्थित अंतर योग गुरुकुल का पावन वातावरण आध्यात्मिक उत्साह से जगमगा उठा,जब माननीय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अत्यंत प्रतीक्षित गुरु गीता ग्रंथ का आचार्य उपेन्द्र की टिप्पणी सहित प्रकाशन किया। इस शुभ अवसर पर अंतर योग फाउंडेशन के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु आचार्य उपेन्द्र की दिव्य उपस्थिति रही, जिन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा के तत्वज्ञान पर अपने गहरे विचार प्रस्तुत किए। प्रकाशन समारोह अंतर योग गुरुकुल के शांत वातावरण में पावन महा चंडी होम के आयोजन के बाद संपन्न हुआ। इस पावन अनुष्ठान ने आध्यात्मिक जागृति की स्वरधुन को दिशा दी। नितिन गडकरी ने प्रेरणादायक भाषण में आध्यात्मिक नेतृत्व के महत्व और सच्ची गुरु परंपरा व्यक्ति और समाज के प्रबोधन के लिए कैसे परिवर्तनशील होती है, इस पर प्रकाश डाला।

उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा। गडकरी ने अपने जीवन के एक रोचक प्रसंग को साझा करते हुए बताया कि जब उनका एक्सीडेंट हुआ था, तो उद्योगपति रतन टाटा उनसे मिलने आने वाले थे। लेकिन उनके निवास स्थान का पता न मिलने के कारण टाटा को खुद फोन करना पड़ा। गडकरी ने जब उनके ड्राइवर से बात कराने को कहा, तो टाटा ने जवाब दिया कि वे खुद गाड़ी चला रहे हैं। इस वाकये का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा, "इतने बड़े लोग कितने साधारण होते हैं, यह देखकर मैं हैरान रह गया।"

# चलते कंटेनर की केबिन में लगी आग

## दमकल विभाग ने बचाई बड़ी अनहोनी

**ठाणे।** ठाणे के घोडबंदर रोड पर सोमवार सुबह एक कंटेनर की केबिन में अचानक आग लग गई, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। यह हादसा सीएनजी पंप के पास, कोको-कोला कंपनी के बगल में, चेन्ना ब्रिज के पास हुआ। कंटेनर हरियाणा से वाशी, नवी मुंबई की ओर जा रहा था और उसमें 20 टन प्लाईवुड लदा था। कंटेनर के मालिक इंद्रजीतसिंह चड्ढा हैं, जबकि चालक मुकेशकुमार गुजर गाड़ी चला रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग हरकत में आया। ठाणे और मीरा-भाईंदर दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने 1 रेस्क्यू वाहन और 2 फायर वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया। उनकी त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर

**मुंबई।** मुंबई सहित महाराष्ट्र के अन्य भागों में सोमवार को मुस्लिमों ने हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया और मस्जिदों में अपने पारंपरिक सलत-अल-ईद नमाज को शांतिपूर्वक तरीके से अदा किया। मुंबई के विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई और शहर में भारी भीड़ को देखते हुए कई स्थानीय मस्जिदों ने दो-तीन बार नमाज अदा करने की व्यवस्था की गयी। पुलिस के मुताबिक,अन्य लोगों को असुविधा न हो इसलिए सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ के जमा होने पर पाबंदी लगा दी गई। सांप्रदायिक तनाव की धमकियों के बाद पुलिस ने पूरी सावधानी के साथ किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरे राज्य में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।



### कूल-कूल होगी यात्रा

# ठाणे की सड़कों पर दौड़ेंगी 160 नई इलेक्ट्रिक एसी बसें

महानगर संवाददाता

ठाणे

ठाणे की जनता के लिए राहत भरी खबर है। शहर में जल्द ही 160 नई इलेक्ट्रिक एसी बसें दौड़ने वाली हैं, जिससे यात्रियों को गर्मी और भीड़भाड़ से निजात मिलेगी। ठाणे परिवहन सेवा के बेड़े में पहले से ही 200 बसें जीसीसी (ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट) आधार पर चल रही हैं और इन्हें यात्रियों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अब इस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए 160 नई बसों की खरीद की जा रही है, जिनका संचालन भी जीसीसी मॉडल पर ही किया जाएगा। परिवहन विभाग ने इन बसों की खरीद के साथ 12 वर्षों तक इनके रखरखाव के लिए ठेकेदार नियुक्त करने की योजना बनाई है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले वर्ष ये बसें ठाणे की सड़कों पर उतरेंगी, जिससे लाखों यात्रियों को सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। खास बात यह है कि इन बसों में 9 मीटर और 12 मीटर की 80-80 बसें शामिल होंगी, जो शहर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खरीदी जा रही हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक बस योजना के तहत भी ठाणे को 100 नई इलेक्ट्रिक बसें मिलने वाली हैं।

# प्रेमी युगल की आत्महत्या से सनसनी

महानगर संवाददाता

नायगांव

नायगांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां प्रेमी के आत्महत्या करने के बाद प्रेमिका ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जितेंद्र वर्मा और 17 वर्षीय नाबालिग सुनीता (बदला हुआ नाम) के बीच प्रेम संबंध थे। जितेंद्र, जो नायगांव पूर्व के कोल्ही गांव स्थित अरविंद चाली में रहता था और एक निजी कंपनी में कार्यरत था,अपनी प्रेमिका सुनीता के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहना चाहता था। हालांकि,सुनीता अभी पढ़ाई कर रही थी और इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थी। शनिवार देर शाम जब सुनीता, जितेंद्र से मिलने उसके घर पहुंची, तो इस विषय पर दोनों के बीच बहस हो गई।



जितेंद्र ने सुनीता से आग्रह किया कि वह उसके साथ रहे,अन्यथा वह आत्महत्या कर लेगा। लेकिन सुनीता ने उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया। निराश होकर,शनिवार रात जितेंद्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस घटना से सुनीता पूरी तरह से टूट गई और उसने खुद को जितेंद्र की मौत का जिम्मेदार ठहराया। परिवार के समझाने के बावजूद वह सदमे से उबर नहीं पाई। अंततः रविवार को उसने भी अपने घर में आत्महत्या कर ली। सहायक पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र पाटिल ने बताया कि दोनों प्रेम संबंध में थे, लेकिन लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर हुए मतभेद के कारण यह घटनाएं घटीं। पुलिस ने इस मामले में अकस्मात मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

# पति ने प्रेमिका और रिश्तेदारों के साथ मिलकर पत्नी को पीटा



**भिवंडी।** शहर के विठ्ठलनगर इलाके में रहने वाली 41 वर्षीय विवाहिता के साथ उसके पति ने अपनी प्रेमिका और रिश्तेदारों के साथ मिलकर मारपीट और गाली-गलौज की। इस मामले में भोईवाडा पुलिस स्टेशन में पति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, रजिया मोहम्मद अफरोज शहीद अंसारी की शादी वर्ष 2000 में मोहम्मद अफरोज शहीद अंसारी से हुई थी। 2018 में उसके पति की दोस्ती सलमा खान नामक महिला से हो गई, जिसके बाद से वह अपनी पत्नी से दुर्व्यवहार करने लगा.22 से 29 मार्च के बीच, पति ने अपनी बहन आलिया, भाभी बेगम खातून फिरोज अंसारी और प्रेमिका सलमा खान के साथ मिलकर पत्नी रजिया को गालियां दीं और उसकी पिटाई की। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


## एक दिन पहले तक 97 प्रतिशत टारगेट कर लिए पार

# प्रॉपर्टी टैक्स कमाई लक्ष्य के करीब पहुंची मनपा

महानगर संवाददाता

मुंबई

मनपा प्रशासन ने इस साल प्रॉपर्टी टैक्स की कमाई लक्ष्य के करीब पहुंच गई है। सोमवार की रात 12 बजे तक लोगों को अपना टैक्स भरने के लिए आव्हान किया गया था। मनपा ने सोमवार की आधी रात तक लोगों से टैक्स की रकम लेने के लिए अपना सीएफसी सेंटर शुरू रखा थी। मनपा ने वर्ष 2024-25 में प्रॉपर्टी टैक्स से कुल कमाई का अनुमान 6,200 करोड़ रखा था। रविवार तक मनपा की तिजोरी में कुल कमाई के लक्ष्य का 97% यानी 6,011 करोड़ जमा हो चुका था। मनपा को आसा है कि आखिरी दिन रात 12 बजे तक कुल रखे गए लक्ष्य को पार कर लिया जाएगा। मनपा का यह अब तक का सबसे अधिक प्रॉपर्टी टैक्स वसूली है।




### 2025-26 के लिए 5,200 करोड़ का लक्ष्य

पिछले साल मनपा को प्रॉपर्टी टैक्स से 4,856 करोड़ की कमाई हुई थी,लेकिन उसके पीछे का कारण बिल देरी से दिया जाना था। कुछ अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में वसूले गए 1,600 करोड़ से अधिक की राशि पिछले वर्ष के लंबित भुगतानों से संबंधित है, जहां बिल जारी तो किए गए थे,लेकिन समय पर भुगतान नहीं हुआ जो इस साल की कमाई में जुड़ गया है। मनपा ने फरवरी में पेश किए गए बजट में 2024-25 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स की कमाई के अनुमान को 4,950 करोड़ से बढ़ाकर 6,200 करोड़ कर दिया था। मनपा ने वर्ष 2025-26 के लिए 5,200 करोड़ का लक्ष्य रखा है। प्रॉपर्टी टैक्स कमाई मनपा कमाई का मुख्य स्रोत बना गया है। जबकि इसके पहले तक चुंगी मनपा की कमाई का सबसे बड़ा स्रोत रहा करता था जो अब जीएसटी में तब्दील हो गया है। मनपा को मुंबई में 9 लाख से अधिक संपत्तियों से टैक्स लेती है। मनपा के पूर्व विरोधी पक्ष नेता और वर्तमान में भाजपा नेता रवि राजा ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स से मनपा को और कमाई हो सकती थी यदि मनपा बकायादारों पर सख्ती करे। उन्होंने कहा कई बड़े डिफॉल्टर हैं, खासकर मिल मालिक और डेवलपर्स, जो समय पर बिलों का भुगतान नहीं करते।

# सायबर जनजागृति कार्यशाला का आयोजन



**मिरारोड।** शहर में सायबर जालसाजों के झांसे में आकर बहुत लोग अपनी जमा की गयी रकम लुटा रहे हैं। इन जालसाजों से बचने के लिए सावधानी बरतने की बहुत जरूरत है। मिरा-भायंदर,वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के पुलिस आयुक्त के आदेश से सायबर जनजागृति कार्यशाला का आयोजन करके शहर के नागरिकों को जागरूक किया जा रहा हैं, जिससे शहर के नागरिक इन जालसाजों से बच सके । सायबर पुलिस ठाणे के पुलिस निरिक्षक सुजित कुमार गुंजकर ने मिरारोड स्थित डिवाइन मेरी चर्च में उपस्थित लोगों को सायबर अपराध के संदर्भ में जानकारी दी। इस में इन्होंने सायबर अपराध कैसे होता है और इससे किस तरह बचाव किया जा सकता है इसकी जानकारी दी। सायबर ठगी का शिकार होने पर इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को देने या सायबर पोटल पर भी शिकायत करने की जानकारी उन्होंने दी। इस आयोजन में 20 से 65 वर्ष तक के 180 नागरिक मौजूद थे । इस आयोजन में डिवाइन मेरी चर्च के फादर ऑलवीन , ब्लेस फाउंडेशन के रसेल रॉड्रिक्स, रोशन वर्गीस , रोशन बालीमाने आदि मौजूद थे।

# म्हाडा राज्य भर में बनाएगी 19 हजार 497 घर

महानगर संवाददाता

मुंबई

म्हाडा ने अगले एक साल में महाराष्ट्र भर में लगभग 19 हजार 497 घर बनाने की योजना बनाई है। म्हाडा ने मुंबई, पुणे, कोंकण, नाशिक, अमरावती, छत्रपति संभाजीनगर और नागपुर में यह घर बनाने की योजना है। म्हाडा के लिए मंजूर किए गए 15 हजार 951 करोड़ 23 लाख बजट प्रावधान में घरों के लिए 9202 करोड़ 76 लाख की बजटीय व्यवस्था की गई है। म्हाडा ने हाल ही में वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट 10,901.07 करोड़ और वित्त वर्ष 2025–26 के लिए प्रस्तावित 15,951.23 करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई । मुंबई बोर्ड के तहत, इस साल कुल 5,199 घरों का निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 5,749.49 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कोंकण बोर्ड ने 9,902 घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है,जिसके लिए 1,408.85 करोड़ का बजट प्रावधान किया बजटीय गया है। पुणे बोर्ड ने 1,836 घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है,जिसके लिए 585.97 करोड़ और नागपुर बोर्ड ने 692 घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा है और 1,009.33 करोड़, छत्रपति संभाजीनगर में 1,608 घर के लिए 231.10 करोड़, नासिक बोर्ड ने 91 घर बनाने का लक्ष्य रखा है जिसके लिए 86 करोड़ और अमरावती बोर्ड ने 169 घर बनाने की योजना बनाई है उनके लिए 65.96 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मुंबई बोर्ड ने बीडीडी चॉल पुनर्विकास परियोजना (वर्ली, नायगांव और परेल) के लिए 2,800 करोड़ जोगेश्वरी पूर्व में पीएमजीपी कॉलोनी पुनर्विकास के लिए 350 करोड़, बांद्रा पूर्व में परिधि खाड़ी पुनर्विकास के लिए 205 करोड़ और सिद्धार्थ नगर, गोरेगांव में घर का निर्माण के लिए 573 करोड़ रुपया का प्रावधान किया गया है। मुंबई बोर्ड के तहत अन्य प्रावधानों में परेल स्थित जीजामाता नगर में लड़के लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाने के लिए 20 करोड़ , मिल मजदूरों के घर के लिए 57 . 50 करोड़ ,बोरीवली सर्वेक्षण नंबर 160, के लिए में 200 करोड़ और संजय गाँधी राष्ट्रीय उद्यान पुनर्वास के लिए 200 करोड़ ,गोरेगांव पहाड़ी परियोजना के लिए177.79 करोड़ मालवणी झोपड़ पट्टी सुधर के लिए 50 करोड़ और बोरीवली मगाथाने के लिए 85 करोड़ , एक्सर बोरिवली कोस्ट गार्ड हाउसिंग परियोजना के लिए 30 करोड़ और गोरेगाव सिद्धार्थ नगर (पत्राचॉल) पुनर्विकास के लिए 20 का प्रावधान किया गया है।

# मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में लगातार हो रही चोरियों का पर्दाफाश

## 4.56 लाख की संपत्ति बरामद

महानगर संवाददाता

ठाणे

मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट-3 (कल्याण, लोहमार्ग) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के कीमती सामान पर हाथ साफ करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से 6 अलग-अलग चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए 4,56,430 की बहुमूल्य संपत्ति बरामद की है, जिसमें सोने के आभूषण, महंगे मोबाइल फोन, घड़ियां और आईपैड शामिल हैं।

बता दें कि यह मामला 22 मार्च 2025 को तब सामने आया जब एक महिला यात्री, जो निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस से सफर कर रही थी, ने कोपर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर अपने पर्स की चोरी की शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि यह चोरी अकेली नहीं थी, बल्कि मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में रात के समय यात्रियों के सामान चोरी करने की एक सुनियोजित साजिश थी। इसके बाद पुलिस ने गुप्त जानकारी और तकनीकी सर्विलांस के जरिए 24 मार्च को नवी मुंबई के रबाले निवासी सहीमत अंजुर शेख (29) को बदलापुर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल कर ली।

# आज से सूरत स्टेशन पर अधिकांश ट्रेनों के ठहराव बहाल किए जाएंगे

महानगर संवाददाता

मुंबई

सूरत स्टेशन का पूर्ण रूप से कायाकल्प हो रहा है और इसे विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूरत स्टेशन पुनर्विकास के तहत प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 (फेज-II) पर कॉनकोर्स का काम पूरा हो चुका है। इसे देखते हुए, जिन ट्रेनों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित किया गया था, उनमें से अधिकांश ट्रेनों का आज (मंगलवार) से सूरत स्टेशन पर परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर चल रहे सूरत स्टेशन पुनर्विकास कार्य का दूसरा चरण पूरा हो गया है। इस कार्य के मद्देनजर किए गए ब्लॉक के कारण जिन ट्रेनों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक स्टेशनों पर स्थानांतरित किया गया था, उनमें से अधिकांश 1 अप्रैल से परिचालन फिर से शुरू करेंगी। हालांकि यह सूचित किया जाता है कि ताप्ती लाइन की सभी ट्रेनों (नंदुरबार/जलगांव से आने और जाने वाली) उधना स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा।

**इन ट्रेनों की बहाली के बारे में विस्तृत जानकारी अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।**

- अनुलग्नक I : सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली अप ट्रेनें
- अनुलग्नक II : संशोधित सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली अप ट्रेनें
- अनुलग्नक III : सार्वजनिक समय सारणी के साथ सूरत स्टेशन पर रुकने वाली डाउन ट्रेनें
- अनुलग्नक IV : सूरत स्टेशन पर रुकने वाली डाउन ट्रेनें
- अनुलग्नक V : सूरत स्टेशन से/पर विस्तारित/स्थानांतरित की गई मेमू/पैसेंजर ट्रेनें
- अनुलग्नक VI : उधना स्टेशन से/पर शॉर्ट ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें
- अनुलग्नक VII : उधना स्टेशन पर रुकने वाली ट्रेनें
- अनुलग्नक VIII : ताप्ती वाउंड अप और डाउन ट्रेनें जिनका उधना स्टेशन पर ठहराव जारी रहेगा
- अनुलग्नक IX : मुख्य लाइन की ट्रेनें जो अप दिशा में उधना और सूरत स्टेशनों पर रुकेंगी और डाउन दिशा में उधना में नहीं रुकेंगी।

# मुंबईकरों पर पड़ेगा कचरे के बोझ का भार

## 100 से 7500 रुपए तक महीने का देना होगा शुल्क

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

जल्द ही घरों, होटलों,मैरिज हॉलों, एक्सिबिशन सेंटर, कॉफी शॉप, ढाबों, गेस्ट हाउस, बैंकों, कोचिंग क्लासेस, क्लिनिक, डिस्पेंसरी, कोल्ड स्टोरेज, फेस्टिवल हॉल सहित अन्य रेजिडेंशियल और कमर्शियल संस्थानों से मनपा कचरा शुल्क वसूलेगी। यह शुल्क 100 रुपए से 7500 रुपए प्रति महीना तक हो सकती है। इसके लिए मनपा ने ड्रॉफ्ट तैयार किया है। इस ड्रॉफ्ट में कचरा शुल्क के अलावा गंदगी फैलाने पर जुर्माने की राशि में बढ़ोतरी का प्रावधान है। मनपा ने सोमवार को ड्राफ्ट जारी करते हुए लोगों से इस पर 31 मई तक सुझाव मांगा है। मनपा अधिकारी ने बताया कि अभी मुंबई में मनपा प्रति व्यक्ति हर साल कचरा सफाई पर 3141 रुपए खर्च कर रही है,जो देश में सर्वाधिक है। मनपा को कचरा शुल्क से हर साल 687 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। अधिकारी ने बताया कि मनपा के वर्ष 2025-26 के बजट में कमिश्नर भूषण गगरानी ने कचरा शुल्क की घोषणा की थी।

मनपा ने रेजिडेंशियल और कमर्शियल से कचरा शुल्क वसूली के लिए 16 कैटेगरी बनाई है। यदि यह कानून पास होता है तो मुंबईकरों को हर महीने इस तरह कचरा शुल्क भरना पड़ेगा।

500 फिट तक के घर से:100/- रु.
500 से 3000 फिट तक के घरों से: 500/- रु.
3000 फिट से बड़े घर से : 1000/- रु.
व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, दुकानें, खाने-पीने के स्थान (ढाबा/मिठाई की दुकानें/कॉफी हाउस आदि)- 500/- रु.
गेस्ट हाउस -2000/- रु.
हॉस्टल से -750/- रु.
होटल रेस्टोरेंट (सामान्य)- 1500/- रु.
होटल रेस्टोरेंट (3 स्टार तक)- 2500/- रु.
होटल रेस्टोरेंट (3 स्टार से अधिक)- 7500/- रु.
कमर्शियल ऑफिस, सरकारी ऑफिस, बैंक, बीमा ऑफिस, कोचिंग क्लास, शिक्षा संस्थान आदि - 750 रु.
क्लीनिक, डिस्पेंसरी (50 बेड तक) - रु. 2000/-
लैब (50 वर्ग मीटर तक) - रु. 2500/-
क्लीनिक, डिस्पेंसरी (50 बेड से अधिक ) - रु. 4000/-
लैब (50 वर्ग मीटर तक) - रु. 5000/-
लघु एवं कुटीर उद्योग कार्यशालाएं (केवल गैर-खतरनाक), प्रतिदिन 10 किग्रा तक निकलने वाले कचरे- 1500/-
गोदाम, कोल्ड स्टोरेज (केवल गैर-खतरनाक) - 2500/-
मैरिज, फेस्टिवल हॉल, प्रदर्शनी एवं मेला 3000 वर्ग मीटर तक- 5000/-
मैरिज, फेस्टिवल हाल, प्रदर्शनी एवं मेला 3000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल- 7500/-




### मुंबई में जुलाई से लागू हो सकता है नया कानून :

मनपा के अधिकारी ने बताया कि सुझाव मिलने के बाद जून के पहले सप्ताह में उस पर लोगों को बुलाकर सुनवाई होगी, यदि उचित सुझाव मिला तो ड्राफ्ट में संशोधन भी किया जाएगा। फिर नया ड्रॉफ्ट तैयार किया जाएगा, इस पूरी प्रक्रिया में एक महीने का समय लग सकता है। हमें उम्मीद है कि जुलाई से नए सफाई कानून को हम लागू कर सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि साफ-सफाई के लिए अभी मुंबई में वर्ष 2006 का कानून लागू है, अब इसमें संशोधन कर नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है।

नए शुल्क को लागू करने से पहले नागरिकों से 31 मई तक सुझाव और आपत्तियां मांगी गई हैं। इच्छुक अपने सुझाव ईमेल से bmc.swmbyelaws2025@gmail.com पर भेज सकते हैं या ग्रांट रोड स्थित खटाव मंडई भवन में लिखित रूप में जमा कर सकते हैं।

# औरंगजेब के महिमामंडन की अनुमति नहीं: फडणवीस

## कानून के दायरे से बाहर के ढांचों को हटा दिया जाना चाहिए

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि लोग मुगल बादशाह औरंगजेब को पसंद करें या न करें,लेकिन उसका मकबरा एक संरक्षित स्मारक है, लेकिन किसी को उसका महिमामंडन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि कानून के दायरे से बाहर के ढांचों को हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम औरंगजेब को पसंद करें या न करें, उसका मकबरा एक संरक्षित स्मारक है। हम किसी को भी उसका महिमा मंडन नहीं करने देंगे। दक्षिणपंथी संगठन छत्रपति संभाजी नगर जिले के खुल्ताबाद शहर में स्थित 17वीं सदी के मुगल शासक के मकबरे को हटाने की मांग कर रहे हैं। मकबरे को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पवित्र पुस्तक की पंक्तियां लिखी चादर के जलाए जाने की अफवाहों के कारण



इस महीने की शुरुआत में नागपुर में हिंसा भड़क गई थी। फडणवीस ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 की आलोचना करने वाले एक लेख में की गई टिप्पणी को भी खारिज कर दिया। इसमें दावा किया गया था कि केंद्र नई शिक्षा नीति का इस्तेमाल शिक्षा को सांप्रदायिक बनाने के लिए कर रहा है।

### शिक्षा का भारतीयकरण

फडणवीस ने कहा कि हम शिक्षा का भारतीयकरण कर रहे हैं। अंग्रेजों ने भारतीयों को अपना अधीनस्थ बनाने के उद्देश्य से एक शिक्षा प्रणाली शुरू की थी। शिक्षा के भारतीयकरण का कोई विरोध नहीं होना चाहिए। कोई भी देशभक्त इसका समर्थन करेगा। सोनिया गांधी को उचित जानकारी एकत्र करनी चाहिए और इस पहल का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने ब्रिटिश इतिहासकार टीबी मैकाले के एक पत्र का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि जब तक तत्कालीन शिक्षा प्रणाली में बदलाव नहीं किया जाता, अंग्रेज देश पर शासन नहीं कर पाएंगे। बैंकों में मराठी भाषा के इस्तेमाल की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की मांग के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी अपेक्षा की जाए वहां मराठी भाषा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए और इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

### किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए

हालांकि, उन्होंने आग्रह किया कि किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नाशिक में 2027 के कुंभ मेले और नदियों की सफाई के लिए कुछ अभियान शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि हमने कुछ अभियान शुरू किए हैं, लेकिन इन कामों में समय लगता है। नगर पालिका, परिषदों, कस्बों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्टों को नदियों में छोड़ने से पहले उनका उपचार किया जाना चाहिए। हम उपचार संयंत्रों की स्थापना का समर्थन करते हैं। जब कुंभ मेला शुरू होगा, तो पवित्र स्नान के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा।'' फडणवीस ने कहा कि अगले पांच वर्षों में बिजली की दरों में चरणबद्ध तरीके से कमी की जाएगी। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) ने याचिकाएं स्वीकार कर ली हैं तथा गणना विधि को लेकर एमईआरसी और राज्य सरकार के बीच मतभेद है। भ्रम को दूर करने के लिए संशोधित याचिका प्रस्तुत की जाएगी। लोगों को सस्ती बिजली मिलेगी तथा वितरण कंपनी अगले चार से पांच वर्षों में कर्ज मुक्त हो जाएगी जिसपर फिलहाल 70-80 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है।



# मार्च महीने में हुई रिकार्डतोड़ घरों की बिक्री

**मुंबई।** मार्च में मुंबई में घरों की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बना डाला। इस महिने 15,094 घरों की बिक्री हुई। इस बिक्री से राज्य सरकार को 1,543 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। गुढी पडवा के शुभ मुहूर्त का लाभ उठाते हुए रविवार को बड़ी संख्या में ग्राहकों ने घर खरीदी कर स्टांप शुल्क का भुगतान किया। हर साल की तरह इस बार भी मार्च महीने में घरों की बिक्री में बड़ी वृद्धि देखी गई। मार्च महीने में आर्थिक वर्ष समाप्त होने के कारण और 1 अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ रेडीरेकनर दरों में संभावित वृद्धि को देखते हुए ग्राहको



ने 31 मार्च से पहले घर की रजिस्ट्री और स्टांप शुल्क का भुगतान करने पर अधिक जोर दिया। हर साल मार्च में घरों की बिक्री में बढ़ोतरी होती है। इस साल मार्च में भी घरों की बिक्री ने रिकॉर्ड कायम किया है जो पिछले दो वर्षों की तुलना में अधिक है। मार्च 2023 में मुंबई में 12,726 घरों की बिक्री हुई थी और इससे राज्य सरकार को 1,160 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था। मार्च 2024 में 14,149 घरों की बिक्री से 1,122 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मार्च 2025 में घरों की बिक्री ने 15,000 का आंकड़ा पार कर लिया और इस बिक्री से सरकार को 1,543 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मार्च 2021 में अब तक की सबसे अधिक 17,728 घरों की बिक्री हुई थी। जबकि मार्च 2022 में 16,726 घरों की बिक्री से 1,160 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। अब मार्च 2025 में भी घरों की बिक्री में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। इस बीच गुड़ी पड़वा के शुभ मुहूर्त पर बड़ी संख्या में ग्राहकों ने घर खरीदारी की।

# महिला का अश्लील वीडियो फेसबुक पर डालकर वसूली

## धमकी देने वाले आरोपी की पुलिस कर रही तलाश



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

एनएम जोशी मार्ग पुलिस ने एक महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल कर वसूली करनेवाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। आरोपी ने महिला से 10 लाख रुपयों की मांग की। पैसे न देने पर आरोपी ने वीडियो को फेसबुक के एक ग्रुप में शेअर कर दिया। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है। एनएम जोशी मार्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी ने एनएम जोशी मार्ग इलाके के एक इमारत में उसके साथ छेड़खानी की। इसके अलावा महिला की कुछ अश्लील तस्वीरें भी आरोपी ने बनाई, उसने महिला के साथ यात्रा भी की। लेकिन उसकी कुछ निजी तस्वीरें आरोपी ने खींच ली। जिसजे लेकर वह महिला को ब्लैकमेल करता रहा था।

### आरोपी ने जूस में नशीली दवा मिला दी थी

जिसके बाद महिला ने इसकी शिकायत पुलिस थाने में कई और फिर पुलिस ने संबंधित मामले में आरोपी के खिलाफ जबरन वसूली, बलात्कार और मानहानि के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल महिला सायन इलाके में रहती है और एक निजी कंपनी में काम करती हैं। वहीं महिला की मुलाकात आरोपी से 16 फरवरी को हुई, जब वे एक निजी टेक्सी में एक साथ यात्रा कर रहे थे। जिसके बाद दोनों धीरे धीरे करीब आने लगे। महिला ने आरोप लगाया है कि 23 मार्च 2023 को आरोपी ने कोई फल का जूस महिला को पिलाया। आरोप है कि उसी में आरोपी ने नशीली दवाई मिला दी थी। जिसके बाद पुलिस थाने की हद्द में एक इमारत में उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। इसी दौरान आरोपी ने इसका वीडियो बना लिया था।

# पत्रकार राजकुमार सिंह को वीरेंद्र बहादुर सिंह सम्मान







**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

प्रारंभ उत्तर दर्शन के 54 वें वार्षिक समारोह में हिंदी विद्या प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह को अजातशत्रु सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया,तो पूर्व प्राचार्य अवधेश सिंह को शिक्षण महर्षि श्री आई.डी. सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि उत्तरभारतीय समाज के लोगों ने इस शहर में बड़ी मेहनत की। उनके ही संघर्ष और मेहनत का नतीजा है कि आज हमारा समाज हर क्षेत्र में सक्रिय है। बड़ी-बड़ी कंपनियों में ऊंचे पदों पर लोग हैं। आने वाली पीढ़ी को समाज को देने की बारी आई है।

गुढी पाडवा की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता आर.यू. सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ समाजसेवक डॉ. राधेश्याम तिवारी प्रमुख प्रवक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुंबई भाजपा के प्रवक्ता उदयप्रताप सिंह, मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. किशोर सिंह, रामबक्स सिंह, भाजपा नेता अखिलेश सिंह सहित तमाम उद्योगपतियों और समाज सेवकों ने कार्यक्रम की शुभ बधाई। कार्यक्रम में भारतीय सदविचार मंच के संस्थापक व जाने माने समाजसेवक डॉ राधेश्याम तिवारी ने अपने संबोधन से सभी को खूब हंसाया साथ ही सच्चाई से रूबरू भी कराया।कार्यक्रम से पहले कवि सम्मेलन का आयोजन किया गए।

**पुरस्कार से सम्मानित किया गया :** घाटकोपर पश्चिम हिन्दी हाई स्कूल के श्री बैजनाथ साबू सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में सिंह के अलावा नवभारत टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह को वीरेंद्र बहादुर सिंह सम्मान पुरस्कार दिया गया। रामसखी रामनिवास सिंह सम्मान शुभांगी सिंह को, बाबू ध्रुवराज सिंह सम्मान देवनारायण सिंह को, डॉ राममनोहर त्रिपाठी सम्मान संपादक व पत्रकार विनोदचंद्र सिंह को, निर्भय रामनरेश सिंह सम्मान क्षत्रिय सेवा संस्था मुंबई के अध्यक्ष कुंवर रणंजय सिंह को, समता सम्मान पुरस्कार समाजसेवक एवं आश्रम संचालक डॉ. संजय सिंह को, श्रीमती सोनामती हरदत्त सिंह पुरस्कार अंजली विनोद पांडे को और प्रारंभ उत्तर दर्शन विशेष सम्मान भांडुप वैवाहिक मंच के जयप्रकाश सिंह को दिया गया

### शुभांगी सिंह को रामसखी रामनिवास सिंह सम्मान


### नाम में परिवर्तन

मै, **इराप्पा मडीवालर युनिट 16 बिहार**, निवासी गांव-कोडगनूर, पोस्ट-चिलझेरी, तहसील-रोण, जिला गदग (कर्नाटक) पिन 582114 शपथपत्र संख्या IN-KA70084733799379X दि. 04.03.2025 के द्वारा घोषणा करता हूं की मेरे सेवा रिकॉर्ड मे मेरे बेटी का नाम गलती से **प्रगती** दर्ज है मेरे बेटी का वास्तविक और सही नाम **प्रगती इराप्पा मडीवालर** है !

### नाम में परिवर्तन

मै, **इराप्पा मडीवालर** युनिट **16 बिहार**, निवासी गांव-कोडगनूर, पोस्ट-चिलझेरी, तहसील-रोण, जिला गदग (कर्नाटक) पिन 582114 शपथपत्र संख्या IN-KA70083230575638X दि. 04.03.2025 के द्वारा घोषणा करता हूं की मेरे सेवा रिकॉर्ड मे मेरे बेटे का नाम गलती से **प्रज्वल** दर्ज है मेरे बेटे का वास्तविक और सही नाम **प्रज्वल इराप्पा मडीवालर** है !


# कूपरेज ग्राउंड पर बनेगा मुंबई का पहला हॉर्स कैरोसेल

**मुंबई।** मनपा ने कूपरेज गार्डन में हॉर्स कैरोसेल (घोड़े की सवारी झूला) लगाने का निर्णय लिया है। मनपा ने इसके लिए ईओआई आमंत्रित की है। कूपरेज गार्डन मंत्रालय के पास मैडम कामा रोड पर है। हॉर्स कैरोसेल लगाने के लिए भाजपा के पूर्व नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने कई सालों से मांग की थी, जिसमे अब सफलता मिली है। बता दें कि कूपरेज गार्डन 'घोड़ा गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। यहां आने वाले बच्चों और आम नागरिकों के लिए घुड़सवारी की सुविधा उपलब्ध थी। हालांकि नवंबर 2017 में एक दर्दनाक घटना के बाद इसे बंद कर दिया गया। इस घटना में छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी, जब वह घुड़सवारी के दौरान गिर गई थी। बताया गया था कि घोड़ा फिसल गया था,जिससे बच्ची का सिर ग्रेनाइट की बाउंड्री से टकरा गया और उसकी मौत हो गई। मनपा ने अब सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत अधिकतम 32 सीटों की क्षमता वाला हॉर्स कैरोसेल स्थापित करने के लिए मनपा इच्छुक पक्षों से प्रस्ताव मांग रही है। इसमें सात वर्षों तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी शामिल होगी।

मनपा इसके लिए भूमि प्रदान करेगी,जबकि सफल बोलीदाता परियोजना के लिए राजस्व मॉडल प्रस्तुत करेगा। इस नए प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 1.5 करोड़ है और इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत लागू किया जा सकता है। कैरोसेल का इस तरह से डिजाइन किया जाएगा,जिससे एक घोड़े पर एक बच्चा अथवा वयस्क के बैठने की व्यवस्था हो। जबकि बहुत छोटे बच्चे बड़ों के साथ रथ में बैठ सकें। मनपा द्वारा मंगाए गए ईओआई के अनुसार कूपरेज गार्डन में 5,000 वर्ग फुट का खुला स्थान हॉर्स कैरोसेल लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। जिसमें कम से कम 32 सीटों की क्षमता होगी।

# सरकार पर आजमी ने साधा निशाना

## सरकार का बुलडोजर हुआ पंचर : आजमी



**मुंबई।** बीड के एक मस्जिद में जिलेटिन बम ब्लास्ट को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अबू आसिम आजमी ने सरकार पर निशाना साधा है। मस्जिद में बम ब्लास्ट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में आजमी ने कहा कि सरकार की बुलडोजर पंचर हो गई है। इसलिए आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। आजमी ने कहा कि क्या सरकार का बुलडोजर आरोपियों पर चलता है यह देखने वाली बात होगी। सपा विधायक ने राज्य की कानून -व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मस्जिद जैसे धार्मिक स्थल में बम ब्लास्ट हो जाता है पुलिस प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जाती। सरकार से हमारी मांग है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अबू आजमी ने कहा कि यह सिर्फ ब्लास्ट नहीं है बल्कि आतंकवाद है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(जल अभियंता का विभाग)

**ई-निविदा सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | | : | जल अभियंता/उप जल अभियंता (अनु.) |
| अनुभाग | | : | ए.ई. (मेंटे.) डब्ल्यू. डब्ल्यू. ई.एस.-II |
| बोली क्र. | | : | 2025_एमसीजीएम_1165076_1 |
| विषय | | : | डि. एचई (मेंटे.) अंतर्गत विभिन्न रिजर्वोयर्स के इलेक्ट्रो-क्लोरीनेशन प्लांट हेतु दो वर्षों हेतु ग्रेड-I, 99.5% शुद्धता (आईएस 797-1982 के अनुसार) के कॉमन सॉल्ट की आपूर्ति. |
| बोली आरंभिक तिथि एवं समय | | : | 01.04.2025 को सुबह 11.00 बजे से |
| बोली समाप्ति तिथि एवं समय | | : | 16.04.2025 को सायं. 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी खुलने की तिथि एवं समय | | : | 17.04.2025 को 16.01 बजे के पश्चात |
| वेबसाइट | | : | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति : | | | |
| ए | नाम | : | श्री एस. वी. बाविस्कर, ए.ई. (एम) डब्ल्यू. डब्ल्यू. ई.एस.-II |
| बी | दूरभाष क्र. | : | 022-25153249/50 |
| सी | मोबाइल नं. | : | 9930264964/9004991466 |
| डी | ई-मेल आईडी | : | 1684308@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(हेड वर्क्स) वॉटर वर्क्स

पीआरओ/2945/विज्ञा./2024-25

खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह साफ करें


# उल्हासनगर में चेटीचंड लालसाई की शोभायात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**उल्हासनगर।** रविवार को उल्हासनगर में सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झुलेलाल का अवतरण दिवस हिन्दू नव वर्ष पर भव्य रूप से लाल साई की शोभा महायात्रा निकाली गई, जिस यात्रा में साधु संतों व शहरवासियों राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों ने लालसाई के शोभायात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया,यह शोभायात्रा रविवार सुबह 10 बजे उल्हासनगर कैम्प 2 से उल्हासनगर कैम्प 5 झूलेलाल मंदिर तक लाइसाई की यात्रा निकाली गई,शहर के सड़को की दयनीय हालत



होने के चलते शोभायात्रा में चल रहे भक्तों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा,शहर के सभी रास्तों पर लालसाई के भक्तों द्वारा स्टॉल लगाकर भक्तों का सेवा किया जा रहा था, उल्हासनगर संतो की नगरी के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

# मठ को नोटिस देना अधिकारी को पड़ा भारी

**मुंबई।** मनपा एफ नॉर्थ वार्ड में दो महीने पहले सहायक आयुक्त के पद पर नियुक्त हुए नितिन शुक्ला का दो महीने में ही तबादला कर दिया गया। उन्हें मनपा के बी. वार्ड जो कि मोहम्मद अली रोड और जेजे अस्पताल में परिसर के मुस्लिम इलाके में कर दिया गया है। शुक्ला के खिलाफ एंटॉप हिल के विधायक तमिल सेल्वन ने बिगुल फूंका था जबकि अब यह कहा जा रहा है कि एंटॉपहिल परिसर में बनी सैकड़ों साल पुराने मठ को अवैध बताकर उसे नोटिस दिया उनके तबादले का कारण बना। स्थानीय रहिवासी और




मनपा यूनियन की एक इकाई के लोग शुक्ला के तबादले का विरोध कर रहे हैं और मंगलवार को मनपा एफ नॉर्थ वार्ड पर आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

बता दें कि शुक्रवार को मनपा में हुए भारी भरकम तबादले में एफ नॉर्थ के सहायक आयुक्त नितिन शुक्ला का भी ताबदला कर दिया गया। नितिन शुक्ला ने एफ नॉर्थ वार्ड का पदभार संभालने के बाद माटुंगा स्टेशन परिसर में बने हार फूल के दुकानों का कुछ हिस्सा तोड़ दिया था। हार फूल की दुकान जो कि लाइसेस धारी हैं,लेकिन दुकानों की ऊंचाई और अतिरिक्त भाग को अवैध बताकर तोड़ दिया था,जिसको लेकर विधायक तमिल सेल्वन ने भारी विरोध किया था इतना ही नहीं अधिवेशन के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी इसकी शिकायत की थी। फडणवीस ने मनपा आयुक्त भूषण गगरानी से भी इसकी शिकायत की थी।

# यूनुस की चीन यात्रा का भारत पर प्रभाव

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के प्रत्येक फलक पर वर्तमान में परिवर्तन हो रहे हैं। इससे दक्षिण एशिया भी अछूता नहीं है। भारतीय उपमहाद्वीप सम्प्रति संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। चाहे वह पाकिस्तान के बलूच प्रान्त में अलगाववाद हो या नेपाल में राजतन्त्र के लिए संघर्ष हो अथवा म्यांमार में लोकतंत्र के लिए विप्लव या फिर बांग्लादेश में जुलाई क्रांति के बाद अस्थिरता, इन सबने भारत की विदेश नीति को व्यापक तौर पर प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही भारतीय विदेश नीति नेबरहुड फर्स्ट (पड़ोस प्रथम) की नीति का अनुपालन कर रही है। भारतीय विदेश नीति सहमति, संवाद,सम्मान एवं सहयोग पर अवलम्बित है परन्तु दुर्भाग्यवश दक्षिण एशिया में विशेष तौर पर बांग्लादेश में जो माहौल है उसने भारतीय कूटनीतिज्ञों को विगत 9 माह से उलझा कर रखा है। एक स्थिर पड़ोस किसी भी राष्ट्र की समोन्नति के लिए अनिवार्य है। बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति भारत के भ्-राजनीति एवं भू-सामरिकी के लिए नवीनतम चुनौतियाँ प्रस्तुत कर रही है। हाल ही में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की चीन यात्रा ने दिल्ली की चिंता को बढ़ा दिया है। यह संभव है कि इससे दक्षिण एशियाई खित्ते में एक नए शक्ति संतुलन पर आधारित एक नया भू-राजनीतिक वातावरण आकार लेले। प्रश्न यह उठता है कि दक्षिण एशिया का यह परिदृश्य इतनी तेजी से क्यों परिवर्तित हो रहा है। इससे बचने के लिए भारतीय विदेश नीति के थिंक टैंक को क्या उपाय करना होगा। वस्तुतः बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना-शासन के पतन के बाद भारी राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल देखी गई। 16 वर्षों की सत्ता के अन्त ने जुलाई क्रांति को जन्म दिया जिसमें भारी जनहानि हुई और देश की राजनीतिक दिशा बदल गई हालांकि व्यापक आशाओं के बावजूद बांग्लादेश अब कानून और व्यवस्था की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। क्रांति के दौरान 1500 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई और हजारों घायल हुए। सत्ता से हसीना को बेदखल करने के बाद मोहम्मद यूनुस ने सत्ता सम्हाली। यूनुस के सत्ता में आने के बाद ऐसा नहीं हुआ कि बांग्लादेश के घरेलू पर्यावरण में कोई मौलिक परिवर्तन हुआ हो। बजाय इसके फिर भी बांग्लादेश में हिंसा के बहुत सारे पैतरों की आजमाइश अन्तरिम सरकार के द्वारा की गई। जैसे कभी अल्पसंख्यक समुदाय को निशान बनाया गया तो कभी हसीना समर्थकों के विरुद्ध 'ऑपरेशन डेविल हंट' जैसे हथकंडे अपनाये गए। महत्त्वपूर्ण यह भी रहा कि जिस पाकिस्तान के अत्याचारों से बचने के लिए भाषा के आधार 1971 में एक स्वतंत्र देश के रूप में बांग्लादेश अस्तित्व में आया, उसी पाकिस्तान के साथ वहाँ की अंतरिम सरकार गलबहियाँ करती नज़र आ रही है। अन्तरिम सरकार के प्रमुख यूनुस का इस्लामाबाद के प्रति झुकाव नई दिल्ली के लिए बेहद चिंताजनक है। वस्तुतः बांग्लादेश के राजनीतिक इतिहास पर नज़र डाली जाए तो विदित होता है कि बी.एन.पी. का झुकाव इस्लामाबाद के प्रति रहा है, परन्तु जुलाई क्रान्ति के पहले लगभग दो दशकों तक शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सत्ता में रही। चूंकि सत्ताच्युत होने के बाद शेख हसीना ने भारत में शरण ली, इस कारण अन्तरिम सरकार की कुटिल दृष्टि भारत के प्रति है। भले ही पाकिस्तान के प्रति अपने सम्बन्धों को लेकर मोहम्मद यूनुस मुखर हों लेकिन विगत एक माह में बदलते वैश्विक परिवेश ने उन्हें भारत से वार्ता करने के विषय में सोचने के लिए विवश किया है. यही कारण है कि मोहम्मद यूनुस और उनका प्रशासन विगत कुछ दिनों से अनवरत प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए आतुर रहा हैं परन्तु भारत की तरफ से अब तक कोई सार्थक जवाब नही मिलने के कारण,यह अधर में लटक गया है। इधर मोहम्मद यूनुस ने चार दिन की चीन की यात्रा की है। बांगलादेश की तरफ से यह कहा जा रहा है कि चूंकि भारत से समय माँगा गया था लेकिन उचित जवाब ना मिलने के कारण मोहम्मद यूनुस को चीन की यात्रा करनी पड़ी है जबकि सच्चाई यह है कि मोहम्मद यूनुस ने 'बोआओ फोरम फॉर एशिया' कार्यक्रम में भाग लेने हेतु पूर्व में ही चीनी यात्रा का निर्णय ले लिया था। जो कुछ भी हो, यह यात्रा भारतीय दृष्टिकोण से बेहद महत्त्वपूर्ण है। चीन की चार दिवसीय यात्रा पर 26 मार्च को हैनान पहुंचने के बाद यूनुस ने 'बोआओ फोरम फॉर एशिया' वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसके बाद यूनुस 27 मार्च को बीजिंग पहुंचे जहां चीनी उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वास्तव में मोहम्मद यूनुस की चीन यात्रा का मकसद 'बोआओ फोरम फॉर एशिया' वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेना नही था वरन इसका उद्देश्य शी जिन पिंग से मुलाकात थी। यद्यपि चीन के लिए बांग्लादेश आर्थिक दृष्टि( कुल व्यापार लगभग 17 बिलियन डॉलर का है।) से उतना महत्त्वपूर्ण नही है किन्तु भू-रणनीति के लिहाज से काफी महत्त्वपूर्ण है. कदाचित यही कारण रहा कि चीन ने बांग्लादेश में इतनी दिलचस्पी दिखाई है। इस यात्रा में दोनों देशों के मध्य एक समझौता और 8 समझौता ज्ञापन (एम. ओ. यू.) हुआ। इनमें से मोंगला पोर्ट एवं चटगांव में चीनी आर्थिक एवं औद्योगिक क्षेत्र (सी.इ.आई. जेड) विकसित करने के लिए चीनी कम्पनियों के काम करने पर सहमति बनी. साथ ही तीस्ता नदी को लेकर कॉम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एण्ड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर सहमति बनी है। इसी यात्रा के दौरान बांग्लादेश ने चीन से 2028 तक मुफ़्त व्यापार करने की छूट हासिल कर ली है। अगर इस यात्रा के उद्देश्यों की पड़ताल की जाए तो विदित होता है कि चीन ने भू- राजनीति एवं भू- रणनीति को दृष्टिगत रखते हुए बांग्लादेश की अन्तरिम सरकार के साथ अपने सम्बन्धों को बेहतर करने का यत्न किया है। मोंगला पोर्ट को लेकर चीन की दिलचस्पी कदाचित इस कारण है क्योंकि यहाँ से कोलकाता पोर्ट की निगरानी करना सरल हो जाएगा। तीस्ता के जरिए चीन सिलीगुरी गलियारे के निकट आ जाएगा।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*जितने द्रोही देश के, उन्हें न करना माफ*
*नक्सलियों को कर रहे, वीर हमारे साफ*
*वीर हमारे साफ, पस्त हैं सारे सनकी*
*चुन-चुन हूरें पाइ रहे हैं सब आतंकी*
*कह सुरेश जयचंद रहें जो छुपकर दइया*
*कुछ अज्ञात सखा भारत में भेजो भइया*

# योगी सरकार के उत्कृष्ट आठ साल

> कुंभ 2025 ने अयोध्या, काशी, प्रयागराज धार्मिक पर्यटन त्रिकोण के अलावा कई टूरिस्ट सर्किट का निर्माण कर दिया। योगी से पूर्व की सरकारें जहां धर्म निरपेक्ष की गलत व्याख्या के कारण हिंदू धार्मिक आयोजनों से परहेज रखती थीं वही योगी काल में प्रदेश के इस धार्मिक संपत्ति को पर्यटन और आस्था के अवसर के रूप में प्रस्तुत किया। मंदिरों से लेकर मस्जिदों तक के पुनर्निर्माण में सरकार ने योगदान दिया।

दसवीं की पढाई के लिए मैं सन 1992 में आगे की पढाई के लिए गोरखपुर आया. इसके एक साल बाद ही योगी आदित्यनाथ का आगमन गोरखपुर के नाथ सम्प्रदाय के केंद्र गोरखनाथ मठ में बतौर उत्तराधिकारी हुआ और तबसे ही मुझे उन्हें नजदीक से जानने समझने और अध्ययन करने मौका प्राप्त हुआ. उस समय वो और हम दोनों युवा ही थे। योगी आदित्यनाथ का पूर्वांचल के उस माफिया दौर में आगमन हम सबके लिये सुखद और उम्मीद भरी हवा का झोंका था और शहर को इस झोंके की बहुत जरुरत थी. शहर में बंदूक, दबंगई, जमीन कब्ज़ा, वसूली, व्यापार उत्पीड़न हत्या जैसी ख़बरें आम थी. उस उम्र में मैंने ही कई मारपीट ऐसी देखी जिसमें बंदूक का इस्तेमाल एकदम आम सा हो गया था. दुकानों में जबरदस्ती कोई घुस जाता और मनमाफिक छूट की मांग करता और नहीं मिलने पर गाली गलौज, मारपीट ,तोड़फोड़ तक बात उतर आती थी. हर नव धनाढ्य या उभरते छात्र नेता का शौक टाटा सूमो खरीद उसमें राइफल लटकाना हो चला था. पूर्वांचल समेत पूरा गोरखपुर शहर इस माहौल से सहमा हुआ था. इस माफिया संस्कृति का दबाव छात्र राजनीति पर भी था। इस माहौल में योगी आदित्यनाथ का आगमन एक उम्मीद की किरण साबित हुआ और शुरू के कुछ माह बाद इनके सुबह के वक्त लगने वाले जनता दरबार ने लोगों के लिए उस मंच का काम किया जिसे उस वक्त सबसे अधिक दरकार थी. कानून व्यवस्था और पुलिस से लोगों का भरोसा कम हो गया था क्यूंकि कई बार वह माफिया के दबाव में आ जाते थे. योगी के इस जनता दरबार के प्रयोग और उसमें आये लोगों के समस्या के निवारण हेतु स्वयं ही तुरंत गाड़ी लेकर मौके पर निकल जाना लोगों के लिए उनका रूप मसीहा जैसा बन गया था जो न्याय के लिए किसी भी माफिया से नहीं डरता था. फरियादी के प्रति करुणा और उनका पीड़ा निवारण,



यही उनका उद्देश्य था. नाथ सम्प्रदाय का उत्तराधिकारी होने के कारण माफिया भी उनसे प्रत्यक्ष उलझने से हिचकते थे। इस भूमिका के पार्श्व में योगी सरकार के आठ साल के कार्यकाल उत्कृष्ट अष्ट में यदि मैं पहला स्थान दूंगा तो वह प्रदेश से माफ़िया और बंदूक संस्कृति का समूल नाश. संगठित अपराध और दबंग वसूली पर करारा चोट, पुलिस का इकबाल बुलंद होना, कानून व्यवस्था में लोगों का भरोसा जगना और प्रशासनिक निर्णयों में दबंगई और राजनैतिक हस्तक्षेप को ख़त्म करना. इस उत्कृष्ट अष्ट में दूसरा स्थान मैं दूंगा उत्तर प्रदेश के प्रति देश में धारणा का बदलाव करना और प्रदेश को बीमारू राज्य से निवेश राज्य के प्रतीक में बदलना। अपने दोनों कार्यकाल के प्रथम वर्ष में ही इन्वेस्टर समिट कर उन्होंने प्रदेश की मशीनरी को आगे के पांच साल का एजेंडा और टारगेट दे दिया। आज योगी सरकार अष्ट वर्ष कार्यकाल में निवेश कार्यक्रम सरकार के हर विभाग का प्राथमिकता वाला एजेंडा है. आज जिले से लेकर प्रदेश तक की नीतियों का जब भी निर्माण होता है, उसके पार्श्व में यह देखा जाता है कि क्या यह औद्योगिक एवं रोजगार नीति से संगत है या नहीं। उत्कृष्ट अष्ट में तीसरा है प्रदेश में गांवों से लेकर बिजली व्यवस्था में आमूल चूल सुधार होना। मुझे याद है योगी के अष्ट वर्ष कार्यकाल से पूर्व कस्बों में 5 घंटे सुबह और 5 घंटे बिजली आएगी, इसका ही पैटर्न था. योगी काल से पूर्व गांवों कस्बों में एक हफ्ते सुबह 5 बजे से 10 बजे दिन तक और फिर शाम को 5 बजे तक बिजली रहती थी तो अगले हफ्ते दिन में 10 से 3 बजे दोपहर और रात को 10 बजे से तीन बजे तक बिजली रहती थी. कोई भी रात को ठीक से सो नहीं पाता था और दिन में बिजली के अभाव में व्यवसाय बुरी तरह से प्रभावित होता था. छात्र बुरी तरह से गर्मी से हैरान परेशान रहते थे. इन्वर्टर भी अक्सर डिस्चार्ज हो जाता था, बिजली और ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई तो लोग यह मान बैठते थे कि कई दिन तक बिना बिजली के रहना पड़ेगा. जनरेटर, इन्वर्टर और बैटरी कंपनियों की चांदी आ गई थी. योगी सरकार के अष्ट वर्ष कार्यकाल में यह अब इतिहास का विषय हो गया है और लोगों का इन्वर्टर अब कभी भी डिस्चार्ज नहीं होता. बिजली की पर्याप्त उपलब्धता ने जीवन यापन, विधार्थियों समेत व्यवसाय के लिए एक आधारभूत इंफ्रा का काम किया है। इस उत्कृष्ट अष्ट में चौथा स्थान है एक्सप्रेसवे और सडकों की जाल का निर्माण. योगी काल प्रदेश के जिलों की सड़कों रोड का बुरा हाल होता था. लोग टैक्सी और टेम्पो से सफर करते वक्त हैरान परेशान रहते थे. यात्रा से तमाम परेशानियों के साथ लोग कमर दर्द और पेट की बिमारियों से अक्सर परेशान रहते थे. आज जिले की हर सड़क और लिंक रोड उत्कृष्ट हैं. साथ ही जहां उनके आने से पूर्व दो एक्सप्रेसवे ही था योगी के काल में इनके विस्तार के साथ ही पूरे उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का जाल बिछ गया. मैदानी इलाके का यह प्रदेश जो सनातन धर्म के सर्वाधिक महत्वपूर्ण पुण्य स्थलों को धारण किये हुए है, ने एक्सप्रेससवे के माध्यम से प्रदेश और देश के लोगों का आवगमन सुगम किया जिसने निवेश से लेकर प्रदेश के व्यवसायों और किसानों के आय बढ़ाने की दिशा में एक नया आयाम दिया तथा योजना और मौके के रूप में विकास रूपी रक्त समान रूप से प्रदेश के हर हिस्से में समान रूप से वितरित हुआ जिससे किसान से लेकर व्यापारी सब लाभान्वित हुए। इस उत्कृष्ट अष्ट में पांचवा स्थान मैं दूंगा प्रदेश को एविएशन प्रदेश के रूप में रूपांतरण। योगी काल से पूर्व जहां प्रदेश में तीन ही एयरपोर्ट काम करते थे आज प्रदेश में 21 एयरपोर्ट हैं जिसमें से जेवर एयरपोर्ट समेत 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं. आज हवाई जहाज की सहज उपलब्धता के कारण देश विदेश के लोगों के लिए यूपी आना बहुत आसान हो गया है. जेवर एयरपोर्ट परिक्षेत्र में कार्गो एयरपोर्ट का निर्माण जिससे मैं भी जुड़ा रहा हूँ मेरा मानना है की योगी सरकार का यह इकलौता प्रयास ही प्रदेश को लैंडलॉक से होने वाले अभिशाप से मुक्ति दिलाएगा। उत्कृष्ट अष्ट में छठवां स्थान है सनातन की नव चेतना के विकास के साथ कुंभ को वैश्विक आयोजन बनाना। योगी काल में आयोजित हुए दोनों कुंभ ने देश और विदेश में कीर्तिमान तो स्थापित ही किया, दुनिया में सनातन को लेकर एक नव चेतना को जन्म भी दिया।

**– पंकज गांधी जायसवाल**

# पाक में महिलाओं के लिए कोई जगह नहीं?

हाल में राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा को पार कर 32 वर्षीय हुमारा नामक एक पाकिस्तानी महिला भारत में घुस आई। इस महिला ने भारत में घुसपैठ की जो वजह बताई, उसने पाकिस्तान में औरतों की हालत का आइना दिखा दिया है। जब बीएसएफ ने उसे पकड़ा तो उसके उदास चेहरे, थकी हुई आंखों और दर्द भरी दास्तान ने सिर्फ एक महिला की व्यक्तिगत त्रासदी को बयां नहीं किया बल्कि हुमारा के रूप में पाकिस्तान में महिलाओं की बदतर तस्वीर साफ तौर पर दिखाई। हुमारा ने बताया कि वह पाकिस्तान में लगातार घरेलू हिंसा का शिकार हो रही थी। उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो परेशान होकर भारत आई क्योंकि भारत में महिलाओं का बहुत मान-सम्मान है। यह कहानी किसी एक महिला हुमारा की नहीं है बल्कि पाकिस्तान की उन लाखों महिलाओं की है जो वहां ऑनर किलिंग, जबरन विवाह, घरेलू शोषण और यौन हिंसा जैसी अमानवीय परिस्थितियों का सामना कर रही हैं। पाकिस्तान में महिलाओं को सांस्कृतिक रूप से दूसरे दर्जे के नागरिकों के रूप में माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र और कई मानवाधिकार संगठनों की रिपोर्ट्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में महिलाओं की स्थिति चिंताजनक है। एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा लगातार आम होती जा रही है। ह्यूमन राइट्स वॉच की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा, बलात्कार, ऑनर किलिंग, एसिड अटैक, घरेलू हिंसा और जबरन शादी जैसी घटनाएं एक गंभीर समस्या बनी हुई हैं। पाकिस्तानी सामाजिक कार्यकर्ताओं का अनुमान है कि हर साल लगभग 1,000 ऑनर किलिंग होती हैं। पाकिस्तान में सरकार ने जबरन विवाह को रोकने के लिए बहुत कम किया है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि पाकिस्तानी लड़कियों का बाल विवाह बड़ी समस्या है। पाकिस्तान में बाल वधुओं की संख्या दुनिया में छठे स्थान पर है। पाकिस्तान मानाधिकार आयोग के मुताबिक पाकिस्तान में घरेलू हिंसा चिंता का विषय है। 90 प्रतिशत से




अधिक महिलाओं ने अपने जीवन काल में घरेलू हिंसा का सामना किया है। लेकिन अधिकांश मामलों में महिलाएं न्याय से वंचित रह जाती हैं क्योंकि वहां कानूनी और सामाजिक ढांचे पितृसत्ता के पक्ष में झुके हुए हैं। यह स्थिति कितनी दुखद है कि हर साल सैकड़ों महिलाएं अपने ही परिवार के हाथों सिर्फ इसलिए मारी जाती हैं क्योंकि उन्होंने अपनी मर्जी से शादी करने या घर की परंपराओं के खिलाफ जाने की हिम्मत की। दुष्कर्म की शिकार महिलाओं को पाकिस्तान में न्याय मिलना बेहद मुश्किल होता है क्योंकि अपराधियों को सामाजिक, धार्मिक और कानूनी संरक्षण मिल जाता है। पाकिस्तान में महिला साक्षरता दर पुरुषों से काफी कम है। पाकिस्तान की साक्षरता दर में सबसे व्यापक समस्याओं में से एक पुरुषों और महिलाओं के बीच अंतर होना है। पिछले साल के आंकड़ों के अनुसार वहां पुरुषों की साक्षरता दर महिलाओं की तुलना में बेहतर है। पाकिस्तान में लगभग 72 प्रतिशत लोग साक्षर हैं जबकि लगभग 52 प्रतिशत महिलाएं पढ़-लिख सकती हैं। वहां कई जगहों पर लड़कियों को स्कूल जाने से रोका जाता है। हुमारा का भारत आना केवल एक महिला के रूप में उसकी त्रासदी ही नहीं है बल्कि पाकिस्तान की सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था की असफलता का भी प्रतीक है। जब एक महिला को अपने ही देश में सुरक्षा न मिले तो वह कहीं और आश्रय ढूंढने को मजबूर होती है। भारत में भी महिलाओं की स्थिति पूरी तरह आदर्श नहीं कही जा सकती है लेकिन यहां कम से कम उन्हें संवैधानिक अधिकार और कानूनी संरक्षण तो मिलता है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए कड़े कानून हैं और उन्हें न्याय मिलता ही है। हुमारा पाकिस्तान नहीं लौटना चाहती थी। उसने पाकिस्तान वापस जाने से साफ इनकार कर दिया था और भारत में शरण मांगी थी। उसका कहना था कि अगर वह पाकिस्तान लौटेगी तो उसे मार दिया जाएगा लेकिन आखिरकार उसे पाकिस्तानी रेंजर्स के सुपुर्द कर दिया गया है। रोती हुई हुमारा पाकिस्तानी चली गई है लेकिन पीछे छोड़ गई है अनेक सवाल, जो पाकिस्तानी महिलाओं से जुड़े हैं। हुमारा सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक आवाज है उन हजारों पाकिस्तानी महिलाओं की जो हर दिन उत्पीडन का शिकार होती हैं। हुमारा ने गैर कानूनी तरीके से सरहद पार की, वह गोली का शिकार भी हो सकती थी पर फिर भी उसने ऐसा किया। हुमारा का सीमा पार करना यह सवाल खड़ा करता है कि आखिर कब तक पाकिस्तान में महिलाएं असमानता, हिंसा और अन्याय की शिकार होती रहेंगी? यह वक्त पाकिस्तान, मानाधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे संगठनों और महिला अधिकारों की लड़ाई लडने का दम भरने वाली संस्थाओं के लिए आत्ममंथन का है। पाकिस्तान में महिलाओं के अधिकारों को सिर्प कागजों पर नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर लागू करना होगा। अन्यथा हुमारा जैसी और भी महिलाएं किसी न किसी देश की सीमा को पार करने के लिए मजबूर होती रहेंगी।

**– शिवानंद मिश्रा**

# बड़े काम के उपवास

देश भर में ईद का पर्व सोल्लास संपन्न हो गया है। लगभग एक माह से देश भर में रमजान चल रहे थे । अंतिम रोजे के साथ ही नवरात्र भी शुरू हो गए हैं । राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टि से रमज़ान एवं नवरात्र के बारे में काफी कुछ कहा जा रहा है लेकिन इन दोनों में एक ख़ास बात यह है कि रोज़ो में जहां मुसलमान उपवास रखते हैं और सहरी के बाद दिन भर रोज़ा खुलने तक खाना तो दूर की बात, पानी की एक बूंद तक भी नहीं पीते हैं वहीं नवरात्र में भी हिंदू समुदाय के लोग व्रत उपवास करते हैं । अब दोनों के खाने-पीने की शैली और सामग्री अलग हो सकते हैं लेकिन रमज़ान और नवरात्र में जो बात कॉमन है वह है उपवास। उपवास की परंपरा हिंदुस्तान में कोई नई परंपरा नहीं है अपितु सदियों से उपवास रखे जाते रहे हैं अब सोचने की बात यह है कि क्या रोज़ा या उपवास केवल मजहब पंथ अथवा धर्म से ही जुड़े हैं अथवा इनका कुछ और भी आधार एवं लाभ है। व्रत और उपवास का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक पहलुओं को जोड़ते हैं । भारतीय संस्कृति में व्रत और उपवास धर्म के साथ ही लंबे समय से स्वास्थ्य लाभों के लिए भी रखे जाते रहे हैं। चिकित्सा विज्ञान भी अब इसके कुछ लाभों को रेखांकित कर रहा है। उपवास के दौरान भोजन का सेवन कम या बंद होने से पाचन तंत्र को आराम मिलता है। इससे पेट और आंतों की सफाई होती है और शरीर विषाक्त पदार्थों (टॉक्सिन्स) को बाहर निकालने में सक्षम होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, नियंत्रित उपवास यानी इंटरमिटेंट फास्टिंग इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है और टाइप-2 डायबिटीज का जोखिम कम होता है। उपवास से कैलोरी की मात्रा सीमित होती है जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है। यह शरीर में इकट्ठा हो रही चर्बी को ऊर्जा के रूप में उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है। उपवास के दौरान शरीर में ऑटोफैजी की प्रक्रिया शुरू होती है जिसमें पुरानी और क्षतिग्रस्त कोशिकाएं साफ होती हैं. इससे स्वास्थ्य में सुधार होता है। उपवास से मस्तिष्क में केटोन्स का स्तर बढ़ता है जो मस्तिष्क के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत के रूप में कार्य करता है। इससे एकाग्रता और मानसिक स्पष्टता में वृद्धि होती है। व्रत उपवास से तनाव में भी कमी होती है। उपवास हार्मोनल संतुलन को बेहतर करता है, जैसे कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) को नियंत्रित करके मानसिक शांति प्रदान करता है। इतना ही नहीं व्रत करने से आत्म-अनुशासन बढ़ता है जो मानसिक दृढ़ता और संयम को मजबूत करता है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि उपवास कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर को कम करता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा घटता है और शरीर में सूजन को कम करता है, जो कई पुरानी बीमारियों जैसे गठिया और कैंसर का कारण बनती है। व्रत एवं उपवास करने से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूती मिलती है नियंत्रित उपवास से इम्यून सिस्टम रीसेट हो सकता है, जिससे शरीर रोगों से लड़ने में अधिक सक्षम बनता है।

**– डॉ. घनश्याम बादल**

आज का कार्टून




साभार

# 'भगवा आतंकवाद' का नैरेटिव

साध्वी प्रज्ञा से दिशा सालियान तक परमबीर सिंह की वर्दी पर कई छींटे लगे है। जब सलमान खान को मुंबई पुलिस खोज रही थी, तब उनके साथ ये पार्टी कर रहे थे। यही नहीं, कोर्ट इन्हें 'भगोड़ा' भी घोषित कर चुकी है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या तथाकथित प्रभावशाली लोगों के चलते सत्य पर से पर्दा कभी नहीं उठेगा या न्याय के लिए प्रतिबद्ध लोग सच के लिए नकाबों को नोच कर दम लेगें। दिशा सालियान की मौत के मामले में उनके पिता सतीश सालियान ने मुंबई पुलिस में लिखित शिकायत देकर शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे, एक्टर डिनो मोरिया, सूरज पंचोली और कुछ पुलिस वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सतीश सालियान का दावा है कि उनकी बेटी के साथ गैंगरेप हुआ और फिर उसकी हत्या कर दी गई। इस शिकायत में आदित्य ठाकरे को मुख्य आरोपित बताया गया है, साथ ही तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर सच को दबाने का इल्जाम लगाया गया है। वकील नीलेश ओझा ने कहा कि ये शिकायत जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस ने स्वीकार कर ली है और इसमें परमबीर सिंह का नाम भी है जो उस वक्त मुंबई पुलिस कमिश्नर थे। ओझा का कहना है कि परमबीर ने सबूत मिटाने और मामले को रफा-दफा करने में अहम रोल निभाया। परमबीर सिंह को इस एफआईआर में कवरअप का मास्टरमाइंड कहा गया है। शिकायत में दावा है कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके झूठ बोला और आदित्य ठाकरे को बचाने की कोशिश की। सतीश सालियान और उनके वकील का आरोप है कि परमबीर ने पुलिस की ताकत का गलत इस्तेमाल किया और सच को सामने आने से रोका। ये पहली बार नहीं है जब परमबीर सिंह किसी विवाद में फँसे हों। परमबीर का नाम पहले भी कई बड़े मामलों में आ चुका है जहाँ उन पर गंभीर इल्जाम लगे हैं। साल 2008 के मालेगांव बम धमाके में कर्नल श्रीकांत पुरोहित को आरोपित बनाया गया था। कर्नल ने कोर्ट में बताया कि परमबीर सिंह और एटीएस के अफसरों ने उन्हें टॉर्चर किया। उनके साथ मारपीट, गालियाँ और प्राइवेट पार्ट्स पर हमला किया गया ताकि वो 'भगवा आतंकवाद' का नैरेटिव कबूल लें। कर्नल का कहना है कि परमबीर ने कॉन्ग्रेस की शह पर उन्हें फँसाया और उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी। परमबीर सिंह पर साध्वी प्रज्ञा को प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं। प्रज्ञा ने कहा था कि मालेगांव केस में उन्हें हिरासत में टॉर्चर किया गया, उन्हें बेल्ट से इस तरह पीटा गया कि उन्हें वेंटीलेटर तक पर जाना पड़ा। उनकी रीढ़ की हड्डी भी टूट गई। उन्हें पोर्न दिखाकर भद्दे सवाल पूछे गए। साध्वी का दावा है कि परमबीर ने 'भगवा आतंक' का झूठा नैरेटिव बनाने के लिए ये सब किया। साल 2012 में सलमान खान के हिट एंड रन केस में सलमान खान के पास समन ही नहीं पहुँचा क्योंकि पुलिस ने कहा वो शहर से बाहर हैं। बाद में खुलासा हुआ कि सलमान उस वक्त मुंबई में ही परमबीर सिंह के साथ पार्टी कर रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, परमबीर ने सलमान को बचाने की पूरी कोशिश की। इसमें कई सवाल उठे लेकिन वर्दी के प्रभाव के कारण वे सवाल ही बन कर रह गये। यही नहीं, रिटायर्ड एसीपी शमशेर खान पठान ने दावा किया कि 26/11 हमले में कसाब के पास से मिला फोन परमबीर ने अपने पास रख लिया बताया। इस फोन से पाकिस्तान के हैंडलर्स का पता चल सकता था लेकिन परमबीर ने इसे जाँच टीम को नहीं दिया। पठान ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा था कि 26/11 के बाद कसाब के पास से मिले जिस फोन को परमबीर सिंह ने जब्त किया, कथित तौर पर उसी फ़ोन पर कसाब को उसके आका पाकिस्तान से ऑर्डर दे रहे थे। मुंबई अटैक 26/11 के दौरान परमबीर सिंह पर आतंकियों से मुकाबला करने से इनकार करने का आरोप लगा। तत्कालीन कमिश्नर हसन गफूर ने कहा कि परमबीर और कुछ अफसर ड्यूटी से पीछे हट गए। एक पीआईएल में भी दावा किया गया कि उनकी लापरवाही की वजह के कारण कई जानें नहीं बचाई जा सकी। जानकारी के अनुसार 2009 में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के तुरंत बाद हमले के दौरान कर्तव्य की लापरवाही के आरोप में परमबीर सिंह और तीन अन्य अतिरिक्त पुलिस कमिश्नरों के खिलाफ याचिका दायर की गई थी। साल 2009 में परमबीर पर प्रोवोग के को-ओनर सलिल चतुर्वेदी को ड्रग केस में फँसाने का इल्जाम लगा। सीआईडी की जाँच में पता चला कि परमबीर की टीम ने चतुर्वेदी के घर में कोकीन प्लांट की थी लेकिन जब स्थिति स्पष्ट हुई तो बाद में चतुर्वेदी बरी हो गए। महाराष्ट्र में एसीबी के डीजी रहते हुए परमबीर पर अजित पवार को सिंचाई घोटाले में क्लीनचिट देने का भी आरोप लगा था। इस घोटाले में अजित पवार पर करोड़ों के गबन का आरोप था लेकिन परमबीर सिहं की आंखें कुछ भी काला नहीं देख पाई।

**–रामस्वरूप रावतसरे**

# मधुबनी से पीएम मोदी देश को देंगे हजारों करोड़ की सौगात

**बिहार में मनेगा राष्ट्रीय पंचायत दिवस 2025**



महानगर नेटवर्क

**मधुबनी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर बिहार दौरे पर आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद पीएम अब तक तीन बार बिहार आ चुके हैं। बिहार भाजपा के नेताओं के अनुसार पीएम का हर महीने एक बार बिहार दौरा हो सकता है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 24 अप्रैल को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए पीएम का यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को देश में राष्ट्रीय पंचायत दिवस का आयोजन किया जाता है। इस बार यह आयोजन बिहार में हो रहा है। पीएम इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। समारोह में पूरे बिहार के पंचायती राज प्रतिनिधि भाग लेंगे। उस दिन पीएम पंचायती राज से संबंधित हजारों करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। उसी दिन पीएम पटना में हवाई अड्डा के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण और बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास भी कर सकते हैं।

पीएम के दौरे को लेकर सरकार के सभी विभागों की ओर से उद्घाटन व शिलान्यास किए जाने वाले कार्यक्रमों की सूची बनाई जा रही है। सोमवार को केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने मधुबनी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मधुबनी के जिला परिसदन सभागार में हुई इस बैठक में बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा सहित एनडीए के प्रमुख नेता व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है।

# ईद के मौके पर माहौल को बिगाड़ने की कोशिश

- ईदगाह के गेट पर 'जय श्री राम' लिखा



महानगर नेटवर्क

**हाजीपुर**

हाजीपुर में ईद के मौके पर माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की गई है। असामाजिक तत्वों ने ईदगाह के गेट पर 'जय श्री राम' लिख दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया, जिसके बाद खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने फौरन मोर्चा संभाला और हालात को सामान्य करने की कोशिश की। पुलिस की देखरेख में ईदगाह की दीवार पर लिखे गए सभी शब्दों को मिटा दिया गया है। मामला विदुपुर थाना क्षेत्र के माइल गांव की दरगाह का है। इस घटना से मुस्लिम समाज के लोगों में नाराजगी है। हालांकि अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया है। इस मामले के सामने आने के बाद अनुमंडल पुलिस अधिकारी ओम प्रकाश और अनुमंडल अधिकारी रामबाबू बैठा बड़ी संख्या में फोर्स के साथ मौके पर तैनात हुए और मुस्लिम समाज के लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत करवाया।

**अनुमंडल अधिकारी रामबाबू बैठा ने क्या कहा?**

इस मामले में अनुमंडल अधिकारी रामबाबू बैठा ने बताया कि बदमाश टाइप के कुछ लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में प्राथमिकी भी की जा रही है और कार्रवाई भी की जाएगी। बदमाश लोगों द्वारा ईदगाह की दीवार पर कुछ लिख दिया गया है, जो आप सभी जानते हैं। वर्तमान में स्थिति सामान्य है और कुछ तनाव जैसा नहीं है। कार्रवाई भी की जा रही है और प्राथमिकी भी हो रही है। हालांकि ईद के मौके पर सभी जगह ईदगाह और मस्जिदों के पास पुलिस की तैनाती की गई थी।

अगर कोई संपत्ति...

# वक्फ संशोधन बिल पर जेडीयू ने केंद्र सरकार को दिए तीन सुझाव

महानगर नेटवर्क

**पटना**

केंद्र सरकार जल्द ही वक्फ संशोधन बिल को सदन में पेश कर सकती है। इससे पहले एनडीए की सहयोगी पार्टी जेडीयू ने सरकार को तीन सुझाव दिए हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सरकार ने उनको आश्वासन मिला है कि जब ये बिल चर्चा के दौरान आएगा तो उनके इन सुझावों को शामिल किया जाएगा। आइए जानते हैं कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू ने सरकार को कौन से तीन सुझाव दिए हैं।

जेडीयू ने सरकार से कहा है, जमीन चूंकि राज्य का मामला है, लिहाजा नए कानून में भी यही प्राथमिकता बरकरार रहे। जेडीयू का दूसरा सुझाव है कि नया कानून पूर्वप्रभावी लागू नहीं होगा, बशर्ते कि वक्फ संपत्ति पंजीकृत हो। मतलब जो वक्फ संपत्तियां रजिस्टर्ड हैं, उन पर असर नहीं पड़ेगा लेकिन कोई विवादित या सरकारी संपत्ति है, जो रजिस्टर्ड नहीं है,





**नीतीश की पार्टी का तीसरा सुझाव**

साथ ही अगर कोई वक्फ संपत्ति सरकारी जमीन पर है तो उसका फैसला भी बिल के मुताबिक होगा। नीतीश की पार्टी का तीसरा और आखिरी सुझाव है कि अगर कोई वक्फ संपत्ति पंजीकृत नहीं है, लेकिन उस पर अगर कोई धार्मिक भवन मसलन मस्जिद, दरगाह आदि बनी हो तो उसको तोड़ा ना जाए। उसका स्टेटस बरकरार रखा जाए। उधर, कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने सोमवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वक्फ विधेयक के पेश किए जाने पर नीतीश कुमार संसद में उसके खिलाफ रुख अपनाएंगे।

उसके भविष्य का फैसला वक्फ बिल में तय मानकों के हिसाब से होगा।

# शादीशुदा गर्लफ्रेंड से मिलने गया युवक

**परिजनों ने पीट-पीटकर मार डाला**



महानगर नेटवर्क

**सीतामढ़ी**

सीतामढ़ी जिला अंतर्गत भिट्ठा थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बंटोलवा गांव में एक 22 वर्षीय युवक को उस समय हत्या कर दी गई। युवक रात के अंधेरे में अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने गया था, तभी विवाहिता का पति और उसके परिजनों ने पीट-पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। युवक का विवाहिता के साथ पिछले तीन चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। विवाहिता सुंदरपुर बंटोलवा गांव निवासी जगदीश राय की पत्नी बतायी जा रही है।

**दिल्ली से गांव आया था राजा**

जानकारी के अनुसार चोरौत थाना क्षेत्र के चिकना गांव निवासी रामाश्रय राय के 22 वर्षीय बेटे राजा कुमार दिल्ली में होटल में काम करता था। एक सप्ताह पूर्व ही अपने घर आया था। राजा अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था, जहां घर के लोगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दिया। मृतक राजा कुमार के पिता रामाश्रय राय ने बताया कि राजा कब सुंदरपुर गया परिवार के लोगों को इसकी भनक नहीं लगी।

**जांच में जुटी पुलिस**

इसी बीच, पुलिस को सूचना मिली कि जगदीश राय के घर एक युवक को पीट पीटकर अधमरा कर दिया है। पुलिस युवक को अस्पताल लेकर जा ही रही थी कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में जगदीश राय और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस जगदीश राय की पत्नी से पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# नीतीश के करीबी गुलाम गौस की लालू से मुलाकात

बिहार में गरमाई सियासत

महानगर नेटवर्क

**पटना**

बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी कहे जाने वाले JDU एमएलसी गुलाम गौस की अचानक लालू प्रसाद यादव से मुलाकात काफी चर्चा में है।

ईद के मौके पर सोमवार को अचानक जदयू एमएलसी गुलाम गौस राबड़ी देवी के आवास पर पहुंचे। यहां गुलाम गौस की लालू प्रसाद यादव से मुलाकात हुई है।



यहां आपको बता दें कि वक्फ बिल में संशोधन को लेकर कई मुस्लिम संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। कुछ मुस्लिम संगठनों ने मांग की थी कि नीतीश कुमार भी इस बिल के खिलाफ उनका समर्थन करें। मुस्लिम नेता गुलाम गौस और लालू प्रसाद यादव की यह मुलाकात इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि केंद्रीय मंत्री अमित शाह का एक दिन पहले ही बिहार दौरा खत्म हुआ है और अगले दिन जदयू एमएलसी ने लालू से भेंट की है।

**क्या बोले गुलाम गौस...**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को गुलाम गौस ने ईद की मुबारकबाद दी है। मीडिया से बातचीत में गुलाम गौस ने कहा कि रमजान का महीना बेहद पाक होता है। अपनी इंद्रियों पर काबू पाना ही रोजा होता है। असली जिहाद बुराइयों के खिलाफ लड़ना और अपने मन को पाक साफ रखना ही है। गुलाम गौस ने लालू प्रसाद यादव से अपनी मुलाकात को व्यक्तिगत बताया और इसे राजनीतिक रंग ना देने की अपील की है।

# बिहार में विकास नहीं दिख रहा तो इलाज कराएं

**लालू, कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी पर नित्यानंद राय बरसे**

**पटना।** बीजेपी के चाणक्य और केंद्रीय गृह मंत्री के बिहार दौरे और चुनावी शंखनाद से बिहार भाजपा में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। हालांकि एनडीए की सरकार में बिहार के विकास के शाह की गर्जना से विपक्षी दल असहमत हैं। खासकर लालू प्रसाद की राजद, कांग्रेस और महागठबंध के अन्य दलों ने बीजेपी के दावों को जुमला करार दिया है। इस पर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की तीखी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा है कि अगर विपक्ष को विकास नहीं दिख रहा है तो उन्हें इलाज करना चाहिए। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि अमित शाह का बिहार दौरा राज्य के लिए अभूतपूर्व रहा। उन्होंने प्रदेश को कई सौगातें दी। लेकिन विपक्ष को कुछ दिख ही नहीं रहा है।

# होमगार्ड अभ्यर्थियों को पुलिस ने जड़ा थप्पड़

छात्रों ने बुलडोजर और ट्रक पर चढ़कर किया प्रदर्शन, लाठीचार्ज



**पटना ।** बिहार में होमगार्ड अभ्यर्थियों ने बिहार के तीन जिलों पुलिस जिला नवगछिया, बगहा और अरवल में आवेदन प्रक्रिया ना शुरू होने के विरोध में प्रदर्शन किया और जमकर नवगछिया जीरोमाइल चौक पर हंगामा किया. बिहार होमगार्ड भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च 2025 से शुरू हुई, लेकिन कुछ जिलों में अभी तक आवेदन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है, जिसके विरोध में होमगार्ड अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया.

**लंबा जाम लगा दिया**

नवगछिया पुलिस जिला में नवगछिया जीरोमाइल एनएच-31 पर सैकड़ों होमगार्ड अभ्यर्थी उतर गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया. बीच सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया. दर्जन भर अभ्यर्थी बुलडोजर और ट्रकों पर चढ़कर प्रदर्शन करने लगे. इसके बाद पुलिस ने अभ्यर्थियों को समझाया लेकिन अभ्यर्थी अपनी मांग पर अड़े रहे.

# प्रेमी से बदला लेने के लिए मां ने खुद कर दिया बेटे का अपहरण

- पुलिस जांच में हुआ सनसनीखेज खुलासा



महानगर नेटवर्क

**मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने प्रेमी से धोखा खाने के बाद अपने ही बेटे के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ दी। साजिश इतनी गहरी थी कि पुलिस भी पहले चौंक गई, लेकिन जब जांच आगे बढ़ी,तो सच्चाई ने सभी को हैरान कर दिया। जम्हरुआ गांव की रहने वाली रेणु देवी (28) का वैशाली जिले के इब्राहिमपुर निवासी कौशल कुमार (32) के साथ प्रेम संबंध था। दोनों के बीच शादी का वादा हुआ था, लेकिन कौशल ने किसी और से विवाह कर लिया। महिला ने मनियारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि कौशल और उसके भाई अभिषेक कुमार ने उसके बेटे का अपहरण कर लिया है।

**पुलिस जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा**

पुलिस ने जब मामले की गहराई से जांच शुरू की, तो महिला के बयानों में कई विरोधाभास पाए गए. गहराई से छानबीन करने पर पता चला कि महिला ने खुद ही अपने बेटे को उसकी मौसी के घर भेज दिया था और प्रेमी से बदला लेने के लिए यह झूठी कहानी गढ़ी थी. इस मामले का खुलासा एसडीपीओ वेस्ट 2 अनिमेष चन्द्र ज्ञानी ने किया. उन्होंने बताया कि पुलिस की तत्परता से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया ।

# एक ही परिवार के तीन लोगों की संदेहास्पद मौत से सनसनी

**पुलिस पर गंभीर आरोप**

महानगर नेटवर्क

**बेगूसराय**

बेगूसराय में तीन दिनों में एक ही परिवार के तीन लोगों की संदेहास्पत मौत से सनसनी फैल गयी है। इस मामले में पुलिस पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। मजोसडीह गांव में रविवार की रात एक अधेड़ की संदेहास्पद मौत हो गई। मृतक की पहचान मजोसडीह निवासी रामलगन सिंह के करीब 50 वर्षीय पुत्र बालमुकुंद सिंह के रूप में हुई है।

ग्रामीण दीपक कुमार सिंह, अरुण सिंह आदि ने बताया कि विगत दो दिन पूर्व राम लगन सिंह के घर में आपसी विवाद को लेकर स्वर्गीय राजेश कुमार सिंह की 22 वर्षीया पुत्री काजल कुमारी एवं बालमुकुंद सिंह की पत्नी शीलू देवी (35 वर्ष) के बीच हुई विवाद के बाद दोनों ने





फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने बाल मुकुंद सिंह को हिरासत में थाना ले गई थी।

घटना के बाद सामाजिक रूप से दोनों शवों का दाह- संस्कार कर दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के एक दिन बाद 29 मार्च की शाम बछवाड़ा थाने की पुलिस मजोसडीह गांव पहुंचकर बालमुकुंद सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने पर ले गई थी। पुलिस हिरासत में ले जाने के दौरान बालमुकुंद सिंह काफी स्वस्थ थे किंतु कुछ देर बाद ही ग्रामीणों को सूचना मिली कि बालमुकुंद सिंह की तबीयत खराब है। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए बेगूसराय रेफर कर दिया गया। बेगूसराय ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बछवाड़ा थाने पर पुलिस की पिटाई से बालमुकुंद की मौत होने का आरोप लगाया है। समाचार प्रेषण तक बालमुकुंद सिंह का शव उनके मजोसडीह स्थित गांव में पैतृक आवास के बाहर रखा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस शव के पोस्टमार्टम में रुचि नहीं ले रही है। ग्रामीणों ने बछवाड़ा थाने पर पुलिस की पिटाई से बालमुकुंद की मौत होने का आरोप लगाया है।

# 10 करोड़ की लूट का आरोपी फरार

महानगर नेटवर्क

**मुंगेर**

मुंगेर जिले के एक होटल से अंबाला बैंक लूट का अभियुक्त फरार हो गया। दरसअल हरियाणा पुलिस आरोपी को रिमांड पर मुंगेर लाई थी। असरगंज थाना क्षेत्र के लदौआ मोड स्थित एक होटल में पुलिस टीम ठहरी थी। सोमवार की सुबह शौचालय की वेंटीलेटर विंडो खोल कर आरोपी फरार हो गया। आरोपी चौरगाव निवासी मिथुन बिंद हैं, जो हरियाणा के अंबाला जिले में सितंबर 2023 में कोऑपरेटिव बैंक से करीब 8 से 10 करोड़ लूट कांड का अभियुक्त है।

अभियुक्त के फरार होने की घटना से हड़कंप मच गया। असरगंज पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कर फरार अभियुक्त के विरुद्ध छापेमारी चला रही है। हालांकि अभी तक फरार अभियुक्त का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## व्यापार

BofA का अनुमान

# RBI फिर कर सकता है रेपो रेट में कटौती

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

बैंक ऑफ अमेरिका (BofA) ग्लोबल रिसर्च के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) अप्रैल में होने वाली मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक में रेपो रेट में कटौती कर सकता है।

अनुमान है कि RBI रेपो रेट में 25 आधार अंक (0.25%) की कटौती कर इसे 6% तक ला सकता है। इस फैसले के पीछे प्रमुख कारण मुद्रास्फीति (इन्फ्लेशन) का अगले कुछ महीनों तक 4% से नीचे बने रहना और रुपए पर दबाव में कमी बताई जा रही है। बैठक 7 अप्रैल से शुरू होगी और इसके नतीजों का ऐलान 9 अप्रैल को होगा।

**2025 के अंत तक 5.5% पहुंचने की उम्मीद**





**रेपो रेट में कटौती के कारण**

**इन्फ्लेशन कंट्रोल:** BofA का कहना है कि महंगाई काबू में है, जिससे RBI के पास दरों में कटौती की गुंजाइश है।

**ग्रोथ की सुस्ती:** देश की आर्थिक वृद्धि दर (GDP) अपेक्षाकृत धीमी होने के कारण नीतिगत दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई है।

**आयात शुल्क का असर:** 2 अप्रैल से लागू होने वाले नए आयात शुल्क से थोड़ी अनिश्चितता रह सकती है, लेकिन इसका MPC के फैसले पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

**2025 के अंत तक और कटौती संभव:** BofA को उम्मीद है कि 2025 के अंत तक रेपो रेट 5 .5% तक आ सकता है यानी इस साल कुल 1% (100 आधार अंक) की कटौती की जा सकती है।

**Vi को सरकार से बड़ी राहत**

# 36,950 करोड़ रुपए के नए शेयर अधिग्रहण को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया (Vi) को केंद्र सरकार से बड़ी राहत मिली है। सरकार ने कंपनी की स्पेक्ट्रम नीलामी की बकाया राशि के बदले 36,950 करोड़ रुपए के नए शेयर अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद सरकार की हिस्सेदारी मौजूदा 22.6% से बढ़कर 48.99% हो जाएगी।

**सरकार के फैसले से Vi को मिलेगा 5G में निवेश का मौका**

वोडाफोन आइडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि संचार मंत्रालय ने कंपनी को स्पेक्ट्रम बकाया राशि के बदले सरकार को इक्विटी शेयर जारी करने का निर्देश दिया है। यह फैसला टेलीकॉम सेक्टर के लिए 2021 में घोषित सुधार पैकेज





के तहत लिया गया है। इस राहत से वोडाफोन आइडिया को 5G नेटवर्क के विस्तार और वित्तीय स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी। Vi को 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले 3,695 करोड़ इक्विटी शेयर 10 रुपए के निर्गम मूल्य पर जारी करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रक्रिया भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) और अन्य नियामकों की मंजूरी के बाद 30 दिनों के भीतर पूरी होगी।

# टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड की महत्वपूर्ण उपलब्धि

महानगर नेटवर्क

**मुंबई**

टाटा न्यू और एचडीएफसी बैंक ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। टाटा न्यू एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने जारी किए हुए कार्ड्स की संख्या 20 लाख पर पहुंच चुकी है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करके टाटा नेउ-एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ने भारत के पसंदीदा रिवॉर्ड क्रेडिट कार्ड में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत किया है। यह उपलब्धि देश भर के ग्राहकों को मूल्य और एक सहज रिवॉर्ड इकोसिस्टम प्रदान करने में कार्ड की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित करती है। अगस्त 2022 में लॉन्च होने के बाद से, टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक

**जारी किए कार्ड की 20 लाख संख्या पार हुई**





क्रेडिट कार्ड ने प्रगति की बड़ी छलांग लगाई है। भारतीय क्रेडिट कार्ड बाज़ार में सबसे सरल और पारदर्शी रिवॉर्ड इकोसिस्टम की पेशकश करने के लिए यूज़र्स इसे काफी ज़्यादा पसंद करते हैं। जारी किए गए नए कार्डों की एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी (Q3 FY25-RBI में जारी किए गए 13% से ज़्यादा नेट नए कार्ड) के साथ, इसने देश भर के ग्राहकों का विश्वास और वफादारी तेज़ी से हासिल की है। गौरव हजराती, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, फायनेन्शियल सर्विसेस, टाटा डिजिटल ने कहा,"टाटा डिजिटल में, हम अपने ग्राहकों के लिए लाभों को अधिक फायदेमंद और पारदर्शी बनाकर क्रेडिट कार्ड के अनुभव में क्रांति लाने के लिए समर्पित हैं।

# आईजीआई ने की 'मोमेंट्स कैंपेन' की शुरुआत

**मुंबई।** इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (आईजीआई) पूरी दुनिया में डायमंड सर्टिफिकेशन में सबसे आगे है, जिसने आज 'मोमेंट्स कैंपेन' के शुभारंभ की घोषणा की है। पहली बार लोगों को जानकारी देने के लिए इस तरह की पहल की गई है, जो अधिक मूल्य वाले हीरों की खरीदारी करते समय आईजीआई सर्टिफिकेशन प्राप्त करने की अहमियत को और मजबूती देता है। हीरे दिल की गहराइयों में बसे जज़्बातों और प्यारी यादों के प्रतीक हैं, जिन्हें इस पहल के ज़रिये सामने लाया गया है, साथ ही उनके प्रामाणिक और अनमोल होने में आईजीआई सर्टिफिकेशन के महत्व पर भी बल दिया गया है। यह कैंपेन रिश्तों का बड़ा ही खूबसूरत ताना-बाना पेश करता है, जिसमें हीरे ज़िंदगी के सबसे मूल्यवान लम्हों को आपस में जोड़ने वाले धागे की तरह हैं। दूल्हे की ओर से डायमंड रिंग का तोहफा हमेशा के लिए किए गए वादे का प्रतीक है, और "आपका वादा आईजीआई प्रमाणित है।" कॉर्पोरेट जगत से नाता रखने वाले एक महिला का डायमंड नेकलेस उसकी कड़ी मेहनत से हासिल की गई ।

# सोने की कीमतों में ऐतिहासिक उछाल!

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

सोमवार को सोने की कीमतों ने इतिहास रचते हुए पहली बार 3,100 डॉलर प्रति औंस का स्तर पार कर लिया। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ रहा है। Spot gold की कीमत बढ़कर 3,106.50 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

**सोने की बढ़ती कीमतों के पीछे क्या कारण हैं?**

अमेरिका की टैरिफ नीतिः अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों



को लेकर बढ़ती चिंताओं ने निवेशकों को गोल्ड की ओर आकर्षित किया है।

**वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता:** व्यापारिक तनाव, संभावित मंदी और बाजार में अस्थिरता के कारण सोने को सुरक्षित निवेश के रूप में देखा जा रहा है।

**सेंट्रल बैंकों की खरीद:** विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक लगातार सोने की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे इसकी मांग बढ़ी है।

**सोने की कीमतें कहां तक जा सकती हैं?**

गोल्डमैन सैक्स, बैंक ऑफ अमेरिका और यूबीएस जैसी ग्लोबल फर्म्स ने अपने सोने के प्राइस टारगेट बढ़ा दिए हैंः

गोल्डमैन सैक्स को उम्मीद है कि 2024 के अंत तक सोना 3,300 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है।

बैंक ऑफ अमेरिका ने 2025 और 2026 के लिए सोने की कीमतों का अनुमान बढ़ाकर $3,063 और $3,350 प्रति औंस कर दिया है।

# डालमिया भारत ने वित्त वर्ष 25 तक 49.5 एमटीपीए उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख सीमेंट उत्पादक और प्रमुख सीमेंट कंपनी, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपना 49.5 एमटीपीए उत्पादन लक्ष्य हासिल कर लिया है। 30 मार्च, 2025 से बिहार स्थित रोहतास सीमेंट वर्क्स (आरसीडब्ल्यू) में 0.5 एमटीपीए की नई क्षमता के साथ व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया है। इस विस्तार के लिए 96 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है,जिससे इस संयंत्र की कुल क्षमता बढ़कर 1.6 एमटीपीए हो गई है। लाइन-2 की शुरुआत के साथ ही डीबीएल ने पूर्वी भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। कंपनी की दीर्घकालिक योजना वर्ष 2031 तक इसकी उत्पादन क्षमता को 110-130 एमटीपीए तक ले जाने की है। इस अवसर पर डालमिया भारत लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, पुनीत डालमिया ने कहा, ₹पूर्वी भारत में हमारी बढ़त इस क्षेत्र के विकास में हमारे भरोसे को दर्शाती है। इस विस्तार से हम बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को समर्थन देने और आर्थिक तरक्की में योगदान में अपनी क्षमता बढ़ा रहे हैं। यह उपलब्धि हमारे लंबे समय के विकास लक्ष्य को मजबूत करती है।


**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# प्रदेश में औद्योगिक विकास को पारदर्शी बनाने पर सीएम का जोर

■ भूखंडों की निगरानी के लिए होगा मददगार

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को और अधिक पारदर्शी और तेज बनाने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरणों का विस्तृत डाटाबेस तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है. इस कदम से भूमि आवंटन में तेजी आएगी और निवेशकों को सटीक जानकारी उपलब्ध होगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार, इन्वेस्ट यूपी इस डाटाबेस को तैयार करने का कार्य जल्द शुरू करेगा. इस डाटाबेस के माध्यम से प्रदेश के सभी औद्योगिक प्राधिकरणों में रिक्त भूखंडों, आवंटित भूमि और वहां स्थापित उद्योगों की मौजूदा स्थिति पर नजर रखी जाएगी।

कौन-कौन से प्राधिकरण आएंगे दायरे में? इस परियोजना में उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरण शामिल किए जाएंगे, जिनमें शामिल हैंः उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा), उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा), सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा), इस परियोजना के तहत प्राधिकरणों में उपलब्ध लैंड बैंक, पहले से आवंटित भूखंडों की स्थिति, वहां चल रही औद्योगिक गतिविधियों और नए प्लॉट्स की उपलब्धता का संकलन किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए विशेष सर्वे एजेंसियों की नियुक्ति की जाएगी। ये एजेंसियां प्राधिकरणों के ऑफसाइट और ऑनसाइट सर्वेक्षण के जरिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगी। औद्योगिक भूखंडों की निगरानी करना और उनकी स्थिति का आकलन करना। मासिक रिपोर्ट तैयार करना जिससे स्पष्ट हो कि कहां-कहां उद्योग स्थापित हो रहे हैं और कहां भूमि खाली पड़ी है। भूखंडों के दुरुपयोग पर नजर रखना ताकि औद्योगिक भूमि का इस्तेमाल तयशुदा उद्देश्यों के लिए ही हो।

## 24 घंटे के भीतर एक और छात्र की मौत, कमेटी गठित

महानगर संवाददाता
प्रयागराज



शहर के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के बीटेक प्रथम वर्ष के मूक-बधिर छात्र ने कथित तौर पर अपने छात्रावास की पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि छात्र की पहचान तेलंगाना के निजामाबाद के निवासी मदाला राहुल चैतन्य (20) के रूप में हुई है। धूमनगंज सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अजेन्द्र यादव ने बताया कि शनिवार रात छात्र चैतन्य ने छात्रावास की पांचवीं मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी और सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी पंकज मिश्रा ने बताया कि चैतन्य का दाखिला मूक-बधिर वर्ग में हुआ था और वह बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र था। उन्होंने बताया कि वह पिछले तीन माह से कक्षा में नहीं आ रहा था और अकादमिक दबाव के कारण अवसाद में था। मिश्रा ने बताया कि उसने पढ़ाई के दबाव के बारे में अपनी मां को जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि शनिवार को ही शाम आठ बजे बीटेक प्रथम वर्ष के एक अन्य छात्र कत्रवथ अखिल (20) की बीमारी की वजह से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वह कई बीमारियों से ग्रस्त था और हृदय गति रुकने से उसकी मृत्यु हुई।

## ईद पर शांति और जुल्म से निजात की मांगी दुआ

वक्फ संशोधन बिल के विरोध की दिखी झलक



महानगर संवाददाता
लखनऊ

राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में ईद की नमाज पढ़ी गई। ईदगाहों और तमाम मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों का हुजूम उमड़ पड़ा। बच्चों से लेकर बड़ों के चेहरों पर खुशियों की चमक देखने लायक थी। इस दौरान ईद-उल-फित्र की नमाज सभी ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गई। बैतुल मुकद्दस की आजादी, फिलिस्तीन में अमन शांति और जुल्म से निजात की दुआ मांगी गई। इस मौके पर प्रदेश के सीएम और राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को ईद की बधाई दी।
लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह में ईद की नमाज में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी पहुंचे और सभी को ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा गोरखपुर, वारणसी और प्रयागराज के अळावा प्रदेश के सभी शहरों में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। वहीं लखनऊ और अलीगढ़ के कई ईदगाह में नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। ईद त्यौहार के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

### पुलिस और नमाजियों के बीच बहस

वहीं मुरादाबाद के ईदगाह में नमाज अदा करने से रोके जाने पर लोगों की पुलिस से बहस हो गई। पुलिस ने नमाजियों को ईदगाह में जाने से रोक दिया क्योंकि अंदर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसके बाद फिर से नमाज अदा की गई। मुरादाबाद के एसएसपी सतपाल अंतिल ने इस मामले में कहा 'सभी जगह नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई है। पिछले 5-6 दिनों से तैयारियां चल रही थीं। नमाज अदा होने के बाद कुछ लोग ईदगाह में नमाज पढ़ना चाहते थे। इमाम से उनकी बातचीत हुई और अब वे फिर से शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा कर रहे हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

### सेवइयां साल भर याद रहती हैं अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि मैं हर साल ईद के अवसर पर ईदगाह पर आता हूं और सभी को ईद की मुबारकबाद देता हूं। ईद की सेवइयां भी खाता हूं। उनका स्वाद मुझे साल भर याद रहता है। अभी कुछ दिनों पहले होली का त्योहार था। हम लोग गले मिले। ईद पर हम आप लोगों के गले मिले। हमारी धरती हमें धैर्य रखना सिखाती है। जो सभी को साथ लेकर चलता है वही तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ता है। इस दौरान ईदगाह पर मौजूद लोग अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाते रहे।

## अब कोई आफताब किसी श्रद्धा के टुकड़े नहीं कर सकता : सीएम धामी

महानगर संवाददाता
बरेली

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून संविधान का मूल है, जिसे उत्तराखंड में लागू करके संविधान निर्माताओं को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। समान कानून से तीन तलाक, हलाला जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। लिव इन रिलेशनशिप पंजीकरण से दिल्ली के श्रद्धा हत्याकांड नहीं होंगे। कानून लागू करने की वजह ये भी है कि ऐसी घटनाओं को देख नहीं सकता। उम्मीद है कि देवभूमि की नदियों की भांति ये कानून भी पूरे भारत तक पहुंचेगा।



उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बरेली में स्वागत किया गया। इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में सोमवार का आयोजित स्वागत और अभिनन्दन समारोह में धामी ने कहा कि कानून लागू होने के बाद से जब भी उत्तराखंड की मुस्लिम महिलाएं उनसे मिलती हैं तो आभार जताती हैं। क्योंकि इस कानून से एक धर्म विशेष में व्याप्त कुरीतियों से भी निजात मिल है है। मामूली बातों पर तीन बार तलाक कहकर घर से बाहर नहीं निकाला जा सकता। अब कोई आफताब किसी श्रद्धा को जाल में फंसकर टुकड़े-टुकड़े नहीं कर सकता।
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम एक सशक्त भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में अनेक निर्णय लिए गए हैं। पीएम मोदी के कार्यों से प्रेरणा लेते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

## सचिव-ग्राम प्रधान ने किया 30 लाख का घोटाला, शिकायत दर्ज

महानगर संवाददाता
बलिया

ब्लाक मुरली छपरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़हरा नौबरार के सचिव और प्रधान द्वारा बिना कार्य कराए करीब 30 लाख रुपये का भुगतान करने के मामले में एडीओ पंचायत की तहरीर पर सचिव देवानंद गिरी पर एफआईआर दर्ज की गई है। एक दिन पहले भी उनको निलंबित किया गया था।
एफआईआर आरै निलंबन के बाद आरोपी सचिव कहीं भाग गया है। उसकी तलाश में पुलिस संबंधित ठिकानों पर छापा मार रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस को सफलता नहीं मिली थी। मामले में आरोपी प्रधान के विरुद्ध भी पंचायत




अधिनियम के तहत जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया है। संलिप्त कर्मचारियों की जांच जिला विकास अधिकारी को सौंपी गई है। तहरीर में सहायक विकास अधिकारी पंचयात ने बताया कि बीडीओ ने गांव में विकास कार्यों की जांच की थी। पंचायत में बिना कार्य कराए सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा मिलकर धन निकालने की लिखित शिकायत ग्रामीण द्वारा की गई थी।

## सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी, गिरफ्तार

महानगर संवाददाता
लखनऊ

पुलिस ने सचिवालय में नौकरी लगवाने के नाम पर 70 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। कासगंज के गंजडुण्डवारा निवासी विनोद कुमार के मुताबिक गोण्डा वजीरगंज के शक्ति पाल सिंह ने अपनी ऊंची पहुंच का हवाला दे बेटे की सचिवालय में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। बातों में आकर उन्होंने 70 लाख रुपए शक्ति पाल सिंह को दे दिए। काफी समय बीतने के बाद भी नौकरी न लगने पर उन्होंने रुपए लौटाने का दबाव बनाया तो शक्ति पाल उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर के मुताबिक आरोपित शक्ति पाल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर महिला का नमाज पढ़ते वीडियो वायरल

महानगर संवाददाता
हमीरपुर

ईद के दिन सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एक महिला का नमाज पढ़ते वीडियो वायरल हो गया। वीडियो के आधार पर पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट में एक महिला द्वारा नमाज पढ़ने की घटना का जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। कलेक्ट्रेट की सुरक्षा में जो भी सुरक्षाकर्मी लगे हैं उनके निलंबन की कार्रवाई करने तथा प्रकरण के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## अपने कुल को कलंकित कर रहे अखिलेश : नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी

महानगर संवाददाता
लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पिछले दिनों गौशालाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने करारा प्रहार किया है। सोशल मीडिया में पोस्ट कर मंत्री नन्दी ने अखिलेश यादव के बयान पर आपत्ति जताई है।
अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्री नन्दी ने लिखा है कि गाय के गोबर में दुर्गंध ढूंढना अखिलेश यादव के मानसिक दिवालियेपन का लक्षण है। मंत्री नन्दी ने कहा कि दुनिया भर में रहने वाले सनातनी गौमाता की पूजा मां के रूप में करते हैं। शास्त्रों के अनुसार गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का निवास है। गौमाता के गोबर से बने गौरी-गणेश के बिना हर धार्मिक अनुष्ठान अधूरा है। वैज्ञानिक



दृष्टि से भी गाय की औषधीय एवं गुणकारी विशेषताएं प्रमाणित हो चुकी हैं। गाय के गोबर से बने इको फ्रेंडली दीपक और अन्य उत्पादों की वैश्विक मांग है जिस व्यक्ति को गाय के गोबर से दुर्गंध आती हो वह सच्चा यदुवंशी हो ही नहीं सकता। वोटबैंक को खुश करने के चक्कर में अखिलेश यादव अपने कुल को कलंकित और पुरखों को लज्जित कर रहे हैं।

## गाजी और पाजी का टाइम खत्म : महंत राजू दास

महानगर संवाददाता
सुल्तानपुर

अयोध्या के हनुमानगढ़ी के प्रसिद्ध महंत राजू दास ने सुल्तानपुर में एक कार्यक्रम के दौरान विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि "गाजी और पाजी का टाइम खत्म हो गया है, अब राष्ट्रवादियों का टाइम शुरू हुआ है।" महंत ने कुशभवनपुर में लगने वाले मेले पर आपत्ति जताते हुए इसे "चोर, नीच, लुटेरे, बलात्कारी और राष्ट्रद्रोही" लोगों का मेला करार दिया और शासन-प्रशासन से इसे प्रतिबंधित करने की मांग की।
महंत राजू दास ने मीडिया से बातचीत में कहा, "जो पूर्ववर्ती सरकारें इस मेले को लगाने की अनुमति देती थीं, अब इसे बैन करना चाहिए। यह सभी सनातनियों,



हिंदुओं और भारतवासियों की मांग है। ऐसे आतंकवादियों और अपराधियों का मेला लगना, जिन्होंने लाखों मंदिर तोड़े हों, मां-बहनों की इज्जत लूटी हो और कत्लेआम किया हो, कतई ठीक नहीं है।"
उन्होंने प्रशासन के हालिया प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वहां रोक लगाई गई और मेला रुका भी। महंत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, "पाकिस्तान में बालोचियों के साथ कत्लेआम हो रहा है, मां-बेटियों के साथ बलात्कार हो रहा है, उन्हें गोली मार दी जा रही है। यह नाइंसाफी है। मानवाधिकार कहां चला गया? बालोचियों के साथ दुर्व्यवहार पर सब चुप क्यों हैं?" उन्होंने सिंध को अलग देश बनाने की वकालत करते हुए कहा, "पाकिस्तान के तीन टुकड़े होने चाहिए। मैं प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मांग करता हूं कि संयुक्त राष्ट्र में इस विषय को उठाया जाए और चर्चा हो।" वक्फ बोर्ड के मुद्दे पर महंत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे "बकवास बोर्ड" और "जमीन हड़पने का बोर्ड" करार दिया। उन्होंने कहा, "देश सेक्युलर है, हिंदू हिंदुस्तान है। फिर भी यहां मुसलमान हैं। इस्लामिक कानून को बढ़ावा देना, वक्फ बोर्ड और मुसलमानों के अन्य कानून लागू करना ठीक नहीं है। जब एक देश, एक विधान, एक संविधान है और भारत को सेक्युलर बना दिया गया है।

## इनामी आरोपी ने अदालत में किया सरेंडर

**जौनपुर।** खरगापुर निवासी सगे भाई की हत्या के मामले में वांछित 25 हजार रुपए के इनामी आरोपी आनंद शुक्ल ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस लगभग छह माह से आरोपी की तलाश कर रही थी।
जौनपुर के बरसठी थाना क्षेत्र के ग्राम खरगापुर में 26 सितंबर 2024 को विनोद कुमार शुक्ल की उसके सगे भाइयों और पिता ने मिलकर लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक विनोद शुल्क की पत्नी सुमन की तहरीर पर 11 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, लेकिन आनंद शुक्ल तभी से फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही थी। दूसरे राज्यों में भी उसकी तलाश की गई। पुलिस के बढ़ते दबाव और कुर्की के डर के चलते आनंद शुक्ल ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। इस हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। जमीन विवाद में पिता और सगे भाईयों ने मिलकर सगे बेटे की हत्या कर दी थी। पुलिस प्रशासन की तरफ से इस मामले में कठोर कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू की। पीड़ित के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व एसपी जौनपुर के आश्वासन के बाद भी प्रशासन की तरफ से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है।

## डंपर-बाइक की टक्कर तीन की मौत, एक घायल

**कानपुर।** एक बाइक पर सवार चार लोग अनियंत्रित होकर ओवरलोड डंपर से जा टकराए और मां बेटी समेत तीन की जान चली गई। वहीं, एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया और उसको कानपुर रेफर किया गया है। महिला अपनी बेटी संग मायके में चचेरे भाई के दिवंगत होने पर आई थी और वापसी में रूरा स्टेशन जाने के दौरान यह हादसा हो गया। एसपी, सीओ व थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचे और बाधित हुए यातायात को सुचारू कराया। वहीं, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर दुखी परिवार को सांत्वना दी। रूरा दौलतपुर में तीन दिन पूर्व सुखवीर का निधन हो गया था।

## गंगा घाट पर अब फ्री में नहीं कर पाएंगे कार्यक्रम! चुकानी होगी फीस

महानगर संवाददाता
वाराणसी

वाराणसी के गंगा घाट पर आयोजित होने वाली किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक आयोजन के लिए अब नगर निगम को शुल्क देना होगा। इसके अलावा नगर निगम से निर्धारित अवधि के पहले अनुमति भी लेनी होगी। हालांकि इन सबके बीच घाट पर नियमित रूप से गंगा आरती का आयोजन करने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की अनुमति और शुल्क वाले इस नए नियम में शामिल नहीं किया गया है।



वाराणसी के 84 से अधिक घाटों पर अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम, फिल्म की शूटिंग, सामाजिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहे हैं। नमो घाट और निर्धारित कुछ घाट के अलावा ज्यादातर घाट पर वर्तमान समय में कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। वाराणसी नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि वाराणसी के गंगा घाट पर 7 किलोमीटर की परिधि में आने वाले क्षेत्र के लिए बैठक के दौरान अब नए नियम तय किए गए हैं।

## वाराणसी को फिर मिलेगी करोड़ों की सौगात

● तैयारियों में जुटे अफसर

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को एक बार फिर करोड़ों की सौगात देने आ रहे हैं। पीएमओ ने दौरे के लिए जिले के अफसरों से ब्योरा तलब किया है। इसके बाद अधिकारियों ने रविवार को बैठक भी की। अफसरों की मानें तो पीएम मोदी 11 अप्रैल को काशी का दौरा कर सकते हैं। पीएम मोदी तीन से चार घंटे का प्रवास होगा। इस दौरान नगर निगम सदन के भवन सहित करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। दुर्गाकुंड के सुंदरीकरण कार्यों का उद्घाटन भी पीएम मोदी कर सकते हैं। दुर्गाकुंड के कायाकल्प के लिए पीएमओ की पहल पर जल शक्ति मंत्रालय ने निजी कंपनी के माध्यम से सुंदरीकरण और जल की शुद्धता के लिए कार्य कराया है। लंबे समय से बदहाल दुर्गाकुंड के जल की गुणवत्ता काफी बेहतर हुई है। जिससे मछलियों और कछुओं के लिए सांस लेना संभव हो सका है। नगर निगम और वेलस्पन इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने सेवर तकनीक से दुर्गाकुंड के जल की गुणवत्ता में सुधार किया है।

## 15 हजार की सैलरी वाले को इनकम टैक्स का नोटिस

महानगर संवाददाता
अलीगढ़

कस्बा चंडौस के युवक के पैरों तले जमीन उस समय खिसक गई, जब स्पीड पोस्ट से इनकम टैक्स का नोटिस आया। नोटिस अंग्रेजी में लिखा था, इस वजह से उसने अपनी जान पहचान के पढ़े-लिखे शख्स से नोटिस पढ़वाया। नोटिस में लिखा था, करन ने अपने व्यापार से 34 करोड़ रुपए के लगभग की सेल की है, जिसका इनकम टैक्स भुगतान नहीं किया है। यह सुनकर उसके होश उड़ गए। कस्बा की वाल्मीकि बस्ती में रहने वाला करन पुत्र सूरजपाल सिंह कस्बे का आम आदमी है। करन को इनकम टैक्स विभाग ने नोटिस भेजा है कि जीएसटी से वर्ष 2018-19 में 33 करोड़ 88 लाख रूपए का व्यापार किया, जिसका टैक्स जमा नहीं किया है, जिसका जवाब उन्हें 31 मार्च तक देने को कहा गया है।

## पीलीभीत से गोरखपुर चिड़ियाघर लाए गए केसरी की मौत

महानगर संवाददाता
गोरखपुर

पीलीभीत से छह माह पहले रेस्क्यू कर गोरखपुर चिड़ियाघर लाए गए बाघ केसरी की रविवार भोर में चार बजे अचानक मौत हो गई। शनिवार से ही उसके व्यवहार में परिवर्तन आ गया था। वह काफी बेचैन था। शाम को उसका पोस्टमॉर्टम हुआ। मौत की वजह उसके दिमाग में पानी भरना बताई गई। जांच के लिए इसका सैंपल आईवीआरआई बरेली भेजा गया। शनिवार सुबह से ही वो बेचैन था। वह क्रॉल में काफी उग्र व्यवहार कर रहा था। चिड़ियाघर के चिकित्सकों की टीम उसे दवा देकर शांत करने की कोशिश कर रही थी। शनिवार शाम वह शांत भी हो गया, लेकिन रविवार की भोर में उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद इंडियन



वेटनेरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईवीआरआई) बरेली और लखनऊ चिड़ियाघर से आए पशु चिकित्सकों की टीम ने बाघ का पोस्टमॉर्टम किया। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के मुताबिक उसके दिमाग में पानी भरा था। बाघ पहले से ही काफी तनाव में था। इसकी विस्तृत जांच के लिए सैंपल आईवीआरआई, बरेली भी भेजा गया है।
पीलीभीत में 13 लोगों को शिकार बनाया था 275 किलो के बाघ ने
बाघ को 27 सितंबर 2024 को पीलीभीत से गोरखपुर लाया गया था। पीलीभीत में उसने करीब 13 इंसानों पर हमला किया था। शुरुआत में इसे शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान के अस्पताल में रखा गया। यह चिड़ियाघर का सबसे विशालकाय बाघ था। वजन करीब 275 किलो था। जंगल से आने की वजह से यह क्वारंटीन सेल में काफी बेचैन रहता था। धीरे-धीरे इसका व्यवहार शांत हुआ तो इसे क्रॉल में भी छोड़ा जाने लगा। इसकी ताकत को देखते हुए ही क्रॉल की ग्रिल को मजबूत किया गया था। 20 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे बाड़े में छोड़कर केसरी नाम दिया था। बाड़े में भी इसे जंगल की याद सता रही थी। शुरुआत में यह बाड़े में कम निकलता था। एक बार निकल जाए तो फिर इसे वापस लाने में काफी परेशानी होती थी।

## अयोध्या में होमगार्ड की मौत

महानगर संवाददाता
अयोध्या

अयोध्या में पुलिस चौकी में एक होमगार्ड जवान का शव लटका मिला। होमगार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। होमगार्ड का शव पुलिस चौकी के अंदर फंदे से लटका मिला। होमगार्ड की मौत के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। संभावना जताई जा रही है कि होमगार्ड ने पारिवारिक विवाद में आत्महत्या कर ली है। हालांकि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ड्यूटी के समय होमगार्ड ने पुलिस चौकी में फांसी लगा ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
घटना अयोध्या में कोतवाली राम जन्मभूमि के कटरा पुलिस चौकी की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार होमगार्ड का शव पुलिस चौकी के अंदर ही फंदे से लटकता हुआ मिला।

## किसी मौलाना से इत्र का ताबीज बनवा लें अखिलेश : भाजपा नेता

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री और एमएलसी सुभाष यदुवंश की ओर से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की गौशाला और गोवंश के गोबर से जुड़ी हालिया टिप्पणी को लेकर लखनऊ में जगह-जगह पोस्टर लगाकर उनसे माफी मांगने की मांग की गई। सुभाष यदुवंश ने अखिलेश यादव पर सनातन धर्म और गोपालक समुदायों का अपमान करने का आरोप लगाया। सुभाष यदुवंश ने सोमवार को सपा प्रमुख पर गो संस्कृति और हिंदू परंपराओं का अनादर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अखिलेश यादव ने कहा कि गौशाला और गोबर से बदबू आती है, जबकि इत्र से अच्छी खुशबू आती है। अगर उन्हें ऐसी समस्या है, तो उन्हें अपने नाम से 'यादव' हटा देना चाहिए और किसी मौलाना से इत्र की ताबीज बनवा लेनी चाहिए।



वह अपना नाम बदलकर औरंगजेब या बाबर रख सकते हैं।
उन्होंने दावा किया कि अखिलेश की टिप्पणी ने सनातन धर्म और भगवान कृष्ण का अपमान किया है। उन्होंने कहा, 'यादव पारंपरिक रूप से चरवाहे हैं। एक यादव कैसे कह सकता है कि गाय और गौशाला से बदबू आती है? यह न केवल यादवों का बल्कि अन्य समुदायों का भी अपमान है, जो पशुपालन में शामिल हैं। यह हिंदू मान्यताओं पर हमला है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। अखिलेश पर एक और हमला करते हुए, भाजपा एमएलसी ने उन पर मुस्लिम त्योहारों को प्राथमिकता देते हुए हिंदू त्योहारों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। एमएलसी ने कहा, नवरात्र और हिंदू नववर्ष कल से शुरू हो गया है, लेकिन शुभकामनाएं देने के बजाय, अखिलेश यादव इफ्तार पार्टियों में भाग लेने और ईद मनाने में व्यस्त थे। अगर कोई सनातन धर्म के खिलाफ राजनीति करना चाहता है, तो उसे कोई और जगह ढूंढ़ लेनी चाहिए क्योंकि हम भारत में इसकी अनुमति नहीं देंगे। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा, हमसे ज्यादा गायों के बारे में कौन जानता है? पोस्टर लगाने और राष्ट्रीय टीवी पर बहस करने वालों को सिर्फ बातें करने के बजाय वास्तव में गोरक्षा के लिए काम करना चाहिए।

# हमारी छवि बिगाड़ने की कोशिश HAL पर आरोप भ्रामक

## भारत ने खारिज की अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत ने सोमवार को न्यू यॉर्क टाइम्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने रूस को हथियारों की आपूर्ति करने वाली एक ब्लैकलिस्टेड एजेंसी को संवेदनशील तकनीकी उपकरण बेचे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को ₹तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक₹ बताते हुए इसे राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताया। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट ने जानबूझकर मुद्दों को विकृत किया और भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा, ₹जो भारतीय कंपनी इस रिपोर्ट में उल्लेखित है, उसने अंतरराष्ट्रीय



रणनीतिक व्यापार नियंत्रणों और एंड-यूज़र प्रतिबद्धताओं का पूरी तरह से पालन किया है।₹ मंत्रालय ने मीडिया संस्थानों से आग्रह किया कि वे किसी भी रिपोर्ट को प्रकाशित करने से पहले उचित जांच करें, जो इस मामले में नहीं की गई।

यह विवाद उस समय उठ खड़ा हुआ जब न्यू यॉर्क टाइम्स ने 28 मार्च को अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि ब्रिटिश एयरोस्पेस निर्माता एचआर स्मिथ ग्रुप ने HAL के माध्यम से रूस को तकनीकी उपकरणों की आपूर्ति की थी। उनमें ट्रांसमिटर्स, कॉकपिट उपकरण और अन्य संवेदनशील हिस्से शामिल थे। यह दावा किया गया कि इन उपकरणों को ब्रिटेन और अमेरिका ने रूस को न बेचने के आदेश दिए थे।

# जेल में बंद इमरान खान को मिलेगा नोबेल शांति पुरस्कार?

**• दूसरी बार नॉमिनेट**

**महानगर नेटवर्क**
**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के संस्थापक इमरान खान नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित हुए हैं। फिलहाल इमरान खान करप्शन समेत कई संगीन मामलों में पाकिस्तानी जेल में लंबे समय से कैद हैं। उन पर कई मामले कोर्ट में लंबित हैं। इमरान का नोबेल पुरस्कार के लिए दूसरी बार नामांकन हुआ है। इमरान खान को मानवाधिकार और लोकतंत्र के लिए उनके संघर्ष के लिए नोबेल शांति पुरस्कार 2024 के लिए नामित किया गया है। यह नामांकन नॉर्वे की राजनीतिक पार्टी पार्टिएट सेन्ट्रम और पाकिस्तान वर्ल्ड अलायंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।



इमरान खान को इससे पहले 2019 में भी दक्षिण एशिया में शांति प्रयासों, विशेषकर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की पहल के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। हालांकि, इस बार उनके लोकतांत्रिक अधिकारों और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष को मुख्य आधार बनाया गया है।

इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं और उन पर भ्रष्टाचार, राष्ट्रीय गोपनीयता उल्लंघन और अवैध विवाह सहित कई मामलों में आरोप लगे हैं। जनवरी 2024 में, उन्हें अधिकारों के दुरुपयोग के एक मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई। हालांकि, उनके समर्थकों का दावा है कि ये सभी आरोप राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा हैं।

# श्रीनगर की जामिया मस्जिद में नहीं पढ़ी गई ईद की नमाज

## मीरवाइज बोले-मुझे कैद कर दिया गया

**महानगर नेटवर्क**
**श्रीनगर**

कश्मीर के प्रमुख मौलवी और हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार को कहा कि अधिकारियों ने श्रीनगर की ईदगाह और ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है और उन्हें घर में नजरबंद रखा गया है। परंपरागत रूप से मुसलमान ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों से सरकार ने लोगों को वहां नमाज अदा करने से रोक दिया है। मीरवाइज ने ईदगाह और जामिया मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं देने के फैसले की निंदा की।

मीरवाइज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि "मैं बहुत दुखी हूं और अधिकारियों के इस फैसले की कड़ी निंदा करता हूं कि एक बार फिर कश्मीर के मुसलमानों को ईदगाह और जामा मस्जिद में ईद की नमाज अदा करने



के मूल अधिकार से वंचित किया गया है, जिन्हें बंद कर दिया गया है और मुझे घर में नजरबंद कर दिया गया है।"उन्होंने पूछा कि "1990 के दशक में जब आतंकवाद चरम पर था, तब भी ईद की नमाज़ ईदगाह में अदा की जाती थी, तो अब जब अधिकारी हर रोज़ सामान्य स्थिति के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, तो मुसलमानों को उनके धार्मिक स्थलों और प्रथाओं से दूर क्यों रखा जा रहा है? एजेंडा क्या है? क्या कश्मीरी मुसलमानों की सामूहिक पहचान शासकों के लिए ख़तरा है?"

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ईदगाह और जामा मस्जिद कश्मीर के लोगों की संपत्ति हैं और ईद के अवसर पर उन्हें इन पवित्र स्थलों तक पहुंचने से रोकना "कश्मीर में व्याप्त दमनकारी एवं सत्तावादी दृष्टिकोण" को दर्शाता है। रविवार को जामिया मस्जिद-अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद (एएजेएम) की प्रबंधन समिति ने घोषणा किया था कि ईद की नमाज श्रीनगर की ऐतिहासिक ईदगाह में सुबह 10 बजे अदा की जाएगी। औकाफ ने कहा था कि खराब मौसम की स्थिति में नमाज श्रीनगर की भव्य मस्जिद में अदा की जाएगी। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष और भाजपा नेता दरक्शां अंद्राबी ने रविवार शाम कहा कि चल रहे निर्माण कार्यों के कारण श्रीनगर के ईदगाह में ईद की नमाज अदा नहीं की जाएगी।

# रूसी तेल पर ट्रंप ने लगाया 25 या 50% सेकंडरी टैरिफ

## भारत संग और किन-किन देशों को लगेगा झटका



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध विराम को लेकर किसी भी सहमति पर नहीं पहुंच पाने के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर भड़क गए हैं। हालांकि, उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के रुख को लेकर उन पर भी निशाना साधा है। रविवार को ट्रंप ने पुतिन के व्यवहार की आलोचना करते हुए ना सिर्फ उस पर निराशा जताई बल्कि धमकी दी कि अगर रूसी नेता एक महीने के भीतर युद्ध विराम पर सहमत नहीं होते हैं तो वे मॉस्को के तेल निर्यात पर सेकंडरी टैरिफ यानी 25 से 50 फीसदी तक का अतिरिक्त टैरिफ लगा देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एनबीसी न्यूज के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में संकेत दिया कि वह 25% या 50% टैरिफ लगाएंगे जो रूसी तेल खरीदने वाले देशों को प्रभावित करेगा। इस दौरान उन्होंने ईरान पर बमबारी की भी धमकी दी और ग्रीनलैंड में बल प्रयोग से इनकार नहीं किया। ट्रंप ने कहा, "अगर यूक्रेन में खून-खराबे को रोकने के लिए रूस और हम कोई समझौता नहीं कर पाते हैं, और अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती है, जो कि हो सकता है कि न भी हो, लेकिन अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती है, तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर सेकंडरी टैरिफ लगाने जा रहा हूं। इससे यह होगा कि अगर आप रूस से तेल खरीदते हैं, तो आप संयुक्त राज्य अमेरिका में व्यापार नहीं कर सकते। सभी तेल पर 25% टैरिफ होगा, सभी तेल पर 25 से 50-पॉइंट टैरिफ होगा।"

अब ऐसे में अगर रूस ने यूक्रेन युद्ध विराम समझौते पर अपनी सहमति नहीं दी और ट्रंप ने रूसी तेल निर्यात पर 25 से 50 फीसदी की टैरिफ लगाया तो किन-किन देशों को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके जवाब में विश्लेषकों और अधिकारियों का कहना है कि अगर डोनाल्ड ट्रम्प रूसी तेल खरीदने वाले देशों के खिलाफ 25-50% टैरिफ लगाते हैं, तो चीन और भारत इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। दरअसल, 2022 में यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध छिड़ने के बाद अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे।

# XLRI ने हासिल किया 2023-25 बैच के लिए प्लेसमेंट

**महानगर नेटवर्क**
**जमशेदपुर**

ज़ेवियर स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट - XLRI ने पीजीडीएम (बीएम) और पीजीडीएम (एचआरएम) 2023-25 बैच के लिए अपने अंतिम प्लेसमेंट को सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है, जो भारत के प्रमुख बिज़नस स्कूल के रूप में अपनी विरासत को मज़बूत कर रहा है। XLRI जमशेदपुर और XLRI दिल्ली एनसीआर कैम्पस से कुल 591 विद्यार्थियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें 172 भर्तीकर्ताओं ने 600 से अधिक ऑफ़र दिए, जिनमें दो अंतरराष्ट्रीय ऑफ़र और 41 नए भर्तीकर्ता शामिल थे।




बाज़ार की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद, मीडियन (माध्यिका) वेतन 29 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुँच गया, शीर्ष 10% ने औसत 52.03 लाख रुपये प्रति वर्ष हासिल किया और शीर्ष 25% ने 44.35 लाख रुपये प्रति वर्ष हासिल किया। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय ऑफर 1.10 करोड़ रुपये का था, जबकि उच्चतम घरेलू पैकेज 75 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुँच गया। उद्योग जगत से संबंधित लोग XLRI प्रतिभा पर भरोसा करते हैं प्लेसमेंट सीज़न में 34.17% विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर (PPOs) प्राप्त हुए।

# 'संविधान पर सीधा हमला है वक्फ संशोधन विधेयक'

**• जयराम रमेश ने JDU-TDP से पूछा-क्या है स्टैंड?**

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विरोध जारी है। एमपी के भोपाल में ईद-उल-फितर के मौके पर इस बिल के विरोध में नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज अदा की। विपक्ष ने भी इस विधेयक पर आपत्ति जताई है। इस बीच कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने वक्फ संशोधन विधेयक पर बयान देते हुए पूछा- इस मामले में JDU-TDP का क्या स्टैंड है?

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक संविधान



पर सीधा हमला है और इसकी बुनियाद के खिलाफ है। हर विपक्षी दल इसका विरोध कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि 'धर्मनिरपेक्ष' दलों जेडी(यू) और टीडीपी का क्या कहना है? यह पहली बार था कि समिति में एक-एक क्लॉज पर चर्चा नहीं की गई। अगर वे इसे लागू करते हैं तो हम लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे। कांग्रेस वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ है। सिर्फ कांग्रेस ही नहीं, बल्कि अन्य पार्टियां भी इस का विरोध करती हैं।

# सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान पर उत्तराखंड में बवाल

**देहरादून।** उत्तराखंड में अवैध खनन को लेकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दलित आईएएस अधिकारी और खनन सचिव ब्रजेश संत के खिलाफ विवादित बयान दिया। सांसद रावत के बयान पर नाराजगी जताते हुए उत्तराखंड आईएएस एसोसिएशन ने औपचारिक रूप से अपना विरोध दर्ज कराते हुए रावत के बयान की निंदा भी की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों बयान को जातिवादी के रूप में आलोचना की गई है।उत्तराखंड में खनन को लेकर यह विवाद तब शुरू हुआ जब विगत दिनों संसद में बोलते हुए हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड में अवैध खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है। ब्रजेश ने सांसद रावत के दावों का खंडन किया था। जब संत के खंडन के बारे में पूछा गया, तो सांसद रावत ने दिल्ली में जवाब दिया, 'क्या कहना है?' शेर कुत्तों का शिकार नहीं करते। सांसद रावत के बयान के बाद से आईएएस एसोसिएशन सहित कई संगठनों ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए जाति-आधारित अपमान करार दिया है।हरिद्वार के जटवाड़ा क्षेत्र में सांसद रावत के बयान के खिलाफ एक विरोध रैली का भी आयोजन किया गया था। इस बीच, उत्तराखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रावत के आरोपों को कमतर आंकने की कोशिश की थी। उनका कहना था कि पार्टी की पारदर्शी नीतियों ने कानूनी खनन कार्यों से राजस्व में काफी वृद्धि की है।

## 'समंदर के संरक्षक हम, भारत का नहीं लेना देना'

# चीन को लुभाने के फेर में मोहम्मद यूनुस के विवादित बोल

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस हाल ही में चार दिनों के चीन दौरे से लौटे हैं। उन्होंने अपने चीन प्रवास के दौरान विवादित बयान दिया है और कहा है कि चूंकि भारत के सात राज्य लैंडलॉक्ड (भूमि से घिरे) हैं और उनका समंदर से कोई संपर्क नहीं है, इसलिए उस क्षेत्र में समंदर का असली संरक्षक उनका देश है और इसी लिहाज से वह चीन को उस क्षेत्र में विकास की परियोजनाएं लगाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। चीन में दिए मोहम्मद यूनुस के भाषण का यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस क्लिप में मोहम्मद यूनुस



को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ढाका इस क्षेत्र में "समुद्र का एकमात्र संरक्षक" है। भारत के सात राज्य, भारत का पूर्वी भाग, जिन्हें सात बहनें कहा जाता है ... वे भूमि से घिरे हुए देश हैं, भारत का भूमि से घिरा हुआ क्षेत्र हैं। उनके पास समुद्र तक पहुँचने का कोई रास्ता नहीं है।" उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ही "समुद्र का संरक्षक" है, इसलिए चीन को इस क्षेत्र का विस्तार करने के लिए आमंत्रित करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "यह दिलचस्प है कि यूनुस चीनियों से इस आधार पर सार्वजनिक अपील कर रहे हैं कि भारत के 7 राज्य चारों तरफ से भूमि से घिरे हुए हैं। चीन का बांग्लादेश में निवेश करने का स्वागत है, लेकिन 7 भारतीय राज्यों के चारों तरफ भूमि से घिरे होने का क्या मतलब है?"

बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के मुताबिक, यूनुस ने अपने चार दिवसीय दौरे के दौरान बीजिंग से नदी जल प्रबंधन के लिए 50 वर्षीय मास्टर प्लान बनाकर देने की भी मांग की। बांग्लादेश का यह मास्टर प्लान तिस्ता नदी के जल प्रबंधन पर आधारित है। यह ऐसी नदी है, जो भारत में भी बहती है। अपने संबोधन के दौरान मोहम्मद यूनुस ने चीन को "जल प्रबंधन का मास्टर" करार दिया और कहा कि हम आपसे सीखने के लिए यहां आए हैं कि हम जल संसाधनों को लोगों के लिए कैसे उपयोगी बना सकते हैं।" इसके साथ ही मोहम्मद यूनुस ने यह भी कहा कि बांग्लादेश की समस्या केवल एक नदी के साथ नहीं, बल्कि (पूरी) प्रणाली के साथ है। इस बीच, मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बांग्लादेश और चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी जिसे तिब्बत में यारलुंग जांगबो-जमुना नदी कहा जाता है।

# पूर्वी दिल्ली के अस्पताल में लगी आग

## मरीजों को बाहर निकाला गया, कोई हताहत नहीं

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने की सूचना है। मरीजों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। फायर सर्विस के अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पर भेजी गईं। आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात 11:42 बजे लगी आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।




उन्होंने बताया कि दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं।

अधिकारियों ने बताया कि आग 'एयर कंडीशनर' और अस्पताल के बिस्तर में लगी थी, जिसे तुरंत बुझा दिया गया। कुछ मरीजों को तुरंत बाहर निकाला गया। ढाई साल के मरीज रियांश के परिजनों ने उसे नोएडा के कैलाश अस्पताल में स्थानांतरित कराया। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में पीसीआर कॉल रात करीब 12:04 बजे प्राप्त हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग रात करीब 11:30 बजे भूतल पर मुख्य आपातकालीन क्षेत्र से सटे एक खाली कमरे में लगी। कमरे में कुछ फाइलें और बिस्तर थे। अधिकारी के अनुसार, आपातकालीन वार्ड में कोई मरीज नहीं था, जबकि तीन मरीज प्रथम तल पर आईसीयू में थे। रियांश के रिश्तेदार ने पत्रकारों को बताया कि वह वेंटिलेटर पर था और आग लगने से कुछ घंटे पहले उसे अस्पताल रेफर किया गया था। उन्होंने कहा, "जैसे ही हमें पता चला कि आग लगी है, हम रियांश की हालत देखने पहुंचे। वह सुरक्षित था, लेकिन हम उसे ऐसे माहौल में यहां नहीं रख सकते थे।

# जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा में पड़ गई फूट

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पाकिस्तान के आतंकवादी समूहों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के बीच फूट पड़ गई है। दोनों चरमपंथी समूहों के आतंकी अब एक-दूसरे की आंखों में चुभने लगे हैं। जैश और लश्कर के बीच तनाव ने भारत के लिए एक अनुकूल स्थिति उत्पन्न की है, क्योंकि इससे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवादी गतिविधियों की पहचान करने और अपनी रणनीतियों को समय पर अपडेट करने का मौका मिला है। इन दोनों समूहों के आपसी मतभेदों ने भारत को आतंकवादियों की गतिविधियों पर बेहतर नियंत्रण और निगरानी का अवसर दिया है, जिससे सुरक्षा बलों



को ज्यादा सफलता मिल रही है।

जैश और लश्कर के बीच बढ़ते तनाव से भारत को एक फायदा यह है कि इन दोनों समूहों में प्रतिद्वंद्विता के कारण एक समूह ने दूसरे समूह की स्थिति की जानकारी लीक कर दी। एक हालिया उदाहरण में, दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों की स्थिति की जानकारी एक प्रतिद्वंद्वी समूह ने भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को दी, जिससे भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवादियों की स्थिति का पता चल पाया।

# संपत्ति का ब्यौरा देने से कतरा रहे IAS अधिकारियों पर सरकार करेगी सख्त कार्रवाई

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

संसद की एक स्थायी समिति ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी संपत्ति का ब्यौरा दाखिल न करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारियों के खिलाफ दंड या सुधारात्मक कार्रवाई का सुझाव दिया है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2025-26) पर विभाग की कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय संबंधी स्थायी संसदीय समिति ने अपनी 145वीं रिपोर्ट 27 मार्च को संसद में पेश की। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में 91 आईएएस अधिकारियों ने अपना अचल संपत्ति रिटर्न (आईपीआर) दाखिल नहीं किया और




पिछले साल 73 अधिकारियों ने ऐसा किया। वर्ष 2023 में 15 आईएएस अधिकारियों, 2022 में 12 और 2021 में 14 को कुछ पदों के लिए अनिवार्य सतर्कता मंजूरी, संबंधित वर्षों के लिए आईपीआर दाखिल न करने के कारण नहीं दी गई।

समिति ने सिफारिश की कि सभी आईएएस अधिकारियों द्वारा आईपीआर समय पर दाखिल करना सुनिश्चित करने के लिए एक केंद्रीकृत अनुपालन निगरानी तंत्र स्थापित किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस निगरानी तंत्र में विभाग के भीतर एक समर्पित कार्य बल का गठन किया जाना चाहिए, जो सभी अधिकारियों की स्थिति पर नज़र रखने और उसे दाखिल करने के लिए जिम्मेदार हो। इसके अतिरिक्त, समिति गैर-अनुपालन के लिए दंड या सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें स्मरण पत्र के बावजूद अपने आईपीआर दाखिल करने में विफल अधिकारियों के लिए आगे की प्रक्रिया शामिल है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जवाबदेही मजबूत होगी और समय पर आवेदन दाखिल करना सुनिश्चित होगा, जिससे प्रक्रिया और मजबूत होगी और आवश्यकताओं का बेहतर पालन सुनिश्चित होगा।

पेज 1 पेज का शेष

### राउत के दावे पर सीएम फडणवीस का करारा जवाब...

पत्रकारों से जब जोशी से सवाल किया कि उत्तराधिकारी के तौर पर देवेंद्र फडणवीस का नाम लिया जा रहा है? इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मोदी और आरएसएस के बीच कोई दूरी नहीं है। कुछ साल पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरमान जारी किया था कि लोगों को 75 साल की उम्र के बाद राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए और नई पीढ़ी को मौका देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी अब 74 वर्ष के हो गए हैं। 17 सितंबर 2025 को उनकी आयु 75 वर्ष हो जाएगी और 2029 तक उनकी आयु 78 वर्ष हो जायेगी। इस बात पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि प्रधानमंत्री मोदी इस वर्ष सेवानिवृत्त होंगे या नहीं।

# बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ पंजाबी संस्कृति महोत्सव 2025

**नई दिल्ली \ मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य पंजाबी साहित्य अकादमी और अल्पसंख्यक विकास विभाग महाराष्ट्र सरकार के अंतर्गत 11 सदस्यीय सिख समन्वय समिति द्वारा सीबीडी बेलापुर स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में तीन दिवसीय आयोजित पहला पंजाबी संस्कृति महोत्सव 2025 में हजारों लोगों ने भाग लेकर ऐतिहासिक बना दिया।

तीन दिवसीय यह मेला बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें पंजाब और महाराष्ट्र के रंग, विरासत और संस्कृति का प्रदर्शन किया गया. पंजाबी और महाराष्ट्रीयन संस्कृति के व्यक्तिगत और सामूहिक रंगों का आनंद दर्शको ने उठाया. इसमें मुख्य रूप से महाराष्ट्र सरकार की राज्य मंत्री माधुरी मिसाळ (परिवहन, अल्पसंख्यक विकास, शहरी विकास, सामाजिक न्याय और चिकित्सा शिक्षा विभाग) मुख्य अतिथि



के आलव अनेक प्रसिद्ध हस्तियां और सामाजिक नेता उपस्थित रहें.

रंजीत बावा के सशक्त लाइव प्रदर्शन, मधुर गायन और दमदार बीट्स ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया. दोनों राज्यों के रंगों को पंजाबी और महाराष्ट्रीयन लोक नृत्य जैसे नित, भांगड़ा, गिद्दा, लावणी जैसे भावपूर्ण प्रदर्शनों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया. जनता की भारी भागीदारी के साथ यह मेला पंजाब और महाराष्ट्र के बीच मैत्री और आध्यात्मिक एकता का उत्सव बन गया.

अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष बल मलकीत सिंह ने महाराष्ट्र सरकार, व्यक्तिगत अतिथियों, कलाकारों और जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह मेला पंजाब और महाराष्ट्र की एकता और साझी विरासत का जीवंत प्रतीक है. आने वाले वर्षों में भी ऐसे आयोजन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# इस खनन से मछुआरों-जल जीवन को खतरा, रद्द कीजिए

## राहुल गांधी का PM मोदी को पत्र

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर केरल, गुजरात और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में अपतटीय खनन की दी गई अनुमति को रद्द करने की मांग की है। कांग्रेस नेता ने इस खनन से समुद्री जीवन और वहां काम करने वाले मछुआरों के ऊपर पड़ने वाले प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिना किसी आकलन के इस क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलना चिंताजनक है। केंद्र सरकार को ऐसा कोई फैसला लेने से पहले हितधारकों से बात कर लेनी चाहिए थी।

रविवार को सार्वजनिक किए गए पत्र में लोकसभा के नेता ने पीएम



मोदी को संबोधित करते हुए कहा, "मैं केरल, गुजरात और अंडमान निकोबार में अपतटीय खनन की अनुमित देने के केंद्र सरकार के फैसले की कड़ी निंदा करने के लिए यह पत्र आपको लिख रहा हूं। यह अपतटीय खनन लाखों मछुआरों की आजीविका को प्रभावित करेगा और हमारे विविध समुद्री जीवन को अपूरणीय क्षति पहुंचाएगा। सरकार को इस निर्णय को तुरंत वापस लेना चाहिए। "

राहुल ने कहा कि जिस खनन के लिए केंद्र सरकार ने अनुमति जारी कर दी है। उसके विरोध में तटीय समुदाय के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। इसकी अनुमति बिना किसी पर्यावरणीय प्रभाव को ध्यान में रखते हुए दी गई है जो कि बहुत गलत है। उन्होंने लिखा कि उन क्षेत्रों में रहने वाले लाखों मछुआरों ने अपनी आजीविका और जीवन शैली पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर भी चिंता व्यक्त की है।

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि केरल विश्वविद्यालय के द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक इस अपतटीय खनन से विशेष रूप से कोल्लम में मछलियों के प्रजनन पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा केरल में लगभग 11 लाख लोग मछली पकड़ने के व्यवसाय पर निर्भर हैं। यह उनका पारंपरिक व्यवसाय है और उनकी जीवनशैली से जुड़ा हुआ है।

# चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन होती है मां चंद्रघंटा की पूजा



**चैत्र नवरात्रि का आज तीसरा दिन है। इस दिन मां के तीसरे रूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की जाती है। देवी दुर्गा के इस स्वरूप की सवारी सिंह है। मां चंद्रघंटा के स्वरूप की बात करें तो उनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र होता है। शास्त्रों के अनुसार, मां चंद्रघंटा के दस हाथ होते हैं और इनका शरीर सोने की तरह चमकता है। आपको बता दें कि मां चद्रघंटा का अवतार राक्षसों के संहार के लिए हुआ था। वहीं, मां के तीसरे स्वरूप में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों की शक्तियां होती हैं।**

मां चंद्रघंटा अपने हाथ में तलवार, त्रिशूल, धनुष व गदा धारण करती हैं। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी माना जाता है। ऐसे में इनकी पूजा विधि, मंत्र, स्तोत्र और आरती क्या है, धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां चंद्रघंटा संसार में न्याय व अनुशासन स्थापित करती हैं। मां चंद्रघंटा देवी पार्वती का विवाहित रूप हैं। शिव जी से विवाह करने के बाद मां ने अपने मस्तक पर अर्धचंद्र सजाना शुरू कर दिया था, इसीलिए मां पार्वती को मां चंद्रघंटा के नाम से जाना जाता है। मां चंद्रघंटा शेर पर सवार हैं। वो धर्म का प्रतीक हैं। उनका शरीर चमकीला सुनहरा है। मां चंद्रघंटा अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूरा करती हैं।

## चंद्रघंटा की पूजा विधि

आप सुबह उठकर स्नान करें और फिर मंदिर की साफ सफाई करें। इसके बाद देवी चंद्रघंटा को गंगाजल से स्नार कराएं, फिर मां को अक्षत, लाल चंदन, चुनरी और लाल पीले फूल चढ़ाएं, इसके बाद दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। साथ ही दुर्गा चालीसा भी पढ़ें। इसके बाद अंत में आप दुर्गा आरती करके पेड़े का भोग लगाएं। देवी चंद्रघंटा की पूजा और भक्ति करने से आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। बताया कि नवरात्रि के तीसरे दिन जो भी माता के तीसरे रूप मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना करता है, उन सभी को माता की कृपा प्राप्त होती है। नवरात्रि के तीसरे दिन माता की पूजा के लिए सबसे पहले कलश की पूजा करके सभी देवी देवताओं और माता के परिवार के देवता, गणेश, लक्ष्मी, विजया, कार्तिकेय, देवी सरस्वती एवं जया नामक योगिनी की पूजा करें। इसके बाद फिर मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना करें।

### इन मंत्रों का करें जाप

या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।
पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।



### खीर का लगाएं भोग

नवरात्रि के तीसरे दिन माता की पूजा करते समय माता को दूध या दूध से बनी मिठाई और खीर का भोग लगाया जाता है। मां को भोग लगाने के बाद दूध का दान भी किया जा सकता है और ब्राह्मण को भोजन करवा कर दक्षिणा दान में दें। माता चंद्रघंटा को शहद का भोग भी लगाया जाता है।

# गर्मियों के मौसम में जरूर खरीद लें ये 3 तरह के पाउडर



**गर्मियों के मौसम में स्किन से जुड़ी कई समस्याएं होने लगती हैं, इसलिए समय रहते स्किन की देखभाल करना बेहद जरूरी है। स्किन केयर के लिए बहुत से लोग अलग-अलग तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं, लेकिन गर्मियों में केमिकल वाली चीजों के कारण परेशानी बढ़ सकती है। ऐसे में नैचुरल चीजों का इस्तेमाल करना शुरू करना चाहिए। गर्मियों में बार-बार पसीना आने की वह से रैशेज की समस्या होने लगती है। वहीं तेज धूप की वजह से स्किन डैमेज होने लगती है। इसलिए नैचुरल चीजों का इस्तेमाल करना सबसे अच्छा है। यहां हम 3 ऐसे पाउडर के बारे में बता रहे हैं जो आपको गर्मियां शुरू होने से पहले जरूर खरीद लेने चाहिए।**





### चंदन पाउडर

स्किन के लिए चंदन पाउडर काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जिससे यह स्किन की जलन और इरिटेशन को शांत करने में मदद करता है। गर्मियों के स्किन केयर में इसे आसानी से शामिल किया जा सकता है। इस पाउडर का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता है। ये रंगत सुधारने के साथ ही टैनिंग खत्म करने में मदद करता है। अच्छी बात ये है कि ये पाउडर सभी स्किन टाइप वाले लोग इस्तेमाल कर सकते हैं।



### मुल्तानी मिट्टी पाउडर


गर्मी के मौसम में मुल्तानी मिट्टी काफी ज्यादा फायदेमंद मानी जाती है। खासकर उन लोगों के लिए जिनकी स्किन ऑयली होती है। इससे बने मास्क को लगाने से स्किन टाइट और यंग नजर आती है। ऑयली स्किन वालों को गर्मी के मौसम में पिंपल्स की समस्या होने लगती है, ऐसे में मुल्तानी मिट्टी स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल हटाकर स्किन की रंगत निखारती है। गर्मियों में इसका इस्तेमाल स्किन के साथ बालों पर भी किया जाता है।

### गुलाब की पंखुड़ियों का पाउडर

गुलाब की पंखुड़ियों के पाउडर को कई फेस पैक में मिलाया जा सकता है। यह स्किन को चमकदार बनाने के साथ ही दाग-धब्बों को हल्का करने में मदद करता है। गुलाब की पंखुड़ियों के पाउडर में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी, और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। ऐसे में ये स्किन को टोन करके झुर्रियों को होने से रोकते हैं।

# जबरदस्त फिटनेस पाने के लिए ऐसे सेट करें अपनी बॉडी क्लॉक

**फिटनेस का समय से बड़ा कनेक्शन है। आप क्या और कब खाते हैं ये दोनों चीजें महत्वपूर्ण हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो सुबह जल्दी उठने की आदत बनाएं। आपको सूर्योदय के समय उठ जाना चाहिए। उठने के 2 घंटे बाद नाश्ता कर लेना चाहिए।**



नाश्ते के बाद आपको भूख लगे तो सलाद खा सकते हैं। दोपहर में 1 से 2 बजे के बीच अपने खाने का समय फिक्स कर लें। आपके अपनी बायोलॉजिकल क्लॉक के हिसाब से ही भूख लगती है। इसलिए कोशिश करें रोजाना एक समय पर ही खाएं। शाम को 5 बजे आप कोई हेल्दी स्नैक्स ले सकते हैं। अगर भूख न लगे तो स्नैक्स कोई जरूरी नहीं है। आपको रात का खाना समय पर खा लेना चाहिए। रात का भोजन 6 बजे से 8 बजे के बीच कर लेना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए भरपूर और गहरी नींद जरूरी है। इसलिए समय पर सो जाना चाहिए। आपको रात में 10 बजे तक सो जाना चाहिए। इस तरह आप अपने पूरे दिन की क्लॉक को फिक्स कर सकते हैं। 10 बजे सोकर आप सुबह 6 बजे उठ सकते हैं। दरअसल हर इंसान की एक नैचुरल बॉडी क्लॉक होती है जिसका नेचर के साथ तालमेल बैठना जरूरी है। जब ये तालमेल गड़बड़ होता तो शरीर में डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और कई दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



# इंटेलीजेंट बच्चा चाहिए तो प्रेग्नेंसी में करें ये काम

*लगभग हर महिला के लिए मां बनना दुनिया का सबसे खूबसूरत तोहफा होता है और प्रेग्नेंसी के नौ महीने जीवन के सबसे अनमोल पल। जब कोई महिला प्रेग्नेंट होती है, उसके बाद से ही उसमें मातृत्व की भावना जग जाती है। उसी पल से वो अपने आने वाले बच्चे के हित के बारे में सोचना शुरू कर देती है। हर मां की चाहत होती है कि उसका बच्चा स्वस्थ, सुंदर और इंटेलीजेंट यानी बुद्धिमान हो। इसमें कई चीजें काफी हद तक जेनेटिक्स पर निर्भर करती हैं लेकिन फिर भी यदि प्रेग्नेंसी में कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो होने वाली संतान हेल्दी ही नहीं बल्कि और ज्यादा इंटेलीजेंट भी हो सकती है। यहां हम आपके साथ कुछ ऐसी ही छोटी-छोटी टिप्स साझा कर रहे हैं, जिन्हें आप ध्यान में रख सकती हैं।*

### संतुलित आहार का करें सेवन

होने वाला बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहे, इसके लिए प्रेगनेंसी के दौरान संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है। प्रेग्नेंट लेडीज को अपने खान-पान का बहुत ध्यान रखना चाहिए। खानपान में ऐसी चीजों को शामिल करना चाहिए जिससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन, प्रोटीन और मिनिरल्स मिल सके। प्रेगनेंसी के दौरान जंक फूड खाने के बजाए हरी सब्जियां, फल, ड्राई फ्रूट्स और डेयरी प्रोडक्ट्स भरपूर मात्रा में खाने चाहिए। गर्भ के अंदर पल रहे बच्चे को जब भरपूर पोषण मिलता है, तो बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ पैदा होता है।

### करें योग और मेडिटेशन

प्रेगनेंसी के दौरान डॉक्टर से सलाह लेकर हल्का-फुल्का योग और मेडिटेशन अपने डेली रूटीन में जरूर शामिल करें। योग और मेडिटेशन करने से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है, साथ ही मानसिक शांति भी मिलती है। और प्रेग्नेंसी के दौरान इस मानसिक सुकून की बहुत ज्यादा जरूरत होती भी है। इससे बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर भी पॉजिटिव असर देखने को मिलता है।



### अपने बच्चे से करें बात

आपने महाभारत की कथा तो जरूर सुनी होगी जिसमें गर्भ के अंदर पल रहे अभिमन्यु ने अपने माता-पिता की बातें सुनकर युद्ध की कला सीखी थी। ये बात काफी हद तक सही भी है कि गर्भ के अंदर पल रहा बच्चा आपकी बातें सुनता और समझता है। साइंस ने भी इस बात को स्वीकार किया है। इसलिए बच्चे के मानसिक विकास के लिए, मां को अपने गर्भ में पल रहे बच्चे से बातें करनी चाहिए। इससे दोनों के बीच का इमोशनल कनेक्ट भी काफी मजबूत होता है।

### सॉफ्ट म्यूजिक सुनें

लाइट म्यूजिक एंजायटी को दूर कर के दिमाग को रिलैक्स करने में बेहतरीन काम करता है। कहा जाता है कि गर्भावस्था के दौरान यदि कोई महिला लाइट म्यूजिक सुनती है, तो इससे गर्भ में पल रहे बच्चे की बुद्धि पर रचनात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए बच्चे के मानसिक विकास के लिए प्रेगनेंसी के दौरान हल्का संगीत सुनना अच्छा माना जाता है।

# समय के साथ-साथ हमारे फैशन में भी बड़ा बदलाव

**समय के साथ-साथ हमारे फैशन में भी बड़ा बदलाव आता है। जो चीज आज से कुछ साल पहले फैशनेबल थी आज हो सकता है वो एकदम आउट डेटेड हो गई हो और कोई इन्हें पहनना भी पसंद ना करता हो। जाहिर है कि अपनी पर्सनेलिटी को और भी ज्यादा अट्रैक्टिव और चार्मिंग बनाने के लिए फैशन सेंस और ग्रूमिंग का ध्यान रखना जरूरी है। इसलिए समय के साथ-साथ अपने वॉर्डरोब में थोड़ा चेंज जरूर लाते रहना चाहिए। हालांकि कभी-कभार कुछ ऐसे फैशन ट्रेंड भी सेट हो जाते हैं, जो आपकी हेल्थ के लिए काफी नुकसानदायक हो सकते हैं। ऐसे में आंख मूंदकर कोई भी फैशन ट्रेंड फॉलो करने से बचें। आज हम आपको कुछ ऐसे ही क्लोदिंग पीसेज के बारे में बता रहे हैं, जो भले ही आपको फैशनेबल लगें लेकिन हेल्थ के लिहाज से इन्हें अवॉइड करना ही बेहतर है।**



### हद से ज्यादा टाइट जीन्स

टीनएजर्स के बीच टाइट जीन्स जिसे 'स्किनी जीन्स' भी कहा जाता है, एक मेजर फैशन ट्रेंड की तरह उभरा। अब ये देखने में भले ही आपको कितनी भी स्टाइलिश क्यों ना लगें लेकिन हेल्थ के लिए ये बिल्कुल भी ठीक नहीं। दरअसल स्किनी जीन्स आपके ब्लड फ्लो को इंपैक्ट कर सकती हैं और इसकी वजह से शरीर के निचले हिस्सों में खून का प्रवाह कम हो सकता है। इसके अलावा ये नसों पर भी अतिरिक्त दवाब डालती हैं, जिस वजह से पैरों में दर्द की समस्या बनी रह सकती है। कुछ मामलों में तो ये हद से ज्यादा टाइट जीन्स पुरुषों में इनफर्टिलिटी का कारण भी बन सकती हैं।

### ज्यादा ना करें शेपवियर का इस्तेमाल

आजकल महिलाओं के बीच शेप वियर पहनने का ट्रेंड काफी तेजी से बढ़ रहा है। यह एक तरह का अंडर गारमेंट होता है, जिसे पहनकर बॉडी की शेप काफी इंप्रूव हो जाती है और सारा एक्स्ट्रा फैट भी हाइड हो जाता है। अब कभी-कभार तो शेप वियर का इस्तेमाल करना ठीक है लेकिन अगर आप हद से ज्यादा इसे यूज कर रही हैं, तो ये सेहत के लिए बिल्कुल भी सही नहीं। दरअसल शेप वियर आपके पेट को अंदर की और पुश करता है, जिससे शरीर के अंदरूनी हिस्से भी अंदर की और धंसते हैं। इस वजह से खुलकर सांस लेने में दिक्कत होती है और शरीर को प्रॉपर ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। इसके चलते चक्कर आना, वॉमिटिंग जैसा फील होना और दिमाग में हल्कापन महसूस होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### सिक्विन वर्क वाले कपड़े

चमचमाती, ग्लैमरस सिक्विन वर्क वाली ड्रेसेज भला किसे पसंद नहीं आतीं। पार्टी में जान डालने के लिए ये परफेक्ट आउटफिट होती हैं। हालांकि हेल्थ के लिए सिक्विन वर्क वाले कपड़े पहनना अच्छा नहीं है। दरअसल सीक्विंस बनाने के लिए बिस्फेनॉल ए और थैलेट्स का इस्तेमाल होता है और ये दोनों मटेरियल ही हार्मोनल बैलेंस को बिगाड़ने के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा ये रिप्रोडक्टिव हेल्थ से जुड़ी परेशानियां भी पैदा कर सकते हैं। इसलिए इस तरह के कपड़े ज्यादा पहनने से बचें।

### टाइट फिट वाले कपड़े

अपनी सही फिटिंग के कपड़े पहनना सभी को पसंद होता है। खासतौर से अगर आप एकदम फिट हैं तो जाहिर है अपनी बॉडी शेप फ्लांट करना चाहेंगे। तभी तो आजकल टाइट शर्ट्स, बॉडीकॉन ड्रेस और टॉप्स का ट्रेंड बढ़ने भी है। हालांकि अगर आपके वॉर्डरोब में एकदम चुस्त और टाइट फिटिंग वाले कपड़े ही मौजूद हैं, तो इसे जरा चेंज करने की जरूरत है।

**आपने अक्सर नोटिस किया होगा कि दिन की शुरुआत अच्छी हो, तो बाकी का पूरा दिन भी अच्छा ही बीतता है। वही अगर सुबह कुछ नेगेटिव सा हो जाए तो उसका असर बाकी के दिन पर भी देखने को मिलता है। तभी तो घर के बड़े-बुजुर्ग अक्सर इस बात पर जोर डालते आए हैं कि सुबह की शुरुआत हमेशा बेहतर ढंग से की जानी चाहिए। अगर सुबह आप एक अच्छा हेल्दी मॉर्निंग रूटीन फॉलो करते हैं तो इसका असर बाकी के दिन पर भी पड़ता है और पूरा दिन बहुत अच्छा गुजरता है। सिर्फ फिजिकल हेल्थ के लिए ही नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ के लिए भी एक अच्छे मॉर्निंग रूटीन का होना बेहद जरूरी है। हालांकि कुछ लोग अपने दिन की शुरुआत ही कुछ टॉक्सिक हैबिट्स के जरिए कर देते हैं, जिसका असर उनके शरीर, दिमाग और यहां तक कि उनकी लाइफ पर भी पड़ने लगता है। आइए जानते हैं कुछ ऐसी ही नेगेटिव मॉर्निंग हैबिट्स के बारे में।**

# सुबह उठकर कहीं आप भी तो नहीं करते ये गलतियां..



### देर तक बिस्तर पर पड़े रहना

दिन की हेल्दी और पॉजिटिव शुरुआत के लिए सुबह जल्दी उठना बहुत जरूरी है। पहले के समय में लोग सूरज उगने से भी पहले उठ जय करते थे, लेकिन बदलते समय के साथ लोगों में ये आदत कहीं खो सी गई है। आज के समय में रात में देर तक जागना और सुबह देर तक बिस्तर पर पड़े रहना लोगों की एक कॉमन आदत हो गई है। लेकिन बता दें ये आदत आपके जीवन पर बहुत नेगेटिव असर डाल सकती है। कोशिश करें कि अपने रूटीन को सूरज के हिसाब से सेट करें। यानी सुबह जल्दी उठें और रात में जल्दी सोएं। ये आपकी फिजिकल, मेंटल हेल्थ और सफलता के लिए भी बहुत जरूरी है।

### सुबह उठते ही मोबाइल देखना

मोबाइल ने आज के समय में लोगों के जीवन पर इस कदर कब्जा कर लिया है कि कुछ लोगों की सुबह की शुरुआत ही मोबाइल स्क्रीन देखकर होती है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं तो अपनी इस आदत को तुरंत बदल दें। दरअसल सुबह उठते ही मोबाइल देखने से आंखों पर इसका बहुत बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा मोबाइल में बिजी हो जाने से बाकी के काम पीछे रह जाते हैं और बाद में हड़बड़ी में सारा काम निपटाना पड़ता है। इसका असर अपनी मेंटल हेल्थ पर भी होता है इसलिए बेहतर है कि सुबह उठते ही फोन से दूर रहें।

### नेगेटिव थॉट के साथ दिन की शुरुआत

वो कहते हैं ना दिन की शुरुआत जैसी होगी पूरा दिन वैसा ही व्यतीत होगा। इसलिए सुबह की शुरुआत हमेशा पॉजिटिव एनर्जी के साथ करनी चाहिए। अब कुछ लोगों की आदत होती है कि वो सुबह उठते ही नेगेटिव सोचने लगते हैं या नेगेटिव बातें करने लगते हैं, जिसकी वजह से दिन भर उनका मूड डिस्टर्ब रहता है। अगर आपकी भी कुछ यही आदत है तो इस आदत को बदल डालें। सुबह आंख खुलने के बाद सबसे पहले ईश्वर को एक नए दिन के लिए धन्यवाद करें और फिर पॉजिटिविटी के साथ अपने दिन की शुरुआत करें।





### घर में जीत से आगाज पर लखनऊ सुपरजायंट्स की नजर

# पंजाब किंग्स से मिलेगी कड़ी चुनौती



**लखनऊ।** पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से प्रभावी जीत दर्ज करने वाली लखनऊ सुपरजायंट्स टीम अपने घर में जीत के साथ आगाज करने उतरेगी। यहां टीम का सामना पंजाब किंग्स से होगा, जो पहले मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 11 रन से हराने के बाद बुलंद हौसले के साथ चुनौती देगी। बीते दिनों इकाना स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगे रनों के अंबार को आधार माना जाए तो आईपीएल मुकाबले में भी बल्लेबाजों का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि पूर्व अनुभवों को देखते हुए गेंदबाजों की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता है। निकोलस पूरन, मिचेल मार्श और डेविड मिलर जैसे धाकड़ बल्लेबाजी लाइनअप से सजी लखनऊ की बल्लेबाजी कागजों में बेहद मजबूत दिख रही है। टीम के नए कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला पिछले दो मैचों में खामोश रहा। ऐसे में पंजाब के खिलाफ उनसे टीम प्रबंधन को बड़ी पारी की उम्मीद होगी। चोटिल गेंदबाज मोहसिन खान की जगह आखिर में शामिल किए गए शार्दुल ठाकुर ने पहले दो मैचों में छह विकेट अपनी झोली में डालकर चयन को सार्थक किया है।

**लखनऊ सुपरजाइंट्स** | समय : मैच शाम 7 :30 बजे होगा | **पंजाब किंग्स**

**लखनऊ सुपरजाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड मिलर, एडेन मारक्रम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीटज्के, निकोलस पूरन, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हांगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, आवेश खान, आकाश दीप, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, मोहसिन खान, शारदुल ठाकुर और रवि बिश्नोई।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को यानसेन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैशाख और यश ठाकुर।

### मोहम्मद रिजवान ने बताया

## बुमराह दुनिया का सबसे खतरनाक गेंदबाज



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान वनडे टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान से जब उस तेज गेंदबाज का नाम पुछा जिन्होंने उन्हें 22 गज की पिच पर मुश्किल में डाला है, तो उन्होंने और किसी का नहीं बल्कि दुनिया के नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम लिया। वहीं इसी सवाल का जवाब देते हुए उनके साथी फखर जमन ने जोफ्रा आर्चर का नाम लिया। बता दें, भारत और पाकिस्तान की आखिरी भिड़ंत हाल ही में हुई चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी, जिसे टीम इंडिया ने 12 साल बाद अपने नाम किया। मोहम्मद रिजवान और फखर जमन के साथ नसीम शाह ने हाल ही में एक शो में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने ऐसे कई रोचक सवालों के जवाब दिए, इस दौरान उन्होंने एंकर की भूमिका निभा रहे पूर्व गेंदबाज वहाब रियाज के साथ खुलकर बात की। वाहब रियाज ने इस दौरान उनसे पूछा कि उन्हें अब तक का सबसे 'मुश्किल खिलाड़ी' कौन सा लगा है। तो रिजवान ने सबसे पहले जवाब देते हुए ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का नाम लिया, एक ऐसा गेंदबाज जिसने उन्हें पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने के बाद परेशान किया था। लेकिन पिछले कुछ सालों में रिजवान के लिए हेजलवुड की जगह भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ले ली है।



### आज का मैच

TATA IPL

लखनऊ Vs पंजाब — शाम 7.30 बजे

## शम्मी सिल्वा को लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट का अध्यक्ष चुना गया

### जय शाह के माने जाते हैं करीबी



**नई दिल्ली।** शम्मी सिल्वा को फिर से श्रीलंका क्रिकेट का अध्यक्ष चुन लिया गया है। वह लगातार चौथी बार इस पद के लिए चुने गए हैं। सोमवार को 64वीं वार्षिक आम सभा में सिल्वा को 2025-27 के कार्यकाल के लिए एसएलपी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। यह अध्यक्ष के रूप में उनका लगातार चौथा कार्यकाल है और तीसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया है। सिल्वा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वर्तमान प्रमुख भारत के जय शाह के सहयोगी के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में शाह की जगह ली थी। सिल्वा का कार्यकाल 2023 में तत्कालीन खेल मंत्री रोशन राणासिंघे के साथ उनके टकराव से प्रभावित रहा था। विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ श्रीलंका की बड़ी हार के बाद मंत्री ने एक अंतरिम समिति की नियुक्ति की थी जिसके कारण श्रीलंका को आईसीसी से निलंबित कर दिया गया था। आईसीसी के निलंबन के बाद पिछले साल जनवरी में श्रीलंका में होने वाला अंडर-19 पुरुष विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया। बाद में खेल मंत्री को बर्खास्त कर दिया गया और अदालत ने सिल्वा की अगुआई में एसएलसी प्रशासन को बहाल कर दिया।

'शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी'

## नीतीश राणा के आक्रामक अंदाज के मुरीद हुए केन विलियमसन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नीतीश राणा की तारीफ में खूब कसीदे पढ़े हैं। उन्होंने राणा की 36 गेंद में 81 रन की पारी को 'शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी' कहा और चेन्नई सुपरकिंग्स पर 6 रन की जीत का श्रेय राजस्थान रॉयल्स की फील्डिंगो भी दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नीतीश ने आक्रामक पारी खेली जिससे रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाए और फिर सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोककर सत्र की पहली जीत दर्ज की। वानिंदु हसरंगा के चार विकेट और कार्यवाहक कप्तान रियान पराग का शिवम दुबे का एक हाथ से शानदार कैच लपकने सहित टीम के बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने जीत में अहम भूमिका निभाई। सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के लिए खेल चुके विलियमसन ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा, 'नीतीश स्पिन के खिलाफ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं लेकिन उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत तेज गेंदबाजी के खिलाफ की, गति का अच्छा इस्तेमाल किया।'उन्होंने कहा, 'शायद बाएं हाथ, दाएं हाथ के संयोजन के कारण वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह शीर्ष स्तर की एक बेहतरीन पारी थी।' विलियमसन ने कहा, 'राजस्थान रॉयल्स के पास कई अन्य प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं, लेकिन आज नीतीश मैच विजेता थे। इस तरह के मैच में जहां ऐसी विकेट पर गलती की गुंजाइश काफी कम थी वहां मेरा मानना है कि राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्र रक्षण ने उन्हें जीत दिलाई।' सुपरकिंग्स को जब 12 गेंद पर 39 रन चाहिए थे तब महेंद्र सिंह धोनी (16) ने शॉर्ट थर्ड मैन पर एक चौका और तुषार देशपांडे की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर लंबा छक्का लगाया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। धोनी की जबरदस्त फैन फॉलोविंग पर बात करते हुए विलियमसन ने कहा, 'सुपरकिंग्स विरोधी के मैदान पर खेल रहे थे, फिर भी अधिकतर दर्शक पीले रंग की पोशाक में थे, यह अविश्वसनीय था।





## हसरंगा ने CSK के खिलाफ बनाया विशेष रिकॉर्ड

### हरभजन–ब्रैड हॉग पहले से लिस्ट में शामिल

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स के लेग ब्रेक स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 4 विकेट लेकर एक विशेष क्लब में प्रवेश किया और गुवाहाटी की सतह पर 183 रनों का पीछा करने की चेन्नई की कोशिश की कमर तोड़ दी। उन्होंने राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, शिवम दुबे और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को आउट करके CSK के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने चार ओवरों की अपनी पूरी गेंदबाजी कोटा समाप्त करते हुए 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए और इस लुभावनी लीग में चेन्नई के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले तीसरे स्पिनर बन गए। पूर्व गेंदबाज हरभजन सिंह ने 2011 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच बार की चैंपियन के खिलाफ 18 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे। ब्रैड हॉग इस क्लब में प्रवेश करने वाले दूसरे खिलाड़ी थे जिन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए थे। इसके अलावा रॉयल्स के लिए एस20 लॉकंस के लिए स्पिन करते हुए उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 4 से अधिक विकेट चटकाए थे। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज सोहेल तनवीर ने पहले संस्करण में जयपुर में 14 रन देकर 6 विकेट चटकाए थे। हसरंगा जहां अपनी व्यक्तिगत और राजस्थान की सफलता का आनंद ले रहे थे, वहीं CSK को वास्तविकता का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक मानी जाने वाली चेन्नई ने आईपीएल 2021 के बाद से उन 9 मैचों में से प्रत्येक में हार का सामना किया है जिसमें उन्हें 175 से अधिक के लक्ष्य का पीछा किया। उन्होंने इनमें से सात मुकाबलों में टॉस जीता, जिसमें गुवाहाटी में राजस्थान के खिलाफ उनकी हार भी शामिल है।

### पाकिस्तान को लगा झटका

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच से बाहर हुए उस्मान खान




**हेमिल्टन।** पाकिस्तान के बल्लेबाज उस्मान खान चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये है। पाकिस्तान क्रिकेट बोडर् (पीसीबी) की ओर से जारी बयान के अनुसार सलामी बल्लेबाज उस्मान खान नेपियर के मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए चोटिल हो गए थे। एमआरआई स्कैन में हल्की चोट की पुष्टि हुई है जिसके कारण वह दो अप्रैल को हैमिल्टन के सेडन पाकर् में होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। उस्मान पहले एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्हें टी-20 सीरीज के बाद पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने पहले एकदिवसीय पदार्पण मैच में 33 गेंदों पर 39 रन बनाये थे। हेमिल्टन में बुधवार को दूसरा एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। पहले मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा था जिस कारण पाकिस्तान को सीरीज में बने रहने के लिए दूसरा वनडे जीतना जरूरी है।

## 19 साल के मेन्सिक ने जीता मियामी ओपन का खिताब

### कोनर्स–फेडरर के क्लब में जगह बनाने से चूके जोकोविच

**मियामी।** चेक रिपब्लिक के उभरते सितारे जाकुब मेन्सिक ने सर्बिया के महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराकर मियामी ओपन का खिताब जीत लिया है। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले पुरुष एकल के फाइनल में मेन्सिक ने 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की। वहीं, महिला एकल के फाइनल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने जेसिका पेगुला को हरा दिया और अपना 19वां टूर खिताब जीता। 19 साल के मेन्सिक और विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज मेन्सिक ने जोकोविच को हराकर उन्हें 100वें पेशेवर खिताब से दूर कर दिया। 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने इस मैच में अहम मौकों पर कई गलतियां कीं। वहीं, मेन्सिक ने 14 एस के साथ जोकोविच पर ताबड़तोड़ हमले किए। 37 साल के जोकोविच अगर यह फाइनल जीतते तो वह जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के क्लब में शामिल हो जाते, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कोनर्स ने अपने करियर में 109 पेशेवर खिताब और फेडरर ने 103 पेशेवर खिताब जीते थे। यह दोनों ओपन एरा में 100 या इससे ज्यादा करियर टाइटल्स जीतने वाले खिलाड़ी हैं। दोनों फाइनलिस्ट के बीच 18 साल 102 दिन का अंतर था, जो कि 1976 के बाद किसी भी एटीपी-1000 स्तर के फाइनल या किसी भी टूर स्तर के फाइनल में सबसे बड़ा उम्र का अंतर था। इससे पहले यह रिकॉर्ड आंद्रे अगासी और राफेल नडाल के बीच मॉन्ट्रियल मास्टर्स 2005 के फाइनल मुकाबले के नाम था। तब अगासी 35 साल और नडाल 19 साल के थे और फाइनल में दोनों के बीच उम्र का अंतर 16 साल 35 दिन का था। मैच में बारिश ने खलल डाला। साढ़े पांच घंटे की देरी से मैच शुरू हुआ।



## संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स कैंप छोड़ा ?



**नई दिल्ली।** संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स कैंप को छोड़कर बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का दौरा किया है, ताकि इंग्लैंड के खिलाफ टी20आई के दौरान लगी ऊंगली की चोट के कारण विकेटकीपिंग के लिए मंजूरी ली जा सके। इस चोट ने आईपीएल 2025 के पहले तीन मैचों के लिए उनकी भूमिका को सीमित कर दिया है, इस दौरान रियान पराग ने कप्तानी संभाली। राजस्थान रॉयल्स के आधिकारिक बयानों से पता चल रहा है कि सैमसन पूरी तरह से फिट होने के बाद कप्तानी पारी शुरू करना चाहते हैं। उनका शिविर से बाहर जाने का कारण चोट है, वह टीम से बाहर नहीं हुए हैं। राजस्थान रॉयल्स ने अपना पहला मैच 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ (44 रनों से हार) और दूसरा 26 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ (8 विकेट से हार) खेला था। उनका तीसरा मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 30 मार्च को गुवाहाटी में खेला गया जिसमें उन्हें सीजन की पहली जीत 6 रन से मिली। अब आगामी मैचों से पहले सैमसन के कैंप छोड़ने पर बातें तो उठी लेकिन याद रखना चाहिए कि राजस्थान ने सैमसन को आईपीएल 2025 के लिए 18 करोड़ रुपए में बनाए रखा था।

## रियान पराग ने आचार संहिता का उल्लंघन किया, लगा भारी जुर्माना



**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने सोमवार को एक बयान जारी कर पुष्टि की कि रॉयल्स के कप्तान ने आचार संहिता का उल्लंघन किया और इसके परिणामस्वरूप उन्हें जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर 30 मार्च 2025 को एसीए स्टेडियम, गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच 11 के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।' मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या के बाद रियान कैश-रिच लीग के चल रहे संस्करण में जुर्माना लगाने वाले दूसरे कप्तान बन गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ MI के धीमे ओवर-रेट के लिए पांड्या को भी इसी तरह का जुर्माना देना पड़ा। रोमांचक मुकाबले की शुरुआत CSK द्वारा टॉस जीतकर मेजबान टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाने से हुई। यशस्वी जायसवाल सबसे पहले आउट हुए, लेकिन रॉयल्स ने संजू सैमसन (16 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन) और नितीश राणा (33 गेंदों में छह चौकों और छह चौकों की मदद से 81 रन) के बीच 82 रनों की साझेदारी से वापसी की। बाद में कप्तान रियान पराग (28 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 37 रन) ने एक छोर संभाले रखा, लेकिन साझेदारों की कमी खलती रही।



## एमएस धोनी में अब नहीं रह गई पहले जैसी ताकत

### स्टीफन फ्लेमिंग का बड़ा खुलासा



**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया कि महेंद्र सिंह धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते क्योंकि उनके घुटने में समस्या है और इसी वजह से वह मैच की स्थिति के आधार पर अपना बल्लेबाजी क्रम तय करते हैं। पिछले हफ्ते चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मिली हार के दौरान माही नौवें नंबर पर बैटिंग करने आए थे जिसकी वजह से उनकी खूब आलोचना हुई थी। वहीं रविवार को राजस्थान रॉल्यस के खिलाफ धोनी ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की जब सीएसके को 25 गेंद पर 54 रन की जरूरत थी लेकिन वह 11 गेंद पर सिर्फ 16 रन ही बना सके और टीम को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करना पड़ा। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''यह समय की बात है। धोनी इसका आकलन करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं। वह ठीक से मूव कर रहे हैं लेकिन इसमें पोषण संबंधी पहलू भी है। वह पूरी ताकत के साथ 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इसलिए वह उस दिन आकलन करते हैं कि वह हमें क्या दे सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''अगर मैच आज की तरह संतुलन में है तो वह थोड़ा पहले जाएंगे और जब अवसर आएंगे तो वह अन्य खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे इसलिए वह संतुलन बना रहे हैं। मैंने पिछले साल कहा था कि वह हमारे लिए बहुत मूल्यवान हैं, (उनकी) नेतृत्वक्षमता और विकेटकीपिंग के साथ, उन्हें नौवें-10वें ओवर में उतारना उचित नहीं है।''फ्लेमिंग ने कहा, ''देखिए वह 13वें, 14वें ओवर के बाद से रन बनाने की कोशिश कर रहा है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन खेल रहा है।''रॉयल्स ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बनाए जबकि सुपरकिंग्स की टीम एक विकेट पर 42 रन ही बना सकी और फ्लेमिंग ने माना कि उन्होंने पावरप्ले में मैच गंवा दिया।

उन्होंने कहा, ''अगर आप खेल का विश्लेषण करें तो शायद यह दो पावरप्ले की वजह से हुआ। गेंद के साथ हमारे पावरप्ले में 80 रन बन गए और हम केवल 40 रन के आसपास ही बना पाए।



सिनेमा के भाईजान यानी सलमान खान की इन दिनों अपनी लेटेस्ट फिल्म सिकंदर की रिलीज लेकर लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। ईद के खास मौके को मद्देनजर रखते हुए सलमान की ये एक्शन थ्रिलर थिएटर्स और बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। इस फिल्म के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर भाईजान का क जा रहेगा। क्योंकि आने वाले समय में सलमान खान की 5 बड़ी फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। आइए इस लेख में उनकी अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट पर एक नजर डालते हैं।

# सिकंदर के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर रहेगा सलमान का कब्जा

## अपकमिंग फिल्म की लिस्ट में शामिल ये 5 बड़ी मूवीज

### किक 2 (Kick 2)

सिकंदर फिल्म के बाद सलमान खान निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करेंगे। दरअसल लंबे समय से उनकी मोस्ट अवेटेड मूवी किक 2 की चर्चा चल रही है। आने वाले समय में साल 2014 में आई ब्लॉकबस्टर किक के सीक्वल को जरिए सलमान फैंस को दिल जीतते हुए नजर आएंगे। हालांकि अभी किक 2 की रिलीज डेट के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### टाइगर वर्सेज पठान (Tiger vs Pathaan)

पठान की सफलता के समय यशराज बैनर्स की तरफ से सलमान खान और शाह रुख खान (Shah Rukh Khan) की एपिक सागा स्पाई थ्रिलर टाइगर वर्सेज पठान की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की गई थी। ऐसे में तब से ही इस मूवी को लेकर चर्चाओं का बाजार काफी गर्म हैं और सलमान की अपकमिंग मूवीज की लिस्ट में इस फिल्म का नाम भी शामिल है।

### दबंग 4 (Dabangg 4)

पुलिस इंस्पेक्टर चुलबुल पांडे की भूमिका में सलमान खान काफी जचते हैं। बीते समय में दबंग फ्रेंचाइजी के जरिए भाईजान बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा चुके हैं। दबंग के पार्ट 4 को लेकर भी सुर्खियां तेज हैं, किसी का भाई किसी की जान के प्रमोशन के दौरान सलमान ने कहा था कि वह और उनके छोटे भाई अरबाज खान इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं, जैसी ही कहानी फाइनल हो जाएगी, ये फिल्म ऑन द फ्लोर आ जाएगी।

### संजय दत्त संग फिल्म

बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त के साथ सलमान खान लंबे समय बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। ये दोनों एक एक्शन थ्रिलर मूवी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसका जिक्र हाल ही में द भूतनी मूवी के ट्रेलर लॉन्च के दौरान संजू बाबा ने भी किया था। हालांकि, अभी सलमान खान की इस अपकमिंग फिल्म के टाइटल रिवील नहीं हुआ है।

### सूरज बड़जात्या की फिल्म

सलमान खान ने मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी शानदार फिल्में निर्देशक सूरज बड़जात्या के साथ दी हैं। हाल ही में सिकंदर के प्रमोशन के दौरान उन्होंने इस बात की जानकारी दी थी की वह भविष्य में सूरज के साथ एक और फिल्म करते हुए नजर आएंगे।

# प्रियंका चोपड़ा ने भेजा ईद पर मोहब्बत का पैगाम

## सुष्मिता सेन से शूरा तक इन सेलेब्स ने भी दी बधाई



हर त्योहार पर बॉलीवुड में भी अलग रौनक देखने को मिलती है। सितारे सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को बधाइयां देते हैं। अब जब मौका ईद का है तो कई सितारों ने मुबारकबाद दी है। आज सोमवार 31 मार्च को ईद का त्योहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर फिल्मी हस्तियों ने भी पोस्ट शेयर कर मोहब्बत का पैगाम भेजा है और शुभचिंतकों की खुशहाली के लिए दुआ की है।

### देसी गर्ल ने भेजा प्यार का पैगाम

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने ईद की बधाई दी है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'जो लोग ईद मना रहे हैं, उन सभी को खूब बधाई। आप सभी के लिए मोहब्बत भेज रही हूं। आपका जीवन रौशन रहे'।



### सुष्मिता सेन ने लिखा, 'चांद मुबारक'

अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने भी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'चांद मुबारक'। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है, 'प्यार और दुआएं'।

### दीपिका ने लगवाई मेहंदी

चर्चित टेलिविजन अदाकारा दीपिका कक्कड़ ने भी ईद पर फैंस को बधाई दी हैं। उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे मेहंदी रचाती नजर आ रही हैं। इसके साथ लिखा है, 'सभी को हमारी तरफ से चांद मुबारक'।

### शूरा और सोनाक्षी ने दी बधाई

खान परिवार की बहूरानी शूरा ने भी ईद पर फैंस को बधाई दी हैं। अरबाज खान की पत्नी शूरा खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर किया है। उनके अलावा सोनाक्षी सिन्हा ने भी फैंस को ईद पर बधाई दी हैं।





# ईद पर सायरा बानो को याद आए दिलीप साहब

कोई त्योहार हो या कोई और खास मौका, सायरा बानो दिलीप कुमार को जरूर याद करती हैं। आज सोमवार को ईद का जश्न मनाया जा रहा है। इस मौके पर सायरा बानो ने भी फैंस को मुबारकबाद दी है। साथ ही उन्होंने पुरानी यादें ताजा की हैं। सायरा बानो ने बताया कि दिलीप कुमार के साथ उनके घर ईद का त्योहार कैसे मनाया जाता था। उन्होंने लिखा, 'बेशक बरसों बीत गए, लेकिन ऐसी खूबसूरत यादें फीकी नहीं पड़तीं'।

### बचपन में कुछ ऐसी होती थी ईद

सायरा बानो ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनके और दिलीप कुमार के इंटरव्यू के कुछ फुटेज हैं। इसके साथ सायरा बानो ने एक लंबा नोट लिखा है। उन्होंने लिखा है, 'जब मैं छोटी थी और रमजान का पाक महीना आता था, तो हमारा घर सिर्फ रोशनी की झिलमिलाहट से नहीं, बल्कि पूरी श्रद्धा से जगमगा उठता था। हवा में कुछ खास हुआ करता, एक सुकून जो रोजा रखने और प्रार्थनाओं से आता। फिर भी, दिलीप साहब से शादी के बाद ही ईद को अलग तरीके से देखना शुरू किया'।

### शादी के बाद बदले त्योहार के मायने

सायरा बानो ने आगे लिखा है, 'हमारा घर जो सिर्फ हमारा था, वह एक ऐसी जगह बन गया, जहां प्यार, सद्भावना और एक-दूसरे के साथ प्यार भरी बॉन्डिंग हुआ करती। सुबह होते ही घर को बड़े प्यार से भेजे गए फूलों से सजाया जाता। और जैसे ही सुबह की पहली किरण आसमान में फैलती, संगीतकारों का एक ग्रुप हमारे दरवाजे पर इकट्ठा होता, उनके ढोल और बिगुल की धुन पाली हिल में शायद ही कोई अनदेखा कर पाता'।

पॉपुलर कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने शो से लोगों को जमकर गुदगुदाते हैं. इसके साथ वह फिल्मों में भी नजर आते हैं. उनकी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' साल 2015 में रिलीज हुई थी और इसको बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला था. कपिल शर्मा अब फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' लेकर आ रहे हैं और इसका फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है. इस तरह से कॉमेडियन ने ईद के मौके पर अपने तमाम चाहने वाले फैंस को तोहफा दे दिया है. कपिल शर्मा की इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभी कोई ऐलान नहीं हुआ लेकिन फैंस इसके सिनेमाघरों में आने का बेसब्री से इंतजार करने लगे हैं.



# कपिल ने ईद पर फैंस को दिया तोहफा

## 'किस किसको प्यार करूं 2' का फर्स्ट लुक हुआ आउट

### कपिल शर्मा ने शेयर किया पोस्टर

कपिल शर्मा ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का पोस्टर शेयर कर अपना फर्स्ट लुक दिखाया है. इस पोस्टर में आप देख सकते हैं कि कपिल शर्मा के दूल्हे के गेटअप में नजर आ रहे हैं और काफी घबराए हुए लग रहे हैं. वहीं, उनके साथ दुल्हन भी दिखाई दे रही है लेकिन उसने घूंघट ले रखा है. कपिल शर्मा ने पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'ईद मुबारक.' बताते चलें कि फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' के सीक्वल फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का डायरेक्शन अनुकल्प गोस्वामी करने वाले हैं. वहीं, फिल्म को रतन जैन, गणेश जैन और अब्बास-मस्तान प्रोड्यूस करने वाले हैं.

### 2015 में आई थी 'किस किसको प्यार करूं'

गौरतलब है कि कपिल शर्मा की फिल्म फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. अब्बास-मस्तान के डायरेक्शन में बनने वाली इस फिल्म में कपिल शर्मा के साथ एली अवराम, मंजरी फडनवीस, सिमरन कौर मुंडी, वरुण शर्मा, सुप्रिया पाठक, अरबाज खान, शरत सक्सेना और मनोज जोशी कलाकार नजर आए थे. कपिल शर्मा की इस फिल्म को लोगों ने पसंद किया था.

# गंगटोक में फैंस के बीच फंसे कार्तिक आर्यन



अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भीड़ से गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। जानिए आखिर क्या हुआ ऐसा कि अभिनेता को फैंस ने घेरा।

### सड़क पर फैंस से घिरे कार्तिक आर्यन

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कार्तिक आर्यन सड़क पर फैंस के बीच घिरे नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में अभिनेता अपने प्रशंसकों से तस्वीरें खिंचाते दिख रहे हैं और ऑटोग्राफ भी देते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो गंगटोक का बताया जा रहा है। वहां मौजूद अभिनेता की गाड़ी को सुरक्षाकर्मियों ने घेर रखा है। कुछ देर फैंस से मिलने के बाद वह अपनी गाड़ी में चले जाते हैं।

### कार्तिक और श्रीलीला की तस्वीरों से बढ़ी हलचल

अनुराग बसु के निर्देशन में कार्तिक आर्यन और श्रीलीला अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभी हाल ही में उन्होंने सिलीगुड़ी में शूटिंग समाप्त की है, जिसकी एक तस्वीर दोनों ने अपने इंस्टग्राम पर शेयर की थी, जिसे फैंस द्वारा खूब पसंद किया गया था।

### फिल्म के बारे में

अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में श्रीलीला और कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में होंगे। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का टाइटल रिलीज नहीं किया गया है। 15 फरवरी को फिल्म का एक क्लिप आया था, जिसमें दोनों कलाकारों का रोमांटिक अंदाज दिखाया गया था। अब इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

# 'कब तक यूं ही खेलोगे...' आंखों में आंसू और चेहरे पर मायूसी

## अक्षरा सिंह के लेटेस्ट वीडियो ने फैंस को किया परेशान!



भोजपुरी सिनेमा की चहेती एक्ट्रेस अक्षरा सिंह न सिर्फ अपनी फिल्मों और गानों को लेकर बल्कि अक्सर अपने बेबाक बयानों के चलते भी सुर्खियों में बनीं रहती हैं. साथ ही वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और हमेशा अपने चाहने वालों के साथ कुछ न कुछ साझा करती रहती हैं. इसी बीच उनका एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है, जो फैंस का दिल छूने के साथ-साथ उन्हें परेशान भी कर रहा है कि आखिर एक्ट्रेस को हुआ क्या है?

### अक्षरा सिंह का इमोशनल वीडियो हुआ वायरल

अक्षरा सिंह ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो बेहद इमोशनल नजर आ रही हैं. उनकी आंखों में आंसू और चेहरे पर उदासी साफ झलक रही है, जिसे देखकर फैंस भी हैरान और परेशान हो गए हैं. वहीं वीडियो के बैकग्राउंड में 'कब तक यू ही खेलोगे' गाना चल रहा है, जो इस वीडियो को और भी भावुक बना रहा है.

### Akshara Singh के वीडियो को देख फील्स पर शुरू हुई चर्चा

ये वीडियो पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया. अक्षरा आमतौर पर अपनी एनर्जी और हंसते-मुस्कुराते अंदाज के लिए जानी जाती हैं, लेकिन इस बार उनका ये इमोशनल अवतार देखकर सबके मन में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो उनकी आंखों में आंसू ले आया. कुछ फैंस इसे उनकी जिंदगी का कोई पर्सनल मोमेंट मान रहे हैं, तो कुछ इसे किसी अपकमिंग प्रोजेक्ट का हिस्सा बता रहे हैं. अक्षरा सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं. उनके इस वीडियो ने न सिर्फ लोगों का ध्यान खींचा, बल्कि उनकी फीलिंग्स को लेकर भी चर्चा शुरू कर दी.



# शादी के बाद पहली ईद पर कुछ ऐसे दिखे सोनाक्षी-जहीर

## कपल ने खास अंदाज में मनाया जश्न

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल के लिए यह ईद बेहद खास है, क्योंकि शादी के बाद उन्होंने पहली बार इसे साथ में मनाया. इस दौरान दोनों एक साथ नजर जहां पैपराजी ने अपने कैमरे में इस खूबसूरत कपल की तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की.

ईद के मौके पर दोनों का लुक बेहद शानदार दिखा. जहीर इकबाल ने व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक पैंट पहनी. जबकि सोनाक्षी सिन्हा ब्लैक सूट में बेहद खूबसूरत नजर आईं. उनके लुक को नेकपीस ने और भी खास बना दिया. शादी के बाद से ही यह कपल चर्चा में बना हुआ है. ईद के इस खास दिन पर दोनों ने पैपराजी को प्यारे-प्यारे पोज दिए, जिससे उनकी खुशी साफ झलकती नजर आ रही है. सोनाक्षी और जहीर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा गई हैं. फैंस उनकी जोड़ी की तारीफ करते नहीं थक रहे. एक फैन ने लिखा, माशाल्लाह, कितने प्यारे लग रहे हैं, दोनों!

वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, ईद मुबारक, ब्यूटिफुल कपल.", तो वहीं अन्य यूजर ने लिखा, "हमेशा ऐसे ही खुश रहो.₹ तो एक ने लिखा, " कपल इतना प्यारा है कि मैं उन्हें साथ देखकर मुस्कुराने लगती हूं." वहीं इस मौके पर सोनाक्षी और जहीर ने अपने फैंस को ईद की बधाइयां दीं, जिससे उनका ये जश्न और भी खास बन गया. बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 23 जून 2024 को एक सिंपल लेकिन खूबसूरत सेरेमनी में शादी की थी. अब दोनों हर त्योहार को खास अंदाज में मनाते नजर आते हैं.